


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▸ वर्ष 21 ▸ अंक-279 ▸ मुंबई, बुधवार, 7 मई 2025 ▸ मुंबई ▸ पृष्ठ 12 ▸ मूल्य ₹4




प्रियंका चोपड़ा के साथ मेट गाला में हो गया झोल

पेज 11









# हवा में युद्धाभ्यास, जमीन पर पूर्वाभ्यास



नई दिल्ली। पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत ने दो दिन का नोटाम (Notice to Airmen) जारी किया है। भारतीय वायुसेना ने पश्चिमी सीमा के समीप बड़ी सैन्य गतिविधियों के मद्देनजर दो दिन के लिए नोटाम जारी किया है। यह चेतावनी 7 और 8 मई के लिए प्रभावी रहेगी। इसमें साफ किया गया है कि इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के सिविल या नॉन-ऑपरेशनल एयरक्राफ्ट को उड़ान भरने की अनुमति नहीं होगी। नोटाम के अनुसार 7 मई को शाम 3:30 बजे से लेकर 8 मई की सुबह 9:30 बजे तक यह प्रतिबंध प्रभावी रहेगा। माना जा रहा है कि इस अवधि में भारतीय सेना और वायुसेना की ओर से महत्वपूर्ण सैन्य अभ्यास किया जाएगा, जिसकी लोकेशन सीमा के बेहद करीब है। भारतीय वायुसेना 7 मई से भारत-पाकिस्तान सीमा पर रेगिस्तानी क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में अभ्यास करेगी। इसमें राफेल, मिराज 2000 और सुखोई-30 सहित सभी अत्याधुनिक लड़ाकू विमान भाग लेंगे।

## भारत का रौद्र रूप

# पाक थर्राया

**नई दिल्ली। भारत के रौद्र रूप और पाकिस्तान की हरकतों को देखते हुए जंग तय मानी जा रही है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत का खून खौल रहा है। वो पाकिस्तान के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। सिंधु जल समझौते को स्थगित किया जा चुका है। राजनयिक संबंधों में कटौती हो गई है। व्यापार और डाक सेवा को बंद कर दिया गया है। हालांकि इन सभी कार्रवाई को ट्रेलर के रूप में देख जा रहा है।**

### ख्वाजा आसिफ को सता रहा डर

- पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी कहा है कि भारत किसी भी समय कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर सैन्य हमला कर सकता है। ऐसे में नई दिल्ली को इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

### मॉक ड्रिल के चार दिन बाद जंग

- 1971 में भारत और पाकिस्तान जंग से पहले आखिरी बार इस तरह की मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ था। ड्रिल के चार दिन बाद ही दोनों देशों के बीच जंग छिड़ गई थी। तब नवंबर के आखिरी हफ्ते में मॉक ड्रिल किया गया था।

### हमला करेगा भारत : अब्दुल बासित

भारत की तैयारियों से साफ लग रहा है कि वो पाकिस्तान पर हमला करेगा। ये बात पाकिस्तान में बैठे लोग भी जान रहे हैं। हालिया बयान भारत में पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त अब्दुल बासित का आया है।



उन्होंने कहा कि रूस में विक्ट्री डे के बाद भारत संभवत 10-11 मई को पाकिस्तान पर हमला करेगा।

# आज गूंजेंगे युद्ध वाले सायरन

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ रहे तनाव के बीच गृह मंत्रालय ने राज्य सरकारों से बुधवार को युद्ध वाले सायरन बजाकर मॉक-ड्रिल करने का निर्देश दिया है। देश के 244 जिलों के 259 जगहों पर इन सायरन को बजाने का फैसला लिया गया है। यह मॉक-ड्रिल नागरिकों को युद्ध के समय बजने वाले सायरन को पहचानने के लिए किया जाएगा। इस दौरान कुछ देर तक युद्ध वाला सायरन बजता रहेगा। हालांकि नागरिकों को इससे घबराने की जरूरत नहीं है। मॉक ड्रिल का आयोजन 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित प्रदेशों में किया जाएगा। युद्ध के सायरन दो से पांच किलोमीटर दूर तक सुनाई देते हैं। यह आम अलार्म या फिर एंबुलेंस के सायरन जैसा नहीं होगा। यह तेज आवाज वाला वार्निंग सिस्टम होगा, जो 120 से लेकर 140 डेसिबल तक की आवाज करेगा।



- 244 जिलों में मॉक-ड्रिल की तैयारी
- नागरिकों को घबराने की जरूरत नहीं
- पांच किमी तक सुनाई देता सायरन



## सुरक्षा परिषद की बैठक में पाक को लताड़

# पाक के बयान तनाव बढ़ाने वाले : यूएनएससी

- संयम बरतें और भारत से संवाद करे पाक
- यूएनएससी ने पाक से पूछे कई कड़े

जिनेवा। पहलगाम आतंकी हमले और 26 लोगों की बेरहमी से हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। दोनों देशों की सेनाएं पूरी अलर्ट मोड पर हैं। जिस कारण क्षेत्र में बड़े युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। ऐसे समय में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भारत-पाक के बीच तनाव पर बंद कमरे में चर्चा की है। जानकारी के मुताबिक इस बैठक में पाकिस्तान को पहलगाम आतंकी हमले के मुद्दे पर काफी लताड़ लगाई गई है।



### पहलगाम हमले की निंदा

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की पांच-छह मई को हुई गैर-आधिकारिक बैठक में पाकिस्तान से कई कड़े सवाल पूछे गए। सदस्यों ने पाकिस्तान के 'झूठे आरोपों' को खारिज करते हुए पूछा कि क्या लश्कर-ए-तैयबा हमले में शामिल था। बैठक में पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की गई और जवाबदेही की जरूरत पर जोर दिया गया।

### पाक की कोशिश नाकाम

पाकिस्तान की स्थिति को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठाने की कोशिश नाकाम रही है। परिषद ने पाकिस्तान को भारत के साथ द्विपक्षीय बातचीत के जरिए मुद्दे सुलझाने की सलाह दी है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कई देशों ने पाकिस्तान के मिसाइल परीक्षणों और परमाणु बयानबाजी को तनाव बढ़ाने वाला बताया है।

### संरा का कोई बयान नहीं

सुरक्षा परिषद की बैठक में विभिन्न देशों के राजदूतों ने भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने और संवाद करने की अपील की है। बता दें कि पाकिस्तान के अनुरोध पर सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया था। मई महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष यूनान (ग्रीस) है। हालांकि इस बैठक के बाद कोई भी आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## पाकिस्तान में उठ रहे बागावत सुर

# बलूच-खैबर पख्तूनख्वा भारत के साथ

इस्लामाबाद। भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान में बगावत के सुर दिखने लगे हैं। अब ये आवाजें बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा से उठ रहीं हैं। पहले बलूच और अब खैबर पख्तूनख्वा से जंग में भारत के साथ देने की खबर सामने आई है। खैबर पख्तूनख्वा की एक मस्जिद के मौलाना मोहम्मद रंगीला ने पाकिस्तानी सरकार और सेना पर जमकर भड़ास निकाली है। उन्होंने मस्जिद के मेंबर से कहा कि जंग हुई तो भारत का देंगे साथ। उनके इस गुस्से के पीछे इस प्रांत में पाकिस्तान सेना के अत्याचारों को बताया जा रहा है। खैबर पख्तूनख्वा इलाके में तहरीक-ए-तालिबान का डंका बजता है। जो पाकिस्तान सेना पर आए दिन हमले करता रहता है। इससे पहले बलूचिस्तान से भी ऐलान किया गया था कि वह जंग में भारत का साथ देंगे। इन बयानों ने पाकिस्तान में हड़कंप मचा दिया है और पाकिस्तान की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

# राजस्थान ▸▸ तीन चरणों में होगी मॉक ड्रिल

जयपुर। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपना रहा है और तमाम बंदिशें भी लगाई गईं हैं। इस बीच गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने यहां मॉक ड्रिल करवाएं। ऐसे में राजस्थान में इन जगहों पर मॉक ड्रिल किया जाएगा।

**पहला चरण**

कोटा, रावतभाटा

**दूसरा चरण**

अजमेर, अलवर, बाड़मेर, भरतपुर, बीकानेर, बूंदी, गंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर, जैसलमेर, जोधपुर, उदयपुर, सीकर, नाल, सूरतगढ़, आबू रोड, नसीराबाद (अजमेर), भिवरी, गंगटोक

**तीसरा चरण**


फुलेरा (जयपुर), नागौर (मेड़ता रोड), जालोर, बेवर (अजमेर), लालगढ़ (गंगानगर), सवाई माधोपुर, पाली और भीलवाड़ा

### मॉक-ड्रिल में क्या-क्या

- हवाई हमले की चेतावनी देने का सायरन बजाया जाएगा।
- मॉक ड्रिल के वक्त ब्लैकआउट यानी बत्तियां बुझाकर अंधेरा किया जाएगा।
- आम नागरिकों को हमले के वक्त बचाव से जुड़ी ट्रेनिंग दी जाएगी।
- अहम और संवेदनशील प्रतिष्ठानों को दुश्मन की नजर से बचाना।
- जोखिम वाली जगहों को खाली कराना और उन्हें सुरक्षित स्थानों तक ले जाने का अभ्यास करना।
- छात्रों और सिविल डिफेंस को ट्रेनिंग दी जाएगी। आपात स्थिति में सुरक्षा की तैयारी परखी जाएगी।
- कंट्रोल रूम के संचार उपकरणों को जांचा जाएगा, महत्वपूर्ण सुरक्षा ढांचों को छिपाया जाएगा।

### पहली मॉक ड्रिल 1971 में

54 साल बाद एक बार फिर से केन्द्र सरकार ने इस तरह का आदेश जारी किया है। 1971 में भारत-पाक के बीच व्यापक मॉक ड्रिल तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में हुई थी। तब नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मॉक ड्रिल की गई थी। हवाई हमले के सायरन के प्रति जनता की प्रतिक्रिया, ब्लैकआउट के दौरान की जाने वाली कार्रवाई और आवश्यक आपूर्ति की तैयारियों पर भी बात की गई।



## न्यूज BRIEF

### सबरीमाला मंदिर जाएंगी द्रौपदी मुर्मू

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मई को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगवान अयप्पा के दर्शन करेंगीं। देश के इतिहास में वह पहली राष्ट्रपति होंगी, जो सबरीमाला मंदिर जाएंगीं। मंदिर प्रबंधन संस्था त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने राष्ट्रपति की यात्रा की पुष्टि की है। साथ ही इसे देश के इतिहास में गर्व का पल करार दिया।

### इंडोनेशिया में बस पलटी, 12 मरे

पडांग। इंडोनेशिया के पश्चिम सुमात्रा प्रांत में मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। हादसा उस वक्त हुआ, जब 34 यात्रियों को लेकर जा रही बस पहाड़ी से नीचे पलट गई। बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से कम से कम 12 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने इस हादसे के बारे में जानकारी दी है।

### गुजरात : नदी में डूबे चार युवक

अमरेली। गुजरात के अमरेली जिले में शेत्रुंजी नदी में नहाते समय चार युवक डूब गए। घटना गावडका गांव के पास उस समय हुई, जब सोमवार शाम को ये लोग नदी में उतरे थे। जिला अग्निशमन विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और देर रात शवों को बाहर निकालने में सफल रहे। मृतकों की पहचान नरेंद्र वाला (18), कौशिक राठौड़ (21), भार्गव राठौड़ (20) और कमलेश दफड़ा (27) के रूप में हुई है।

## हरियाणा सरकार का फैसला

# शहीद अग्निवीरों को एक करोड़ का मुआवजा

चंडीगढ़। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत की सुरक्षा में लगे अग्निवीरों के लिए बड़े ऐलान किए हैं। हरियाणा सरकार अब शहीद अग्निवीरों के परिजनों को एक करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि देगी। सीएम नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये फैसला किया गया और इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। हरियाणा सरकार के मुताबिक राज्य सरकार अब तक रक्षा और अर्धसैनिक बलों के शहीदों के परिवार को एक करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि देती थी। हालांकि, अब से (शहीद) अग्निवीर के परिवार को भी यही लाभ दिया जाएगा। शहीदों के परिजनों के लिए ये एक राहत भरा फैसला माना जा रहा है।


**अग्निवीरों का आरक्षण कोटा बढ़ा**

हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों के लिए एक और बड़ा ऐलान किया है। हरियाणा पुलिस की भर्ती में अग्निवीरों के लिए आरक्षण कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है।



# यूपी : बलिया में सैकड़ों छात्रों का प्रदर्शन

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के जिला कलेक्टर कार्यालय पर बड़ी संख्या में छात्रों की ओर से प्रदर्शन किया गया। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया है कि प्रैक्टिकल पास कराने के नाम पर पांच-पांच हजार रुपए की घूस नहीं देने पर 80% बच्चों को फेल कर दिया गया है। छात्र-छात्राओं ने बताया कि हम लोगों ने थ्योरी की परीक्षा अपनी योग्यता अनुसार पास कर ली है लेकिन प्रैक्टिकल पास कराने के नाम पर परीक्षा केंद्र एमएमएस कंप्यूटर इंस्टीट्यूट बेल्थरारोड द्वारा प्रत्येक छात्र छात्राओं से पांच-पांच की अवैध वसूली की जा रही है। छात्रों का आरोप है कि हम लोगों द्वारा पैसा नहीं देने पर वहां के लोगों ने धमकी देते हुए कहा था कि पैसा नहीं दोगे तो तुम लोगों को फेल कर देंगे। छात्रों के मुताबिक जब परीक्षा परिणाम आया तो उसमें से 80% से अधिक छात्र-छात्राओं को फेल कर दिया गया है। यह सभी छात्र-छात्रा सरकार की महत्वपूर्ण योजना के लाभार्थी हैं।



▸▸ घूस नहीं दी तो 80% बच्चे प्रैक्टिकल में फेल

▸▸ इंस्टीट्यूट मांग रहा था पांच-पांच हजार रुपए

## केंद्र सरकार की अधिसूचना

# डेढ़ लाख तक घायलों का इलाज मुफ्त

नई दिल्ली। भारत सरकार ने पूरे देश में कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी गजट अधिसूचना के अनुसार यह योजना पांच मई 2025 से लागू हो गई है। हादसे के शिकार व्यक्ति को सरकारी या नामित अस्पतालों में इलाज के लिए कोई पैसे नहीं देने होंगे। अगर किसी कारणवश पीड़ित को नामित अस्पताल नहीं मिल पाता और इलाज किसी अन्य अस्पताल में कराया जाता है तो उस स्थिति में उस अस्पताल में सिर्फ स्थिर हालत (स्टेबलाइजेशन) तक का इलाज इस योजना के तहत कवर किया जाएगा। इस बारे में अलग से गाइडलाइंस जारी की गई है। इस योजना के तहत पीड़ित व्यक्ति को दुर्घटना की तारीख से अगले सात दिनों तक, अधिकतम 1,50,000 रुपए तक का मुफ्त इलाज दिया जाएगा। 14 मार्च 2024 को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस स्कीम का पायलट प्रोग्राम शुरू किया था।




▸▸ पूरे देश में कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम लागू

▸▸ मार्च 2024 में शुरू हुआ पायलट प्रोग्राम

# पुंछ में चार की मौत, 40 घायल

- खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में मंगलवार को एक निजी यात्री बस सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई। जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 44 अन्य घायल हो गए। यह बस घनी गांव से मेंढर जा रही थी, तभी सुबह करीब 9:20 पर मानकोट इलाके में सांगरा के पास यह हादसा हुआ।

स्थानीय अधिकारियों ने मृतकों की पहचान घनी गांव के मोहम्मद मजीद (45), शकीला बेगम (55) और कस्बलारी के नूर हुसैन (60) के रूप में की है। असम में तैनात सैनिक मजीद छुट्टी पर अपने गांव आया था। बचावकर्मियों ने हुसैन और मजीद को मौके पर मृत पाया। घायलों में से आठ की हालत गंभीर है।

मेंढर के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अशफाक चौधरी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल नौ लोगों में से पांच को विशेष उपचार के लिए जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल में रेफर किया गया है।

## आईएमएफ की रिपोर्ट

# इसी साल भारत बनेगा चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था



नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच इकोनॉमी के मोर्चे पर अच्छी खबर आ रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार 2025 में भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। 2025 में भारत की जीडीपी 6.2% की रफ्तार से ग्रोथ कर सकती है। आईएमएफ ने हाल ही में वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक जारी किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत से आगे अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान है। आईएमएफ की इस रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि भारत जर्मनी को कब तक पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार भारत जर्मनी को 2028 में पीछे छोड़ सकता है।

- जल्द पिछड़ेंगे जापान और जर्मनी
- भारत की जीडीपी पहुंचेगी 6.2%

## कर्नाटक ओएमसी अवैध खनन मामला

# पूर्व मंत्री जनार्दन रेड्डी समेत तीन को सजा

हैदराबाद। ओबुलापुरम माइनिंग कंपनी अवैध खनन मामले में कर्नाटक के पूर्व मंत्री और विधायक जनार्दन रेड्डी और तीन अन्य को दोषी ठहराया गया है। विशेष सीबीआई अदालत ने मंगलवार को सभी को सात साल की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया। अदालत ने कंपनी पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। फैसला सुनाए जाने के तुरंत बाद सीबीआई ने रेड्डी और अन्य को हिरासत में ले लिया। सीबीआई अदालत ने फैसला 14 साल बाद सुनाया है। सीबीआई ने रेड्डी और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। जिसमें उन पर खनन पट्टे की सीमा चिह्नों के साथ छेड़छाड़ करने और बेल्लारी रिजर्व वन क्षेत्र में अवैध रूप से खनन करने का आरोप लगाया गया था।



# सड़क सुरक्षा को अधिक महत्व देना आवश्यक : सरनाईक

- सड़क सुरक्षा निधि से संबंधित कार्यों व उपयोग के लिए नियमावली बनाई जाए

▸▸ परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में विज्ञापन नीति से संबंधित बैठक आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं की संख्या को कम करने के लिए सड़क सुरक्षा को अधिक महत्व देना आवश्यक है। इसके लिए सड़क सुरक्षा निधि से किए जाने वाले प्राथमिकता वाले कार्यों के साथ-साथ निधि उपयोग की एक नियमावली तैयार की जानी चाहिए, ऐसा निर्देश परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दिया। परिवहन मंत्री सरनाईक की अध्यक्षता में मंत्रालय के समिति कक्ष में सड़क सुरक्षा निधि, ऑटो-रिक्शा व मीटर टैक्सी द्वारा किराया न देने की शिकायतों, मोटर वाहन विभाग की ऑनलाइन तबादला नीति, तथा महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन महामंडल (एस.टी.) की विज्ञापन नीति से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार, सह सचिव राजेंद्र होलकर, तथा एस.टी. महामंडल के अधिकारी श्री देशमुख व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## परिवहन प्राधिकरण को निर्देश दिए जाएंगे

परिवहन मंत्री ने कहा कि सभी मीटर रिक्शाओं पर इंडिकेटर लगाने के लिए परिवहन प्राधिकरण को निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही, बाइक टैक्सी के माध्यम से रोजगार उत्पन्न हो सकता है, इसलिए इस योजना में कुछ सुधार करने के लिए आवश्यक मार्ग खोजा जाएगा। वाहन विभाग में लागू की जाने वाली ऑनलाइन तबादला नीति समावेशी होनी चाहिए, और राज्य सरकार के अन्य विभागों में यह नीति कैसे लागू की जा रही है, इसकी जानकारी भी ली जानी चाहिए।

## सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

सरनाईक ने कहा कि सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और इसके लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। जनजागरूकता के लिए ब्रांड एंबेसडर की नियुक्ति की जानी चाहिए। सभी सड़कों पर दिशा-सूचक बोर्ड लगाए जाएं और साथ ही जेब्रा क्रॉसिंग सहित आवश्यक मार्किंग चिन्ह भी बनाए जाएं। एस.टी. महामंडल की आय बढ़ाने के लिए विज्ञापन नीति का मसौदा तैयार किया जाए। विज्ञापन और पार्सल सेवा के माध्यम से एस.टी. महामंडल को अतिरिक्त आय प्राप्त होनी चाहिए, इसके लिए उचित योजना बनाई जाए। आय में वृद्धि के लिए कोल्ड स्टोरेज जैसे प्रोजेक्ट पर भी विचार किया जाए। इसके अलावा यात्रियों को धूप, हवा और बारिश से बचाने के लिए भविष्य में बनाए जाने वाले नए एस.टी. बस शेल्टर बंद प्रणाली के हों, तथा इन्हें पी.पी.पी. मॉडल पर बनाने की संभावनाओं का भी अध्ययन किया जाए।

# मीरा-भायंदर मनपा के विकास कार्यों की समीक्षा

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने मीरा-भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र में जारी विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की और प्रशासन को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मंत्रालय में मंत्री सरनाईक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें मीरा-भायंदर महानगरपालिका आयुक्त राधाबिनोद शर्मा तथा पुरातत्व, परिवहन, राजस्व, पर्यावरण और जलसंपदा विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। सरनाईक ने कहा कि मीरा-भायंदर महापालिका के विकास कार्यों के लिए आवश्यक निधि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। उन्होंने राजस्व विभाग को निर्देश दिया कि बीएसयूपी योजना के अंतर्गत पूर्व में हस्तांतरित जमीन में से जहां वर्तमान में झोपड़पट्टियां हैं, वहां पीपीपी मॉडल के तहत इमारत निर्माण के लिए जमीन महापालिका को हस्तांतरित करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।



## कई कार्यों को शुरू करने के निर्देश

शिवसृष्टी की ओर जाने वाले रास्ते का कार्य शुरू किया जाए। खाड़ी किनारे का विकास किया जाए, और स्कायवॉक के लिए भूमि खाली कर कार्य शुरू किया जाए। चेना रिवर फ्रंट के लिए 18 मीटर भूमि का अधिग्रहण किया जाए। महापालिका मुख्यालय के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण हेतु निधि आवंटित की जाए। पर्यटन स्थल विकास, शिवसृष्टी परियोजना, और मैन्ग्रोव उद्यान जैसे कार्यों की भी समीक्षा की गई। साथ ही, घोड़बंदर किले और उसके आसपास के क्षेत्र में कार्य करने के लिए महापालिका को अनुमति देने के निर्देश भी मंत्री सरनाईक ने दिए।

# मुंबई : मध्य रेलवे के 12 कर्मी सम्मानित



- जीएम धर्मवीर मीना ने दिए 'संरक्षा पुरस्कार'
- पुरस्कार समारोह सीएसएमटी मुंबई में आयोजित

**मुंबई। मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम)धर्मवीर मीना ने छह मई को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई (सीएसएमटी) में आयोजित एक समारोह में 12 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया।**
**यह पुरस्कार संबंधित कर्मचारियों की ड्यूटी के दौरान सतर्कता, अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और पिछले महीनों के दौरान ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदान किए गए। प्रत्येक पुरस्कार में एक पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र, अनुकरणीय संरक्षा कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और 2000/- का नकद पुरस्कार शामिल है।**

## पुरस्कार विजेताओं का विवरण

**मुंबई मंडल** : अनिल निम्बाजी तेलोर, सेक्शन इंजीनियर (सीएंडडब्ल्यू), इगतपुरी। **भुसावल मंडल** : अमरेंद्र कुमार, तकनीशियन (सी एंड डब्ल्यू), भुसावल। दिनेश यादव, सहायक उप-निरीक्षक, नासिक रोड (आरपीएफ)। आनंद वाघ, हेड कांस्टेबल, नासिक रोड (आरपीएफ)। **नागपुर मंडल** : अरविंद कुमार शर्मा, ट्रेन मैनेजर राम लखन, सहायक उप-निरीक्षक, बल्लारशाह (आरपीएफ)। नितिन नाइक, हेड कांस्टेबल (डॉग स्क्वायड), नागपुर। **पुणे मंडल** : जितेन्द्र कुमार, सहायक (सी एंड डब्ल्यू), दौंड। **सोलापुर मंडल** : रोशन कुमार, तकनीशियन (ट्रैक्शन), सोलापुर। सोनू कुमार, ट्रैक मेंटेनर, तिलाटी। पोपट शिवाजी, तकनीशियन (सी एंड डब्ल्यू)। वसीम शेख, तकनीशियन (सी एंड डब्ल्यू)।

## जीएम ने की रेलकर्मियों की सराहना

पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए, महाप्रबंधक ने उनकी सतर्कता, समर्पण और रेलवे संरक्षा में योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य दूसरों को अपने कर्तव्यों को लगन से निभाने के लिए प्रेरित करते हैं और जान-माल की हानि को रोकने और यात्री संरक्षा को बढ़ाने में मदद करते हैं। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक प्रतीक गोस्वामी, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी चंद्र किशोर प्रसाद, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष और मध्य रेल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदीप कुमार ने पश्चिम रेलवे एजीएम का पदभार संभाला



**मुंबई।** प्रदीप कुमार ने मंगलवार, 6 मई को पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। प्रदीप कुमार भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसएमई) 1989 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं। तीन दशकों से अधिक के उल्लेखनीय कॅरियर के साथ कुमार ने कई क्षेत्रीय रेलवे में विभिन्न प्रमुख पदों के माध्यम से भारतीय रेल में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने अपना कॅरियर पश्चिम रेलवे के रतलाम में डीजल शेड में सहायक यांत्रिक इंजीनियर के रूप में शुरू किया था। पिछले कई वर्षों में आपने पश्चिम रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे , पूर्वी तट रेलवे और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए समर्पण और विशिष्टता के साथ काम किया है। आपके गहन अनुभव में कैरिज वर्कशॉप, अजमेर में प्रोडक्शन इंजीनियर; डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर (कैरिज और वैगन), कोटा; डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर, वडोदरा; डिप्टी चीफ मैकेनिकल इंजीनियर (प्लानिंग), पश्चिम रेलवे एवं डिप्टी चीफ मैकेनिकल इंजीनियर (वर्कशॉप) पश्चिम रेलवे तथा कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, मुंबई में डिप्टी चीफ मैकेनिकल इंजीनियर (उत्पादन) जैसी भूमिकाएँ शामिल हैं। आपने वैगन रिपेयर शॉप, कोटा में सीनियर ईडीपीएम और डिप्टी सीएमई (रिपेयर) के पदों पर भी काम किया है। कुमार ने मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर, दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर), कोलकाता और भारतीय रेल यांत्रिक और विद्युत इंजीनियरिंग संस्थान , जमालपुर में वरिष्ठ प्रोफेसर के रूप में रणनीतिक नेतृत्व की भूमिका निभाई है। आपने ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर डिवीजन में डिवीजनल रेलवे मैनेजर का पद भी संभाला है। वर्तमान पद पर आने से पहले आपने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी ऑफिसर के पद पर काम किया है। दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (दिल्ली विश्वविद्यालय) के पूर्व छात्र श्री कुमार के पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री है। आपने इग्नू से वित्तीय प्रबंधन और परिचालन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा भी किया है। संबलपुर के डीआरएम अपने कार्यकाल के दौरान आपने कई सराहनीय पहलों का नेतृत्व किया, जिसमें दोहरीकरण और तीसरी लाइन के खंडों का सफल संचालन, माल ढुलाई में उल्लेखनीय वृद्धि और संबलपुर स्टेशन के पुनर्विकास के लिए दूरदर्शी योजना शामिल है। रेल परिचालन और प्रशासन में अपनी व्यापक विशेषज्ञता के लिए जाने जाने वाले श्री प्रदीप कुमार को उनके नेतृत्व और सुगमता के लिए सहकर्मियों और कर्मचारियों द्वारा भी बहुत सम्मान और प्रशंसा दी जाती है।

# ठाणे में 33 ग्राहकों की आपूर्ति बाधित

▸▸ घोड़बंदर रोड पर महानगर गैस कंपनी की पाइप में लीकेज

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** ठाणे के घोड़बंदर रोड स्थित हाइपर सिटी मॉल में पाइपलाइन फटने की घटना सोमवार शाम साढ़े चार बजे हुई। मेट्रोपोलिटन गैस कंपनी के कर्मचारियों द्वारा गैस रिसाव को तत्काल रोक दिया। इस बीच 33 उपभोक्ताओं की गैस आपूर्ति कुछ समय के लिए बाधित रही। घोड़बंदर रोड पर हाइपर सिटी मॉल के पास, जी.पी. पारसिक बैंक के सामने, घोड़बंदर रोड, कासरवाडावली, ठाणे (पश्चिम) में सर्विस रोड पर निर्माण के दौरान जेसीबी



के प्रभाव से नगरपालिका की गैस पाइपलाइन फट गई। मेट्रोपोलिटन गैस कंपनी के कर्मचारी और अग्निशमन कर्मी 01 बचाव वाहन के साथ घटनास्थल पर मौजूद थे। घटनास्थल पर कोई घायल नहीं हुआ। कंपनी ने यह भी बताया कि महानगर गैस कंपनी के कर्मचारियों ने फिलहाल गैस लाइन की मरम्मत कर दी है और गैस की आपूर्ति बहाल कर दी गई है।


## उल्हासनगर महानगर पालिका, उल्हासनगर

शहर अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग यांचे कार्यालय

ई - निविदा क्र. 06,07, (2025-26)

उल्हासनगर महानगरपालिका शहरा मधील खालील नमूद कामे योग्यवर्गातील ठेकेदार कडून निविदा प्रणाली पद्धतीनुसार महानगरपालिकेच्या अटी व शर्तीस अधीन राहून दिनांक 07/05/2025 रोजी निविदा मागविल्या करीता प्रसिद्ध करण्यात येत आहे. सदर निविदा प्रणालीबाबत इतर आवश्यक माहिती https://mahatenders.gov.in/ या संकेत स्थळावर प्रसिद्ध करण्यात आली आहे.

ई - निविदा क्र. 06 (2025-26)

| अ. क्र. | निविदा क्रमांक | कामाचे नाव | निविदा रक्कम (जी.एस.टी वगळून) | इसारा रक्कम | कालावधी | वर्गवारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उमपा/सांबांवि/ नोटीस/2025-26/06 | वर्ष 2025-26 मध्ये पावसाळ्यापूर्वी उल्हासनगर शहरातील प्रभाग क्षेत्र क्र. 1 व 2 मधील रस्त्यावरिल खड्डे / ट्रेंचपटया भरणेबाबत. | 4237288/- | 43000/- | 120 दिवस | NA |

ई - निविदा क्र. 07 (2025-26)

| अ. क्र. | निविदा क्रमांक | कामाचे नाव | निविदा रक्कम (जी.एस.टी वगळून) | इसारा रक्कम | कालावधी | वर्गवारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उमपा/सांबांवि/ नोटीस/2025-26/07 | वर्ष 2025-26 मध्ये पावसाळ्यापूर्वी उल्हासनगर शहरातील प्रभाग क्षेत्र क्र. 3 व 4 मधील रस्त्यावरिल खड्डे / ट्रेंचपटया भरणेबाबत. | 4237288/- | 43000/- | 120 दिवस | NA |

सदर निविदा प्रणालीबाबत इतर आवश्यक माहिती https://mahatenders.gov.in/ या संकेत स्थळावर प्रसिद्ध करण्यात आली आहे.

जा.क्र. उमपा/पीआर/85/2025
दिनांक 06/05/2025

(स्वाक्षरी)
कार्यकारी अभियंता (सां.बां.वि)
उल्हासनगर महानगरपालिका

## पुणे महानगरपालिका

निविदा प्रक्रिया कक्ष आरोग्य विभाग
निविदा जाहिरात- नवीन कामे
जाहिरात क्र. 3/95 दि. 06/05/2025

निविदा विक्री कालावधी दिनांक :- 07/05/2025 ते 16 /05 /2025 दुपारी 2 .30 पर्यंत
निविदा स्वीकृती दिनांक :- 07/05/2025 ते 16/05/2025 दुपारी 2 .30 पर्यंत तांत्रिक निविदा उघडणे प्रक्रिया दिनांक : 19/05/2025 दुपारी 3 .00 वाजता
प्रि-बीड मिटिंग दिनांक : 14/05/2025 राजी सकाळी 11 .00 वाजता मा. आरोग्य यांचे दालनात घेण्यात येणार आहे.

| निविदा क्रमांक | खात्याचे नाव | कामाचे नाव | निविदा संच किंमत रुपये | अंदाजित पूर्व गणित रक्कम रुपये | बयाणा रक्कम रुपये | कामाची मुदत | निविदा विषयक जबाबदार व्यक्तीचे नाव व मोबाईल क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी.एम.सी./ आरोग्य / सी.एम.एस / 1 / 2025-26 | आरोग्य विभाग | लोकल पर्चेस अंतर्गत परवानाधारक औषधे विक्रेत्याकडून अशंदायी वैदयकीय सहाय्य योजनेकरिता दैनंदिन स्वरुपात औषधे व इतर साहित्य खरेदी करणे. | 17,879 /- | बी-1 पद्धत | 9,50,000/- | 24 महिने | श्री. राहुल वडगाये मो. क्र. 9881190696 |

अ) पुणे म.न.पा. ची वरील कामे हि अनुभवी /म.न.पा. मान्यता प्राप्त / शासन मान्यता प्राप्त ठेकेदाराकडून ( कामासाठीच्या पूर्वपात्रता अटी टेंडर सेट मध्ये नमूद केल्यानुसार ) करून घ्यावयाची आहेत.
ब) सदर कामाबाबत निविदा अटी / शर्ती इ. बाबतचा सर्व तपशील निविदा संच्यामध्ये नमूद केला असून सदर कामांचे निविदा संच www.mahatendars.gov.in या वेबसाईटवर पाहण्यासाठी उपलब्ध आहे. निविदा संचाची विक्री व स्वीकृती सदर वेबसाईट वरून फक्त ऑनलाईन पद्धतीने करण्यात येत असून सर्व निविदा दोन पाकीट पद्धतीने मागवण्यात येत आहेत.
क) निविदा विक्रीच्या शेवटच्या दिवशी निविदा संच प्राप्त न झाल्यास व स्वीकृतीच्या शेवटच्या दिवशी ऑनलाईन सादरीकरण न झाल्यास याची सर्वस्वी जबाबदारी टेंडरदाराची राहील.
ड) सदरची निविदा प्रणाली वापराबाबत काही अडचण निर्माण झाल्यास NIC यांचेकडील ई-मेल support.eproc@nic.in अथवा Help Desk Number 0120-4200462, 0120-4001005, 0120- 6277787 या दुरध्वनीवर संपर्क साधावा.
ई) कोणतेही कारण न देता निविदा पूर्णत: मंजूर नामंजूर करण्याचा अधिकार मा. महापालिका आयुक्त यांनी स्वत:कडे राखून ठेवला आहे.

सही/- राहुल नामदेव वडगाये, म्युनिसिपल फार्मासिस्ट, पुणे महानगरपालिका
सही/- डॉ. संजीव वावरे, सहाय्यक आरोग्य अधिकारी, पुणे महानगरपालिका
सही/- डॉ. निना बोराडे, आरोग्य अधिकारी, पुणे महानगरपालिका


पश्चिम रेलवे वडोदरा मंडल

# वडोदरा : वासद-रनोली स्टेशनों के बीच ब्लॉक

▸▸ चार मई से आठ जून तक री-गर्डरिंग कार्य के कारण कुछ ट्रेने प्रभावित

**वडोदरा।** पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल पर वासद-रनोली स्टेशनों के बीच ब्रिज नं. 624 (अप लाइन) पर री-गर्डरिंग कार्य हेतु सात मई से आठ जून 2025 तक (बुधवार और रविवार) को 11.15 बजे से 16.45 बजे तक 05.30 घंटे का मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। जिसके कारण अहमदाबाद मंडल से चलने/गुजरने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी। जो इस प्रकार है।

## पूर्णत: निरस्त ट्रेनें

- ट्रेन संख्या 19036 अहमदाबाद-वड़ोदरा इंटरसिटी एक्सप्रेस 7,11,14,18,21,28 मई और 4,8 जून को पूर्णतः निरस्त रहेगी। ट्रेन संख्या 19035 वड़ोदरा-अहमदाबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस 7,11,14,18,21,28 मई और 4,8 जून को पूर्णतः निरस्त रहेगी।

## आंशिक निरस्त ट्रेनें

- ट्रेन संख्या 22960 जामनगर-वडोदरा इंटरसिटी एक्सप्रेस 7,11,14,18,21,28 मई और 4,8 जून को अहमदाबाद स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा अहमदाबाद-वडोदरा के बीच आंशिक निरस्त रहेगी।

## रिशेड्यूल होने वाली ट्रेनें

- ट्रेन संख्या 22960 जामनगर-वडोदरा इंटरसिटी एक्सप्रेस 7,11,14,18,21,28 मई और 4,8 जून को अहमदाबाद स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा अहमदाबाद-वडोदरा के बीच आंशिक निरस्त रहेगी।

1.ट्रेन संख्या 12010 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल शताब्दी एक्सप्रेस 7,14,21,28 मई और 04 जून 2025 को 30 मिनिट रिशेड्यूल रहेगी। 2. गांधीनगर कैपिटल से चलने वाली ट्रेन संख्या 20902 गांधीनगर कैपिटल-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस 11,18 मई और 08 जून 2025 को 60 मिनट रेगुलेट रहेगी।

1. ट्रेन संख्या 16533 भगत की कोठी-केएसआर बैंगलुरु एक्सप्रेस 7,14,21,28 मई और 04 जून को 55 मिनिट रेगुलेट रहेगी। 2. ट्रेन संख्या 12477 जामनगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस 7,14,21,28 मई और 04 जून को 50 मिनिट रेगुलेट रहेगी। 3. ट्रेन संख्या 14807 जोधपुर-दादर एक्सप्रेस 11,18 मई और 08 जून 2025 को 01.40 घंटा रेगुलेट रहेगी। 4. ट्रेन संख्या 16209 अजमेर-मैसूर एक्सप्रेस 11,18 मई और 08 जून 2025 को 55 मिनट रेगुलेट रहेगी। 5. ट्रेन संख्या 20626 भगत की कोठी-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस 7,11,14,18,21,28 मई और 04,08 जून को 40 मिनिट रेगुलेट रहेगी।

## ब्लॉक एक दिन के लिए रद्द

■ **वडोदरा।** पश्चिम रेलवे के वडोदरा मण्डल पर वासद-रनोली स्टेशनों के बीच ब्रिज नं. 624 (अप लाइन) पर री-गर्डरिंग कार्य हेतु लिए जाने वाला ब्लॉक तकनीकी कारणों से (केवल एक दिन 7 मई 2025) के दिन रद्द किया गया है। जबकि पूर्व अधिसूचित अन्य दिनों के लिए ब्लॉक प्रभावी रहेगा। तदनुसार निम्नलिखित ट्रेनें 7 मई 2025 को निर्धारित समय-सारणी के अनुसार चलेगी।1. ट्रेन संख्या 19036 अहमदाबाद-वड़ोदरा इंटरसिटी एक्सप्रेस। 2. ट्रेन संख्या 19035 वड़ोदरा-अहमदाबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस। 3.ट्रेन संख्या 22960 जामनगर-वडोदरा इंटरसिटी एक्सप्रेस। 4.ट्रेन संख्या 12010 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल शताब्दी एक्सप्रेस। 5. ट्रेन संख्या 20902 गांधीनगर कैपिटल-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस। 6. ट्रेन संख्या 16533 भगत की कोठी-केएसआर बैंगलुरु एक्सप्रेस। 7.ट्रेन संख्या 12477 जामनगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस। 8.ट्रेन संख्या 14807 जोधपुर-दादर एक्सप्रेस। 9. ट्रेन संख्या 16209 अजमेर-मैसूर एक्सप्रेस। 10. ट्रेन संख्या 20626 भगत की कोठी-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस।


## उत्तर मध्य रेलवे

शुद्धि पत्र सं. 3

निविदा सूचना संख्या - पीएसएसए - 2025-01-ई टेंडर नोटिस-01 दिनांक 27.03.2025 के संदर्भ में निम्नलिखित शुद्धि पत्र जारी किया जा रहा है-

नोट - आवश्यक संशोधन आईआरईपीएस पर शुद्धिपत्र संख्या-3 के रूप में प्रकाशित किए गए हैं।

अन्य शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी 565/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
साकेत नगर, भोपाल-462020, मध्य प्रदेश, दूरभाष : 0755-2982607/2985569
Email : info@aiimsbhopal.edu.in www.aiimsbhopla.edu.in

Admin-2(2)/एम्स/भोपाल/भर्ती प्रकोष्ठ/प्रतिनियुक्ति/2025/2/3700 दिनांक : 06.05.2025


एम्स भोपाल में प्रतिनियुक्ति आधार पर गैर-संकाय ग्रुप-ए पदों पर रोलिंग भर्ती हेतु विज्ञापन

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, (एम्स) भोपाल में प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्नलिखित समूह 'ए' गैर-संकाय पदों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवार से निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

| क्र. सं. | पदनाम | पे लेवल (7th सीपीपी के अनुसार) | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सा अधीक्षक | लेवल 14 | 1 |
| 2 | मुख्य पुस्तकाध्यक्ष | लेवल 13 | 1 |
| 3 | मुख्य नर्सिंग अधिकारी | लेवल 12 | 1 |
| 4 | वरिष्ठ विश्लेषक (सिस्टम एनालिस्ट) | लेवल 12 | 1 |
| 5 | रजिस्ट्रार | लेवल 12 | 1 |
| 6 | मुख्य चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी | लेवल 11 | 1 |
| 7 | सीएसएसडी अधिकारी | लेवल 11 | 1 |
| 8 | उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी | लेवल 11 | 1 |
| 9 | कार्यपालक इंजीनियर (सिविल) | लेवल 11 | 1 |
| 10 | कार्यपालक इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) | लेवल 11 | 1 |
| 11 | चिकित्सालय वास्तुविद | लेवल 11 | 1 |
| 12 | नर्सिंग अधीक्षक | लेवल 11 | 2 |
| 13 | वरिष्ठ क्रय-सह-भंडार अधिकारी | लेवल 11 | 1 |
| 14 | वरिष्ठ प्रोग्रामर (एनालिस्ट) | लेवल 11 | 1 |
| 15 | कार्यपालक इंजीनियर (ए/सी & आर) | लेवल 11 | 1 |
| 16 | लाइब्रेरियन चयन ग्रेड (वरिष्ठ पुस्तकाध्यक्ष) | लेवल 11 | 1 |
| 17 | प्रधान निजी सचिव (पी पी एस) | लेवल 11 | 2 |
| 18 | लेखा अधिकारी | लेवल 10 | 3 |
| 19 | मुख्य चिकित्सा रिकार्ड अधिकारी | लेवल 10 | 1 |
| 20 | सुरक्षा अधिकारी | लेवल 10 | 1 |
| 21 | भंडार अधिकारी | लेवल 10 | 2 |
| | कुल | | 26 |

2. इच्छुक पात्र उम्मीदवार रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर आवेदन कर सकते हैं। योग्यता और अनुभव सहित पात्रता शर्तों, आवेदन प्रारूप और अन्य विवरणों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट www.aiimsbhopal.edu.in देखें।

हस्ता/-
उप निदेशक (प्रशासन) एम्स, भोपाल



सदाशिव ज्योतिष केंद्र
8080769503
(मुफ्त सलाह) 21 वर्षों के अनुभवी) शत्रुनाश, सौतनत्राश, मनचाहा प्यार, शादी- विवाह मे रुकावट, लवमैरिज, फिल्म/ मॉडलिंग, विदेशयोग, घरेलू झगडा, लवप्राब्लम/ तलाक, महामोहिनी, वशीकरण स्पेशलिस्ट. अंधेरी (वेस्ट)


# ठाणे में युवक की हत्या, रिपोर्ट दर्ज

**ठाणे।** अनिल मोरया ने कार्तिक गायकवाड़ को कॉल करने के लिए अपना मोबाइल फोन देने से इनकार कर दिया, क्योंकि उनके मोबाइल फोन पर ऑनलाइन मीटिंग चल रही थी। जब उसने मोबाइल नहीं दिया तो कार्तिक ने अनिल पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी। यह घटना रविवार, 4 मई को दोपहर 11 से 3 बजे के बीच घटित हुई। इस संबंध में कपूरबावड़ी पुलिस स्टेशन में कार्तिक गायकवाड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

संजय शिरसाट का अजित पवार पर निशाना

# आदिवासी मंत्रालय का फंड ‘लाडली बहना योजना’ को

**मुंबई।** महाराष्ट्र की बहुचर्चित लाडली बहना योजना पर अब सियासी बवाल मच गया है। विपक्ष इसको लेकर लगातार सरकार पर हमला करता रहा है। वहीं अब सरकार की माली हालत को लेकर अब खुद सरकार के मंत्री ही सवाल उठा रहे हैं। सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने साफ कह दिया है कि योजना की राशि को 1,500 रुपए से बढ़ाकर 2,100 रुपए करना संभव नहीं है, क्योंकि सरकार की तिजोरी फिलहाल खाली है। वित्त मंत्री अजित पवार पर निशाना साधते हुए कहा कि अजित पवार ने उनके आदिवासी मंत्रालय से फंड लेकर ‘लाडली बहना योजना’ में लगा दिया है, जिससे उनके मंत्रालय से जुड़ी योजनाओं पर असर पड़ रहा है। उनके विभाग को बजट का 11.8 प्रतिशत मिलना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। सिर्फ 350 करोड़ रुपए दिए गए हैं जबकि योजना के नाम पर सात हजार करोड़ खर्च किए गए हैं। वो लाडली बहना योजना के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन बजट आवंटन में अन्य खातों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए, वरना योजनाएं रुक जाएंगी, जिसका असर कहीं न कहीं विभाग के कामकाज और जनता पर पड़ेगा।

### लाडली बहना योजना पर शिंदे सरकार में घमासान



### अंतिम निर्णय सीएम का : पवार

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि योजना से जुड़ा अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस का है। लाडली बहन योजना की जानकारी मुख्यमंत्री को है। विभाग को बंद करना है या चालू रखना है यह उनका फैसला होगा’।

### मंत्रालय अदिति तटकरे के पास

लाडली बहना योजना जिस महिला और बाल विकास मंत्रालय के तहत चल रही है,उसकी जिम्मेदारी अजित पवार की एनसीपी की नेता अदिति तटकरे के पास है। ऐसे में राजनीतिक समीकरणों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं कि क्या मंत्रालयों के बीच जानबूझकर बजट का असंतुलन पैदा किया जा रहा है।

### कंगाल हो चुकी सरकार : वडेटीवार

महाराष्ट्र सरकार के अंदर मचे इस बवाल पर कांग्रेस नेता विजय वडेटीवार ने कहा कि सरकार के पास महिलाओं को 2,100 रुपए देने के लिए पैसे नहीं हैं। सरकार कंगाल हो चुकी है, दूसरे विभागों से पैसा लेना पड़ रहा है।

### वादा नहीं निभाया : यूबीटी

शिवसेना यूबीटी नेता किशोरी पेडणेकर ने कहा है कि चुनाव से पहले लाडली बहना योजना शुरू की गई थी, लेकिन चुनाव के बाद सरकार ने इस योजना से लाखों बहनों को अपात्र घोषित कर दिया है।

### यूबीटी का प्रदर्शन आज

शिवसेना (यूबीटी) ने सरकार की इस मनमानी और महिलाओं के साथ किए जा रहे अन्याय के खिलाफ बुधवार (सात मई) कलेक्टर ऑफिस पर विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है।

## अहिल्यानगर में स्थापित होगी आईटीआई

**मुंबई।** राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में अहिल्यानगर में लड़कियों के लिए एक नई सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) शुरू करने को मंजूरी दी गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की। इस प्रशिक्षण संस्था के संचालन हेतु : 27 शिक्षक और गैर-शिक्षकीय पदों की प्रत्यक्ष भरती तथा 12 पदों की भरती बाह्य एजेंसियों के माध्यम से की जाएगी। इस प्रकार कुल 39 पदों को मंजूरी दी गई है। इन पदों के लिए वार्षिक वेतन खर्च 232.01 लाख अनुमानित है, जिसे भी स्वीकृति दे दी गई है। इन पदों के प्रस्ताव को उच्चस्तरीय सचिव समिति के समक्ष प्रस्तुत करने की भी अनुमति प्रदान की गई है। संस्था की स्थापना हेतु आवश्यक यंत्र-सामग्री, उपकरण और अन्य पूंजीगत खर्च के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11.80 करोड़ (11,80,19,000 रुपए) खर्च की मंजूरी दी गई है।

# बीएसपी प्रतिनिधियों के साथ चुनाव आयोग की बैठक

### आयोग ने 4719 सर्वपक्षीय बैठकों का किया आयोजन





**मुंबई।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डा. सुखबीर सिंग संधू और डा. विवेक जोशी ने चुनाव सदन में बहुजन समाज पार्टी(बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष कु. मायावती के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधियों से संवाद किया। भारत चुनाव आयोग ने विभिन्न हितधारकों के साथ सतत और व्यापक संवाद स्थापित करने पर जोर दिया है। इसी दिशा में आयोग ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ सीधे संवाद की शुरुआत की है। इस संवाद के माध्यम से राष्ट्रीय और राज्य स्तर के दलों के अध्यक्ष अपने सुझाव सीधे आयोग तक पहुंचा सकेंगे, जो एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। सभी संबंधित दलों के सहयोग से मौजूदा कानूनी ढांचे के भीतर चुनाव प्रक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोग ने यह पहल की है। आयोग ने अब तक 4719 सर्वपक्षीय बैठकों का आयोजन किया है।

# सीएम ने किया चौंडी से निमगांव डाकू मार्ग का भूमिपूजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अहिल्यानगर।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर सहकारी सूत गिरणी तथा मुख्यमंत्री ग्रामसड़क योजना अंतर्गत चौंडी से निमगांव डाकू तक सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे, राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे, जल संसाधन मंत्री तथा जिले के पालक मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटील, सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री अतुल सावे, वस्त्र उद्योग मंत्री संजय सावकारे और रोजगार गारंटी योजना मंत्री भरत गोगावले उपस्थित थे। चौंडी से निमगांव डाकू तक 2.700 किमी लंबी सड़क बनाई जा रही है। राज्य सरकार ने इसके लिए 3 करोड़ 94 लाख के खर्च को मंजूरी दी है। यह कार्य महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के माध्यम से मुख्यमंत्री ग्रामसड़क योजना के अंतर्गत पूरा किया जाएगा। चूंकि पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर सूत गिरणी इसी मार्ग पर है, इसलिए 5.50 मीटर चौड़ी डामर सड़क का प्रस्ताव देकर राज्य सरकार ने इस कार्य को मंजूरी दी है। अगले पाँच वर्षों तक रखरखाव एवं मरम्मत के लिए आवश्यक निधि का भी प्रावधान किया गया है।

### विशेष टपाल आवरण का विमोचन



अहिल्यानगर। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर उनके जन्मस्थान चौंडी में मंत्री परिषद की बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा ‘विशेष टपाल आवरण’ का विमोचन किया गया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे और अन्य मंत्रीगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान पुणे विभाग के टपाल सेवा निदेशक अभिजीत बनसोडे ने इस विशेष आवरण का पहला एल्बम मुख्यमंत्री फडणवीस को सौंपा। टपाल विभाग द्वारा जारी इस विशेष टपाल आवरण के माध्यम से पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के कार्यों और योगदान का सम्मान किया गया है।

## महिला सशक्तिकरण को 10 .5 करोड़ की मंजूरी

**मुंबई।** राज्य में महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए “आदिशक्ति अभियान” और “आदिशक्ति पुरस्कार” योजना की शुरुआत को मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दी गई है। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की। आदिशक्ति अभियान के क्रियान्वयन के लिए लगभग 10.5 करोड़ रुपए के खर्च को मंजूरी दी गई है। साथ ही, अभियान और पुरस्कार योजना के सुचारु क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सुधार अथवा परिवर्तन करने के लिए, महिला एवं बाल विकास मंत्री की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय समिति को अधिकार दिए जाने को भी मंजूरी दी गई है।

**अभियान का मुख्य उद्देश्य**

- महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं का संवेदनशील समाधान।
- कुपोषण, शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में कमी लाना।
- बालिकाओं में शिक्षा का स्तर बढ़ाना।
- यौन और शारीरिक उत्पीड़न को रोकना।

# मंत्रिपरिषद के साथ सीएम ने किया अहिल्यादेवी होलकर का अभिवादन

### होलकर वंश के 16वें उत्तराधिकारी युवराज यशवंतराव होलकर रहे उपस्थित



**अहिल्यानगर।** अहिल्यानगरजिले के चौंडी में आयोजित मंत्रिमंडल बैठक के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार सहित संपूर्ण मंत्रिमंडल चौंडी पहुंचा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर स्मारक परिसर का दौरा किया और उन्हें अभिवादन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, विधानपरिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे, जलसंपदा मंत्री व अहिल्यानगर जिले के पालक मंत्री राधाकृष्ण विखे-पाटील, होलकर वंश के 16वें उत्तराधिकारी युवराज यशवंतराव होलकर, पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर स्मारक समिति के अध्यक्ष अण्णासाहेब डांगे और अन्य मंत्रीगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों ने स्मारक परिसर में स्थित महादेव मंदिर में जाकर दर्शन भी किए। मुख्यमंत्री ने स्मारक परिसर में चल रहे गढी का नवीनीकरण, नक्षत्र उद्यान, सुरक्षा दीवार, शिल्प, संग्रहालय और शिवसृष्टी जैसी विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर का निवास स्थान, रसोईघर, देवघर, ओसरी, तुलसी वृंदावन, बैठक कक्ष, अनाज भंडारण स्थल और दरबार का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सभापति प्रो. शिंदे ने उन्हें विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री फडणवीस और मंत्रिपरिषद के सदस्यों के स्मारक परिसर में आगमन के समय धनगरी ढोल पथक ने ढोल-ताशा बजाकर उनका स्वागत किया। सुहागिन महिलाओं ने मंत्रियों का औक्षण कर पारंपरिक रूप से स्वागत किया।

## भगाराम उर्फ वेरसी देवासी लापता

**मुंबई।** देवासी गांव खासरवी तहसील चितलवाना (सांचौर), निवासी (32) भगाराम उर्फ वेरसी देवासी लापता हो गए हैं। उनकी कुशलता को लेकर परिवार वाले काफी चिंतित हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार खासरवी निवासी भगाराम देवासी मुंबई के गोरेगांव ईस्ट में दुकान नंबर तीन, कल्पना बिल्डिंग, जेपी नगर रोड, स्वाती स्टूडियों के सामने से शुक्रवार की रात 11 बजे से गायब हैं। इस संबंध में उन्होंने परिवार के किसी सदस्य से संबंध में कोई चर्चा भी नहीं की है। यहां तक कि परिवार के सदस्यों को उनके बारे में कोई भी जानकारी नहीं है। उपरोक्त युवक किसी भी नागरिक को कहीं पर दिखाई देता है तो कृपया मोबाइल नंबर 6378558134/8000839031 पर सूचित करें।

## अनिल राजबंशी ‘मैटएग्जिल’ के उपाध्यक्ष नियुक्त

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मैन-मेड एंड टेक्निकल टेक्सटाइल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (मैटएग्जिल) का नया उपाध्यक्ष अनिल राजबंशी को नियुक्त किया गया है। मैटएग्जिल एक प्रमुख निर्यात प्रोत्साहन परिषद है, जो मैन-मेड फाइबर टेक्सटाइल्स जैसे कि फाइबर, यार्न, फैब्रिक, मेड-अप्स (होम टेक्सटाइल्स सहित) और तकनीकी वस्त्रों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। राजबंशी वर्तमान में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं, जहाँ वे 2004 से सेवा दे रहे हैं। अपने करियर के प्रारंभ में, वे 1975 से 1977 तक बिरला समूह से जुड़े रहे। भारतीय मैन-मेड फाइबर टेक्सटाइल्स उद्योग में उनका गहरा जुड़ाव और सीआईआई एवं एफआईसीसीआई की नेशनल टेक्सटाइल कमेटियों में उनकी भागीदारी इस क्षेत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वे टेक्सटाइल्स कमेटी के सदस्य भी रह चुके हैं। राजबंशी ने कहा कि मैन-मेड फाइबर टेक्सटाइल्स भविष्य है, और मैं इस क्षेत्र की वृद्धि में योगदान देने के लिए तत्पर हूं। उनकी नियुक्ति पर मैटएग्जिल के अध्यक्ष शलीन तोशनीवाल ने कहा, अनिल राजबंशी को मैन-मेड फाइबर टेक्सटाइल्स क्षेत्र का गहन ज्ञान है, और उनका विशाल अनुभव निश्चित रूप से परिषद के कार्यों और पहलों को सुदृढ़ करेगा।




■ 1975 से 1977 तक बिरला समूह से जुड़े रहे

# रुचि और प्रवृत्ति के अनुसार भविष्य तय करें : दादाजी भुसे

### शिक्षामंत्री ने दी सफल छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं
### बारहवीं परीक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत रहा 91.88%

**मुंबई।** शालेय शिक्षण मंत्री दादाजी भुसे ने उच्च माध्यमिक प्रमाणपत्र (बारहवीं कक्षा) परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों, उनके अभिभावकों और उन्हें मार्गदर्शन देने वाले शिक्षकों को बधाई दी है। साथ ही, उन्होंने देश का भविष्य माने जाने वाले इन विद्यार्थियों को उनके आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएँ भी दी हैं। महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षण मंडल द्वारा 11 फरवरी से 18 मार्च तक यह परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम 5 मई सोमवार को मंडल के अध्यक्ष शरद गोसावी और सचिव देविदास कुलाल ने घोषित किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बारहवीं की परीक्षा विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है। इस परीक्षा में सफल होने के बाद अब वे अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं। इसके माध्यम से वे न केवल अपनी प्रगति कर सकेंगे, बल्कि देश की उन्नति में भी योगदान दे सकेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यार्थी इस अवसर का पूर्ण उपयोग करेंगे। यह परीक्षा अंतिम लक्ष्य नहीं है, और जिन विद्यार्थियों को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, वे नई ऊर्जा के साथ पढ़ाई में जुट जाएं और सफलता प्राप्त करें।



**परीक्षा की मुख्य विशेषताएं**

राज्य के पुणे, नागपुर, छत्रपती संभाजीनगर, मुंबई, कोल्हापुर, अमरावती, नाशिक, लातूर और कोंकण इन 9 विभागीय मंडलों में विज्ञान, कला, वाणिज्य, व्यवसायिक एवं ITI शाखाओं के लिए कुल 14,27,085 नियमित विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया था। इनमें से 14,97,969 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 13,02,873 विद्यार्थी सफल हुए, जिससे कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 91.88% रहा।

# आंतक को पालने वाले पाक का इलाज जरूरी

**मुंबई।** मालाड (पूर्व) स्थित आर.के कॉलेज हाल में युग प्रवर्तक साहित्य संस्थान द्वारा द्विवेदी युगीन कवियों साहित्यकारों के सम्मान में हिंदी साहित्य के युग प्रवर्तक आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में कवियों-साहित्यकारों की केंद्र सरकार से मांग है कि आंतक को पालने वाले पाक का इलाज जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि/पत्रकार अभिलाष अवस्थी (पूर्व कार्याध्यक्ष महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी) ने की। कार्यक्रम के संयोजक/संचालक हिंदी साहित्य के प्रचार प्रसार को समर्पित पं. दिनेश चंद्र मिश्र (बैसवारी) ने की और कहा कि भारत सरकार को देश की संपर्क भाषा हिन्दी को राष्ट्रभाषा घोषित करना चाहिए। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार हिंदुस्तान प्रहरी के संपादक घनश्याम सी. तिवारी को आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पत्रकारिता सम्मान दिया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात कार्यक्रम का आरंभ डा. दिनेश वर्मा की सरस्वती वंदना एवं कविता पाठ से प्रारंभ हुआ। कविता पाठ एवं परिचर्चा में भाग लेने वाले कवियों साहित्यकारों में जवाहरलाल निर्झर, घनश्याम तिवारी, दिनेश बैसवारी, अभिलाष अवस्थी, राम सिंह, आर.डी अग्रवाल प्रेमी, छलिया द्विवेदी, लवकुश द्विवेदी, कल्पेश यादव, अनिल गौड़, सुशील शुक्ला ‘नाचीज़’, शिवम मिश्र, केडी शुक्ल, कविता उपाध्याय, शिवशंकर बाजपेई, आदि थे। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्षीय वक्तव्य के पश्चात एवं शिवम् मिश्र द्वारा आभार व्यक्त करने के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

■ कवियों-साहित्यकारों की केंद्र सरकार से मांग

# मराठी भाषियों की आवाज दुबई में बुलंद : चव्हाण

- चार को महाराष्ट्र काउंसिल की स्थापना
- दुबई में रहते करीब डेढ़ लाख मराठी
- महा हेल्पलाइन सेवा 24 घंटे उपलब्ध



**मुंबई।** व्यवसाय और नौकरी के सिलसिले में दुबई में रहने वाले डेढ़ लाख मराठी भाषियों के लिए हाल ही में महाराष्ट्र परिषद (महाराष्ट्र काउंसिल) की स्थापना की गई है। यह परिषद, संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले भारतीय नागरिकों द्वारा स्थापित “इंडियन पीपल्स फोरम” (आईपीएफ) की एक अंगीकृत संस्था के रूप में कार्यरत रहेगी। बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की प्रमुख उपस्थिति में दुबई में रविवार, चार मई को इस काउंसिल की नींव रखी गई। स्थापना समारोह में रविंद्र चव्हाण ने कहा कि महाराष्ट्र काउंसिल की ‘महा हेल्पलाइन’ और ‘युनाइटेड महाराष्ट्र प्लेटफॉर्म’ जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण उपक्रमों के कारण दुबई में रहने वाले मराठी लोगों की आवाज और मजबूत होगी और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अधिक शक्ति प्राप्त होगी। किसी भी कारण से संकट में फंसे यूएई स्थित मराठी लोगों को उनकी मातृभाषा में सहायता प्राप्त हो सके, इस उद्देश्य से “050 365 हेल्प यह ‘महा हेल्पलाइन’ सेवा 24 घंटे उपलब्ध करवाई गई है।

इसके माध्यम से सरकारी और कानूनी सहायता के लिए विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा। साथ ही ‘युनाइटेड महाराष्ट्र’ इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से यूएई में कार्यरत 40 सामाजिक संस्थाएं एक छत के नीचे आई हैं, जिससे महाराष्ट्र की एकता का संदेश यूएई में व्यापक रूप से पहुंचेगा, ऐसा कहना है रविंद्र चव्हाण का। राहुल तुलपुले के नेतृत्व में आयोजित परिषद में कोकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक निरंजन डावखरे, भारत के यूएई स्थित राजदूत सतीश कुमार सिवन, आईपीएफ यूएई प्रमुख श्री जितेंद्र वैद्य और सैकड़ों भारतीय, विशेष रूप से मराठी भाषी लोग उपस्थित थे। रविंद्र चव्हाण की यूएई यात्रा के दौरान भारतीय दूतावास में भारत के कॉन्सुल जनरल सतीश कुमार सिवन से शिष्टाचार भेंट और चर्चा हुई। चव्हाण ने बताया कि इसके अलावा दुबई की ‘दुबई बिजनेस कम्युनिटी’ और ‘दुबई महाराष्ट्र मंडल’ के सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई।




# आरएमसी प्लांट के संचालक पर मामला दर्ज करने की मांग

### 30 फुट गहरे कुएं में गिरने से हुई थी दो मजदूरों की मौत

**नालासोपारा।** नायगांव पुलिस स्टेशन क्षेत्र के मुंबई अहमदाबाद हाइवे स्थित ससुपाड़ा इलाके में शुक्रवार को एक आरएमसी प्लांट में काम करने वाले दो मजदूरों की तीस फुट गहरे कुएं में गिरने से मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर बीजेपी के पूर्व नगरसेवक किरण भोईर ने आरएमसी प्लांट के संचालक पर मामला दर्ज करने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री, पालकमंत्री व पुलिस प्रशासन से मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि संचालक द्वारा वहां पर सुरक्षा संबंधी कोई इंतजाम नही थे। जिसकी वजह से मजदूरों की जान गई है। भोईर ने कहा कि गरीब मजदूरों को न्याय मिलना चाहिए। इसमें सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की जांच होनी चाहिए। वसई विरार में जितने भी आरएमसी प्लांट संचालित है, वहां पर कोई भी प्लांट वाला नियमों का पालन नही करता है। इसमें एमपीसीबी के अधिकारियों की मिलीभगत है। मुंबई अहमदाबाद हाइवे के ससुपाडा स्थित महाकाल आरएमसी प्लांट है। शुक्रवार शाम को प्लांट में काम करने वाले विश्वजीत हरिश्चंद्र राजभर (20) व राजन सुरेंद्र राजभर (24) रस्सी लाने के लिए जा रहे थे तभी दोनों अचानक प्लांट के 30 फुट गहरे कुएं में गिर गए जहां उनकी दम घुटने से मौत हो गई। उन्हें बचाने वाले एक अन्य मजदूर भी घायल हुआ है। आरोप है कि प्लांट संचालक द्वारा वहां पर सेफ्टी के कोई इंतजाम नही थे। जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है।



12वीं (HSC) परीक्षा में सभी सफल विद्यार्थियों को

हार्दिक बधाई।

■ आप सभी विद्यार्थियों की सफलता को यादगार बनाने के लिए जागरूक टाइम्स ने आप विद्यार्थियों की सफलता को लोगों तक पुहंचाने का संकल्प लिया है।

■ समाचार पत्र के अगले अंक में प्रकाशानार्थ आप अपनी पासपोर्ट साइज फोटो एवं अपेक्षित विवरण jagruktimes@gmail.com मेल अथवा 9930850102 पर व्हाट्सएप करें। धन्यवाद।



% 86.67
Class 12th
महाराष्ट्र बोर्ड
सोलंकी विशाल लिखमाराम

# जैसलमेर : कर्रा रोग से 500 गायों की मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** भीषण गर्मी में जैसलमेर जिले में फैलने वाले कर्रा रोग के कारणों की जांच के लिए जयपुर से आई पशुपालन विभाग के विशेषज्ञों की टीमों ने जिले के अलग-अलग गांवों में पहुंचकर बीमार गाय के ब्लड व यहां के पानी, मिट्टी एवं चारे के सैंपल लिए हैं। इन सैंपलों की जांच जयपुर स्थित पशुपालन विभाग की लैब में की जाएगी। जिले में गायों में फैल रहे कर्रा रोग को लेकर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने संज्ञान लिया। पशुपालन मंत्री के निर्देशों के बाद जयपुर से जांच के लिए टीमें जैसलमेर पहुंची। रोकथाम के प्रयास किए जा रहे हैं। डा. उमेश वरगंटिवार, संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग का कहना है कि पशुपालन मंत्री के निर्देशों पर जयपुर से टीमें आई थी। टीमों द्वारा प्रभावित इलाकों में गाय के ब्लड, मिट्टी, पानी व चारे के सैंपल लिए गए हैं। अब इनमें पोषक तत्वों की जांच की जाएगी। फिलहाल स्थिति कंट्रोल में है। मौतों में कमी आई है।



▶▶ जयपुर से आई टीम का 20 गांवों का दौरा

▶▶ पानी, मिट्टी, ब्लड व चारे के सैंपल जुटाए

### टीम ने 20 गांवों का दौरा किया

जयपुर से आए पशुपालन विभाग के विशेषज्ञ डा. एसके जिरवाल, डा. संदीप शर्मा व डा. विकास गालव ने रिदवा, भागू का गांव, आकल, बडोड़ा गांव, सोनू, मोकला, पारेवर सहित 20 गांवों का दौरा किया। उन्होंने इन सभी गांवों से पानी, ब्लड, चारा व मिट्टी के सैंपल लिए। पशु चिकित्सकों का कहना है कि चारे में फासफोरस तत्व की कमी तथा दुधारु गायों में दुग्ध उत्पादन के कारण उसके शरीर में फासफोरस तथा अन्य पोषक तत्वों की कमी थी।

### शव दफनाने से बीमारी का फैलाव कम

कर्रा रोग के प्रभावी रोकथाम को लेकर जयपुर से लेकर जैसलमेर तक अधिकारियों की ओर से प्रयास किए जा रहे है। वहीं कलेक्टर व जिला परिषद सीईओ की ओर से ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि मृत गायों के शवों का वैज्ञानिक विधि से गड्ढा खोदकर शव का निस्तारण किया जाए। वैज्ञानिक विधि से शवों का निस्तारण होने पर गायों की मौतों में भी कमी आई है। स्थिति की बात करें तो ग्रामीणों के अनुसार अब तक 500 से भी ज्यादा गायों की मौत हो चुकी है, वहीं सरकारी रिकॉर्ड में अब तक 190 गोवंश कर्रा रोग की चपेट में आकर जान गंवा चुके हैं।

**बाड़मेर।** रेतीले तूफान और बारिश के बाद रेगिस्तानी जिले बाड़मेर में लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। 24 घंटों से मौसम सुहाना बना हुआ है। अधिकतम पारा नौ डिग्री गिरकर 30.6 सेल्सियस पहुंच गया। इस माह के पांच दिनों में 16 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने 10 मई तक आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। रेत के बवंडर से डिस्कॉम को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। सोमवार को जिले के शहर सहित ग्रामीणों इलाकों में अधिकांश जगह लाइट गुल रही।

# बाड़मेर : बारिश-आंधी का अलर्ट

▶▶ चार दिन बाद बढ़ेगी गर्मी, तापमान में 16 डिग्री की गिरावट



### रेतीले तूफान ने तबाही मचाई

दरअसल, बाड़मेर पश्चिमी राजस्थान में तीसरे दिन भी लगातार रेतीले तूफान ने तबाही मचाई। सोमवार अलसुबह करीब पौने चार बजे 90-100 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से आए रेत के बवंडर ने पूरे बाड़मेर जिले में जमकर तबाही मचाई। इससे सर्वाधिक नुकसान डिस्कॉम को हुआ है। 1800 से ज्यादा बिजली के पोल टूट गए। कई जगह ट्रांसफॉर्मर गिर गए। अंधड़ से करीब 500 से ज्यादा गांवों में 24 घंटे तक ब्लेक आउट रहा।

## जैसलमेर : 13 डिग्री गिरा पारा

**जैसलमेर।** जैसलमेर में पिछले दिनों आंधी व बरसात के कारण मौसम पूरी तरह से बदल गया है। गत एक मई को तापमान जहां 46.7 डिग्री पहुंच गया था। इन चार दिनों में आंधी व बरसात के कारण अधिकतम तापमान में 13 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। बात करे तो पिछले 20 सालों में यह तीसरी बार है जब मई महीने में तापमान में गिरावट के साथ 33 डिग्री के पास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने भी जिले में आंधी व बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक ऐसा ही मौसम रहेगा। इसके बाद तापमान में फिर से तेजी होगी। जिससे गर्मी का असर भी बढ़ेगा। गौरतलब है कि आमतौर पर अप्रैल में गर्मी का मौसम शुरू होने के बाद मई में तेज धूप के कारण तापमान व गर्मी में बढ़ोतरी ही होती है। लेकिन इस बार आंधी व बरसात के दौर चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। आंधी व बरसात के कारण आमजन को गर्मी से पूरी तरह से निजात मिल गई है। सोमवार को भी तल्ख धूप नहीं थी। इसके साथ ही बादलों की आवाजाही से उमस का असर जरूर देखने को मिला। लेकिन बीच-बीच में हवाओं के चलने से गर्मी का असर पूरी तरह से गायब हो गया। सोमवार को अधिकतम तापमान 33.9 व न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक ऐसा ही मौसम रहेगा।

■ दिन का तापमान 33 व रात का पारा 21 डिग्री पहुंचा

## जोधपुर में मौसम बदला, छाए बादल

**जोधपुर।** जोधपुर में मौसम में बदलाव का असर मंगलवार को भी देखने को मिला। शहर के कई हिस्सों में दिन में हल्की बारिश भी हुई। सुबह से ही बादल छाए रहने की वजह से आसमान में धूप नहीं निकली। वहीं इसकी वजह से पिछले कई दिनों से गर्मी की वजह से परेशान लोगों को भी राहत मिली है। मंगलवार को जोधपुर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में दोपहर के समय हुई बारिश के चलते मौसम सुहावना हो गया। हालांकि कई ऐसे इलाके भी रहे, जहां पर बारिश नहीं हुई, लेकिन जोधपुर शहर में बादल छाए हुए होने की वजह से तापमान में गिरावट देखने को मिली। मौसम विभाग की ओर से भी जोधपुर सहित कई जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया था। पिछले कुछ दिनों से जोधपुर के मौसम में अचानक से बदलाव आया हुआ है। इसके चलते आंधी के साथ ही बारिश का दौर भी शुरू हो गया।



■ सुबह से नहीं खिली धूप
■ तापमान में आई गिरावट

# मॉक ड्रिल की तैयारियों में जुटी सिविल डिफेंस टीम

**जोधपुर।** जोधपुर में सिविल डिफेंस टीम ने बुधवार को होने वाली मॉक ड्रिल की तैयारी की। जोधपुर में सिविल डिफेंस के वॉलंटियर्स आपातकालीन स्थितियों में काम आने वाले संसाधनों से पूर्वाभ्यास भी करते नजर आए। जोधपुर में मॉक ड्रिल की तैयारी के तहत मैन्युअल सायरन को चलाकर चेक किया गया। इसकी आवाज डेढ़ किमी तक सुनाई देती है। इसको चलाने के बाद कभी भी नियंत्रित किया जा सकता है। वहीं, इलेक्ट्रिक सायरन को एक बार स्टार्ट करने के बाद 15 मिनट तक रोका नहीं जा सकता और इस की आवाज चार से पांच किलोमीटर तक सुनाई देती है। 400 वॉलेंटियर की टीम तैयार जोधपुर कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि एयर स्ट्राइक से बचने के लिए मॉक ड्रिल होगी। एयर सायरन बजाए जाएंगे। इसके साथ ही सिविल डिफेंस के वॉलेंटियर को शहर में भेजा जाएगा। इसमें वे शहरवासियों को बताएंगे कि सायरन के दौरान हमें कैसे बचना और किन बातों का ध्यान रखना है। इसके अलावा छह से सात तरह की सर्विस, जैसे-फायर, सिविल, मेडिकल, पुलिस और रेस्क्यू इन सभी के ऑर्डिनेशन के लिए ब्रीफ किया गया है। सभी शहरवासियों से अपील करना चाहूंगा कि इसमें पैनिक होने की जरूरत नहीं है। यदि इस तरह के सायरन सुनाई दे तो हमें कैसे अलर्ट रहना है और कैसे हमारी जान बचानी है। कलेक्टर ने बताया कि सिविल डिफेंस के 400 वॉलेंटियर को बता दिया गया है कि उन्हें क्या करना है।



■ जोधपुर में एयर स्ट्राइक से बचने के लिए वॉलेंटियर बताएंगे तरीके, सायरन चेक किए

## जोधपुर : युवती घर से लापता

**जोधपुर।** जोधपुर में 21 साल की युवती के घर से लापता हो जाने का मामला सामने आया है। लड़की परिजनों को बिना बताए घर से चली गए। लड़की के पिता ने इस संबंध पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। लड़की के पिता ने करवड़ थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि उनकी 21 साल की लड़की रविवार रात को घर से बिना बताए कहीं चली गई। जो अभी तक वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने की काफी जगह तलाश की। लेकिन लड़की का अभी तक कहीं कोई सुराग नहीं लगा। लड़की के पिता ने एक युवक पर लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने का संदेह जताया है। फिलहाल परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस लड़की की तलाश में जुट गई है। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक मोहनराम कर रहे हैं।

■ अभी तक नहीं लगा सुराग

### मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 861 | 862 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 237 | 237 |
| जिंक स्लैब | 249 | 248 |
| लीड इन्गॉट | 182 | 183 |
| टिन स्लैब | 2755 | 2695 |
| निकल | 1355 | 1342 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 837 | 833 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 825 | 823 |
| कॉपर आर्मेचर | 815 | 813 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 747 | 745 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 546 | 545 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 585 | 585 |
| एल्युमिनियम | 195 | 195 |

### लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9,555 | -1675 |
| टिन | 31,991 | +45 |
| लीड | 9,131 | -2625 |
| जिंक | 2,605 | -875 |
| एल्युमिनियम | 2,403 | +0 |
| निकल | 15,659 | -336 |

## नुक्कड़ नाटक के जरिए किया जागरूक




▶▶ विधि संकाय के छात्रों ने साइबर अपराध के बारे में बताया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विधि संकाय के विद्यार्थी सामाजिक जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। संकाय के छात्रों की ओर से अलग-अलग जगह पर नुक्कड़ नाटक किया जा रहे हैं। राहुल जमेरिया ने बताय कि कार्यक्रम का उद्देश्य घरेलू हिंसा, लैंगिक समानता एवं साइबर अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लोगों को जागरूक करना है। इसके लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रोफेसर भव्या तिवारी के मार्गदर्शन में चल रहा है। इसमें टीम के सदस्य जाह्नवी, निरमा, वंदना, करिश्मा, अनन्या, मनीषा, पिंकी, अजीत, विकास, मोहित, खुशाल, धर्मेंद्र, अमित, अभिषेक, अर्जुन, दीपेश शाहिद विधि संकाय के छात्र-छात्राएं शामिल है।

## बाड़मेर : स्पा-सेंटरों पर कार्रवाई की सूचना लीक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▶▶ 20 मिनट पहले भागे आरोपी

▶▶ कार्रवाई जारी रखने के निर्देश

**बाड़मेर।** बाड़मेर शहर के स्पा सेंटरों पर पुलिस ने दबिश दी, लेकिन सूचना लीक होने से स्पा सेंटरों से लोग गायब हो गए। इससे पुलिस को बैरंग लौटना पड़ा। पुलिस ने कहा है कि हमारी जांच पड़ताल आगे भी जारी रहेगी। पुलिस ने नेशनल हाईवे पर महावीर नगर से चौहटन चौराहा तक सड़क किनारे चल रहे स्पा सेंटरों पर कार्रवाई की। एएसपी जसाराम बोस ने बताया कि शहर में चल रहे स्पा सेंटरों में जिस्म फरोशी का कारोबार चलने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर डिप्टी अरविंद के साथ कोतवाली थाना, बाड़मेर ग्रामीण, सदर थाना, रीको थाना के थानाधिकारी, आरएसी के जवानों के दल ने रीको प्रवेश रोड पर स्थित बिल्डिंग, महावीर नगर स्थित स्पा सेंटर सहित अन्य स्पा सेंटरों पर कार्रवाई की, लेकिन कार्रवाई के दौरान पुलिस को बैरंग ही लौटना पड़ा। स्पा सेंटरों पर कोई नहीं मिला। पुलिस प्रशासन द्वारा सोमवार की दोपहर को शहर के स्पा सेंटरों पर दबिश देने से पहले ही सूचना लीक हो गई। पुलिस के आने से 20 मिनट पहले ही स्पा सेंटर खाली हो गए।



# व्यापार जगत

# बैंक ऑफ बड़ौदा का होम लोन 0.40% सस्ता

▶▶ 20 साल के लिए 30 लाख के लोन पर बचेंगे 1.80 लाख

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने लोन की ब्याज दरों में 0.40% की कटौती की है। इस कटौती के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा से सभी तरह के लोन लेना अब सस्ता हो गया है। अब बैंक ऑफ बड़ौदा की होम लोन की ब्याज दर सालाना 8% से शुरू होंगी। आरबीआई ने हाल ही में रेपो रेट को 6.25% से घटाकर 6.00% किया है। जिसके बाद बैंकों ने भी एफडी और लोन की ब्याज दरों में कटौती शुरू कर दी है। इससे पहले एसबीआई और एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने लोन की ब्याज दरों में 0.25% की कटौती की थी। बैंक समय- समय पर लोन लेने वालों को बेहतर ऑफर्स उपलब्ध कराते रहते हैं। ऐसे में आप लोन लेने से पहले सभी बैंकों के ऑफर्स के बारे में पता कर लें। क्योंकि जल्दबाजी में लोन लेना आपके लिए गलत साबित हो सकता है। लोन लेने से पहले सही से छानबीन कर लें।

Bank of Baroda

### अपने सिबिल स्कोर का ध्यान रखें

सिबिल स्कोर से व्यक्ति की क्रेडिट हिस्ट्री का पता चलता है। पर्सनल लोन के मामले में बैंक आवेदक का सिविल स्कोर जरूर देखते हैं। क्रेडिट स्कोर कई खास क्रेडिट प्रोफाइलिंग कंपनियों की तरफ से तय किया जाता है। इसमें यह देखा जाता है कि आपने पहले लोन लिया है या क्रेडिट कार्ड आदि का इस्तेमाल किस प्रकार किया है।

### प्री-पेमेंट पेनल्टी की जानकारी जरूर लें

कई बैंक समय से पहले लोन अदा करने पर पेनल्टी लगाते हैं। ऐसे में बैंकों से इस बारे में पूरी डिटेल ले लें, क्योंकि समय से पहले लोन अदा करने पर बैंकों को उम्मीद के मुताबिक कम ब्याज मिलता है। ऐसे में उनकी ओर से कुछ टर्म एडं कंडीशन लगाए जाते हैं। इसलिए होम लोन लेते वक्त इस बारे में पूरी जानकारी हासिल कर लें।

# वेरिटास फाइनेंस को आईपीओ का अप्रूवल मिला

▶▶ इश्यू से 2,800 करोड़ जुटाना चाहती कंपनी

▶▶ इसमें 600 करोड़ का फ्रेश इश्यू भी शामिल

**मुंबई।** वेरिटास फाइनेंस जल्द ही आईपीओ की ओपन डेट, क्लोज डेट, अलॉटमेंट डिटेल्स और लिस्टिंग टाइमलाइन की घोषणा करेगी। वेरिटास फाइनेंस जल्द ही आईपीओ की ओपन डेट, क्लोज डेट, अलॉटमेंट डिटेल्स और लिस्टिंग टाइमलाइन की घोषणा करेगी। रिटेल फाइनेंस पर फोकस करने वाली नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी वेरिटास फाइनेंस को सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी सेबी से आईपीओ के लिए हरी झंडी मिल गई है। इस आईपीओ से कंपनी 2,800 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। पब्लिक ऑफरिंग में 600 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और 2,200 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयरों की सेल्स का ऑफर यानी ओएफएस शामिल है, जिनमें से हर एक इक्विटी शेयर की फेस वैल्यू 10 रुपए है। आईपीओ में एलिजिबल एम्प्लॉइज के लिए शेयरों का रिजर्वेशन भी शामिल है। 2015 में स्थापित वेरिटास फाइनेंस माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज और सेल्फ एम्प्लॉयड इंडिविजुअल की फाइनेंशियल जरूरतों को पूरा करता है। कंपनी स्मॉल बिजनेस लोन्स, होम लोन्स और यूज्ड कॉमर्शियल व्हीकल लोन्स समेत कई फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स प्रोवाइड करती है। वेरिटास फाइनेंस को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 'NBFC-मिडिल लेयर' के रूप में क्लासिफाई किया है।




### आईपीओ से जुटाए गए फंड का क्या यूज करेगी कंपनी ?

आईपीओ से जुटाए गए फंड का यूज कंपनी का कैपिटल बेस बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा बिजनेस से जुड़ी जरूरतों और लेंडिंग फैसिलिटीज को पूरा करने के लिए भी कंपनी फंड का इस्तेमाल करेगी।

### आप का राशिफल 7 मई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनै:-शनै: स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-6-8-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-7-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

## एक दिन में सोना 1,479 महंगा

**नई दिल्ली।** इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,479 बढ़कर 96,761 पर पहुंचा गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 95,282 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 1,745 बढ़कर 95,845 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 94,100 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल यानी एक जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,599 रुपए बढ़कर 96,761 रुपए पर पहुंच गया है।



### चार महानगरों में सोने की कीमत

- **दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,610 रुपए है।
- **मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,460 रुपए है।
- **कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 90,250 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 98,460 रुपए है।
- **चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,460 रुपए है।

## चौथी तिमाही में पेटीएम को 112 करोड़ घाटे का अनुमान

▶▶ 4.50% गिरा शेयर, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में नेट लॉस घटकर 208 करोड़ था

**मुंबई।** पेटीएम की शुरुआत अगस्त 2009 में हुई थी, अभी देश में इसके 30 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं। पेटीएम की शुरुआत अगस्त 2009 में हुई थी, अभी देश में इसके 30 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजों से पहले पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस के शेयर में 4.5% से ज्यादा की गिरावट है। ऑनलाइन पेमेंट सर्विस प्रोवाइड करने वाली कंपनी आज यानी छह मई को जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे जारी करने वाली है। शेयर में यह गिरावट कंपनी के नतीजों को लेकर मार्केट एनालिस्ट और ब्रोकरेज फर्म के अलग-अलग अनुमान के चलते है। जेएम फाइनेंशियल और यस सिक्योरिटी के मुताबिक, Q4 में पेटीएम का नेट प्रॉफिट 3.6 करोड़ से 4.5 करोड़ के बीच रह सकता है। हालांकि, मोतिलाल ओसवाल के अनुसार, कंपनी को 112 करोड़ रुपए का नुकसान हो सकता है। अलग-अलग ब्रोकरेज फर्म को उम्मीद है कि सालाना आधार कंपनी का घाटा कम होगा। Q4FY25 में कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 13% गिरकर 1,975 करोड़ रह सकता है। हालांकि, तिमाही आधार पर यह 8% ज्यादा रह सकता है। EBITDA निगेटिव बना रह सकता है। Q4 में इसके माइनस 65 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें 71% की बढ़ोतरी रहेगी। EBITDA मार्जिन भी निगेटिव 3.3% रह सकता है। जनवरी मार्च तिमाही में पेटीएम 2,098 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट करेगी। सालाना आधार पर इसके 7.5% और तिमाही आधार पर 15% कम रहने की उम्मीद है। ब्रोकरेज को उम्मीद है कि कम डेप्रिसिएशन कॉस्ट के चलते कंपनी की प्रॉफिटेबिलिटी में सुधार होगा। UPI इनिसिएटिव से रेवेन्यू ग्रोथ में सहायता मिलेगी, और EBITDA के चलते आगे की दिशा तय होगी।



# जालोर में ओरेंज अलर्ट जारी

- आंधी के साथ बारिश की संभावना, तापमान में गिरावट दर्ज

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर-सांचौर में पिछले 3 दिनों से मौसम में बदलाव का दौर चल रहा हैं। सोमवार को सुबह 75 किमी की गति से आंधी चली। जिसके प्रभाव से जालोर में दिनभर धूप नहीं खिली। जिससे दिन के तापमान में पिछले 24 घंटों में 4.8 डिग्री दर्ज की गई है। जिस कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली। बता दें जालोर-सांचौर में पिछले कुछ दिनों से मौसम में उतार चढ़ाव का दौर चल रहा है। आंधी से मौसम में ठंडक गुल गई। जिससे मौसम लगातार गिरावट दर्ज हो रही हैं। सोमवार को दिन भर बादल छाए रहने के साथ बारिश का मौसम बना रहा हैं। लेकिन दिन में कई कोई बारिश दर्ज नहीं हुई हैं। हालांकि दिन भर धूप नही खिली रहने से आमजन को गर्मी से बड़ी राहत मिली।



### 24 घंटे में 4.8 डिग्री गिरावट

■ जालोर में सोमवार को काले बादल छाए रहने व सूरज नहीं निकलने पर पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में 4.8 डिग्री गिरावट होकर 31.6 डिग्री दर्ज किया गया हैं। वही रात के तापमान में 0.2 डिग्री गिरावट होकर 21.0 डिग्री दर्ज किया गया हैं।

### तीन दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ परिसंचरण तंत्र के रूप में मध्य पाकिस्तान व आसपास के लगने वाले पंजाब, उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के ऊपर बना हुआ है। जिससे हवा के साथ बंगाल की खाड़ी व अरब सागर की खाड़ी से नमी की सप्लाई भी हो रही है। राज्य में बैक टू बैक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आंधी बारिश की गतिविधियां 4-5 दिन जारी रहेंगी। दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में 4 से 7 मई के दौरान तीव्र मेघगर्जन, आंधी (40-50 किमी प्रति घंटा) के साथ मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। 05 मई से बाड़मेर, जालोर व आसपास के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

# दिव्यांग बालकों ने की एसडीएम से मुलाकात

▶▶ सुविधाओं में विस्तार के लिए जमीन आवंटन की मांग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** नगर में दिव्यांग बालकों के लिए संचालित अर्पण दिव्यंग सेवा संस्थान के दिव्यांग बालकों ने मंगलवार को उपखंड एवं आईएएस अधिकारी मोहित कासनियां से मुलाकात की।इस दौरान स्कूल के व्यवस्थापक नीता दवे,पीयूष दवे व प्रवीण कुमार ने बालकों के साथ उपखंड अधिकारी से विद्यालय में संचालित गतिविधियों से अवगत करवाकर उक्त बालकों की सुविधाओं में विस्तार के लिए जमीन आवंटन की मांग की।



### उपखंड अधिकारी ने दिया आश्वासन

उपखंड अधिकारी मोहित कसनियां ने आश्वासन दिया कि वह जल्द से जल्द स्कूल के लिए जमीन की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने बच्चों से मिलकर सहानुभूति प्रकट की और उनके साथ बातचीत की। अर्पण दिव्यंग सेवा संस्थान पिछले 8 सालों से भीनमाल में दिव्यांग और मंदबुद्धि बच्चों के लिए पढ़ाई और हॉस्टल की सुविधा प्रदान कर रहा है।

### अखंड जैन संघ पैदल यात्रा 16 सितंबर से होगी शुरू

**सायला।** श्री जय अम्बे जैन भक्त मंडल दियावट बैंगलोर के तत्वावधान में सायला से अम्बाजी धाम के लिए सत्रहवीं अखण्ड जैन संघ पैदल यात्रा 16 सितंबर को रवाना होगी। आयोजन समिति के सुमेरमल कागरेचा ने बताया कि पैदल यात्रा 16 सितंबर मंगलवार को सायला स्थित अम्बे माता मन्दिर से प्रातः 5 बजे ब्रह्म मुहुर्त में रवाना होगी। जो बाकरारोड, नून, रामसीन, जीरावला, दतानी तीर्थ, आबुरोड होते हुए 22 सितम्बर, सोमवार को अम्बाजी धाम गुजरात पहुंचेगी। जहां संघ द्वारा अम्बाजी धाम में 11 मीटर की ध्वजा चढाई जाएगी। पैदल यात्रा संघ का लाभ संघवी मातुश्री मिश्रीदेवी देवीचंद लुंकड परिवार दासपां ने लिया है। इच्छुक श्रद्धालु 15 मई तक अपना नाम आयोजन समिति के सदस्यों से सम्पर्क कर लिखवा सकते है।

# शिक्षा मंत्री से शिक्षक संघ की मुलाकात

▶▶ 20 सूत्री मांगों पर तत्काल कार्रवाई का दिया आश्वासन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**रानीवाड़ा।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री मदन लाल दिलावर और शासन सचिव कृष्ण कुणाल से बैठक की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में शिक्षकों की 20 सूत्री मांगों पर चर्चा हुई। प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने प्रमुख मांगों का विवरण दिया। इनमें सभी संवर्गों के स्थानांतरण और पदोन्नति की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करना शामिल है। पंचायत शिक्षकों सहित सभी संविदा कार्मिकों को नियमित करने की मांग भी रखी गई। 2008 में नियुक्त प्रबोधक और तृतीय श्रेणी शिक्षकों के लिए मूल वेतन 11,170 के स्थान पर 12,900 करने का प्रस्ताव रखा गया। प्रदेश अध्यक्ष पुष्करणा ने महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में पदस्थापन और प्रवेश प्रक्रिया को जुलाई तक पूरा करने की मांग की। उन्होंने पीडी मद में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन के लिए एकमुश्त वार्षिक बजट की मांग की। मिड डे मील और स्कूल कंपोजिट ग्रांट जैसे विभिन्न मदों का बजट समय पर जारी करने पर भी जोर दिया। बैठक में वरिष्ठ व्याख्याता पे लेवल एल-15 करने और टीएसपी क्षेत्र के शिक्षकों के स्थानांतरण जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। शिक्षक संगठनों की मान्यता और बकाया ग्रीष्मकालीन अवकाश वेतन के भुगतान पर भी विचार-विमर्श हुआ। प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए कई सुझाव भी रखे गए। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम, प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह, महिला मंत्री डॉ अरुणा शर्मा सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने वार्ता को सफल बताया और कई विषयों पर तत्काल कार्रवाई के निर्णय का स्वागत किया।

# शिक्षक संघ ने वेतन नियमतिकरण और स्थायीकरण पर की चर्चा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जिला शाखा जालौर व सांचौर की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के मुख्य महामंत्री पूनमचंद विश्नोई व जिलाध्यक्ष लुम्बाराम चौधरी ने भाग लिया। बैठक में शिक्षकों के वेतन नियमतिकरण और स्थाईकरण को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि शिक्षकों को लंबे समय से फिक्स वेतनमान पर रखा गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जालौर जिलाध्यक्ष किशनलाल सारण ने कहा कि 20 मई को देश व्यापी हड़ताल होगी। ओल्ड पेंशन स्कीम और आठवें वेतनमान की मांग की गई। प्रदेश के मुख्य महामंत्री पूनमचंद विश्नोई ने कहा कि संगठन शिक्षकों के हितों के लिए लड़ाई लड़ेगा। इस दौरान शिक्षक नेता जयकरण खिलेरी, जालाराम खीचड़, राजूराम सारण, रघुनाथ राम जांगू और किशनलाल जांगू सहित कई अन्य शिक्षक शामिल थे।

# जालोर ने वूशु प्रतियोगिता में 14 मेडल जीते

▶▶ प्रदेश में हासिल किया चौथा स्थान, बालिका वर्ग में आराध्या रहीं बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राजस्थान वूशु संघ के तत्वावधान में 2 से 5 मई तक बीकानेर में आयोजित 19वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर वूशु प्रतियोगिता में जालोर के खिलाड़ियों ने कुल 14 पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। जिला वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि जिला वूशु संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य के नेतृत्व में जिले के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक व 2 कांस्य पदकों पर कब्जा जमाकर राजस्थान में चौथा स्थान हासिल किया तथा जालोर की आराध्या सुंदेशा को उनके दमदार खेल प्रदर्शन के कारण बालिका वर्ग में प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ



खिलाड़ी घोषित किया गया। सचिव मिश्रा ने प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि मयंक भादरु,रुद्राक्ष, काव्या गुप्ता,आराध्या सूंदेशा व वैष्णवी सिंह ने स्वर्ण पदक, कर्तव्य गुप्ता, सिद्धार्थ गौड़,भानुप्रताप सिंह, प्रिंस जादम, मित्तल कुमारी,आलिया अली व सोनाक्षी सोलंकी ने रजत पदक तथा जयश्री भादरु व सोनाक्षी शर्मा ने कांस्य पदक अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, महासचिव ममता वर्मा,अंतर्राष्ट्रीय वूशु कोच राजेश कुमार टेलर,जिला वूशु संघ के संरक्षक दलपतसिंह आर्य,आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी,संचालक प्रशांत सिंह, जिला खेल अधिकारी भरत सिंह गुर्जर,जिला सेपक टकरा संघ के अध्यक्ष विनोद आर्य,जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष महेन्द्र मुनोत,जिला तीरंदाजी संघ के सचिव वरुण शर्मा,पॉवर लिफ्टिंग संघ के सचिव कांतिलाल आर्य व जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल, सहित जिले भर के खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर की।

# महात्मा गांधी राजकीय स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

▶▶ आज से पोर्टल पर ऑनलाइन होंगे आवेदन, 15 जून अंतिम तिथि

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भीनमाल स्थित महात्मा गांधी राजकीय स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। स्कूल में नर्सरी से लेकर बारहवीं कक्षा (विज्ञान वर्ग) तक की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। विद्यार्थी शाला दर्पण पोर्टल पर 7 मई से 15 जून 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय विद्यार्थियों को अपना नाम, पिता का नाम, आधार नंबर और मोबाइल नंबर सहित सभी आवश्यक जानकारी सही तरीके से भरनी होगी। इच्छुक विद्यार्थियों और अभिभावकों से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय सीमा में ही आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।



# सांचौर : जिला बचाओ संघर्ष समिति का धरना जारी

▶▶ सांचौर जिला बहाली की मांग

▶▶ बोले-145 किमी दूर जालोर जाना पड़ता है

**सांचौर।** सांचौर में जिला बहाली की मांग को लेकर जिला बचाओ संघर्ष समिति का धरना 129वें दिन भी जारी है। पूर्व राज्यमंत्री सुखराम बिश्नोई के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में खेजड़ियाली ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने एडीएम दौलतराम चौधरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। सुखराम बिश्नोई ने बताया कि सांचौर, जालोर जिले से 145 किलोमीटर दूर है। अंतिम गांव आकोड़िया रणखार करीब 250 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किन मापदंडों के आधार पर सांचौर जिले को निरस्त किया, यह स्पष्ट नहीं है। समिति के संयोजक एडवोकेट भीमाराम चौधरी सहित अन्य नेताओं ने कहा कि सांचौर जिला सही मापदंडों के अनुसार बनाया गया था। इन्हीं मापदंडों के आधार पर अन्य नए जिले और संभाग भी बनाए गए थे। जिला मुख्यालय नजदीक होने से आमजन के कार्य जल्द होते थे, लेकिन वर्तमान सरकार ने जिला रद्द कर जनता को परेशानी में डाल दिया है। धरने में महादेव सिंह राजपूत, चुन्नीलाल चौधरी, मदन सिंह राठौड़, दीपाराम गोदारा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बेजुबानों को चारा -पानी की व्यवस्था

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▶▶ गौ माता सेवा समिति का जलापूर्ति अभियान

▶▶ 11 गांवों में पानी और चारे की व्यवस्था

**सांचौर।** सांचौर में गौमाता सेवा समिति पिछले 4 वर्षो से नेहड़ क्षेत्र में गोवंश के लिए मीठे जल और हरे चारे की आपूर्ति कर रही है। समिति मई और जून के महीनों में टैंकरों के माध्यम से मीठा जल और हरा चारा पहुंचाती है। समिति के सदस्य रमेश खेजड़ियाली, महेन्द्र आमली और प्रवीण डांगरिया ने नेहड़ क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने चयनित स्थानों पर अवाड़ों की स्थिति का जायजा लिया। कुछ नए अवाड़ों पर पानी की व्यवस्था की गई। टैंकर चालकों से संपर्क कर चारा वितरण स्थलों का निर्धारण किया गया। समिति ने सरवाना, बालेरा, भाटकी, कुकड़िया, नलधरा, अंकोडिया, रिडका, खेजड़ीयाली, जोड़ादर, नवापुरा और कोलियों की ढाणी फौजी रोड पर जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया। साथ ही सभी जगह पक्षियों के लिए परिंडे, पक्षीघर और चुग्गापात्र लगाए गए। इस सेवा कार्य में सांचौर के अलावा मुंबई और अहमदाबाद के भामाशाह भी सहयोग कर रहे हैं। जेठा जी हिंडवाड़ा, जयकिशन बिश्नोई सरवाना और श्रवणदास सांचौर प्रमुख सहयोगियों में शामिल हैं।



# जालोर में 3 दिन पेयजल आपूर्ति रहेगी ठप

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** आंधी से पेयजल स्त्रोत से जुड़े बिजली उपकरण में खराबी होने व पॉल क्षतिग्रस्त होने से पेयजल सप्लाई पूर्ण रूप से नहीं होगी। जिससे जालोर शहर में आगामी दो-तीन दिन तक पेयजल सप्लाई आंशिक रूप से बाधित रहेगी। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग उपखण्ड जालोर के सहायक अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि 4 व 5 मई को आंधी-तूफान के कारण मुख्य स्त्रोत नर्मदा परियोजना, मुख्य हेड वर्क्स सांफाड़ा, कुआबेर व सोनपुरा पर विद्युत व्यवधान होने के कारण जालोर शहर की होने वाली पेयजल सप्लाई आगामी दो से तीन दिन तक आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

# कई वार्डों में लगे कचरे के ढेर

- लोगों ने कहा- हर रोज नहीं पहुंच रही कचरा गाड़ी, प्रशासन से समाधान की मांग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भीनमाल में कचरा प्रबंधन व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गई है। नगरपालिका ने शहर के कई वार्डों में कचरा पात्र तक नहीं लगाए हैं। जहां कचरा पात्र हैं, वहां नियमित रूप से खाली नहीं किए जा रहे। धोराढाल मोहल्ला, महावीर सर्किल और हाई स्कूल के पास आखरिया क्षेत्र में स्थिति खराब है। इन क्षेत्रों में निजी अस्पतालों के आसपास रोज सुबह पॉलीथिन में कचरा फेंका जा रहा है। आवारा गोवंश इस कचरे में भोजन ढूंढते हैं। पॉलीथिन युक्त कचरे से गोवंश के स्वास्थ्य को खतरा है। स्थानीय लोगों ने एडीएम, एसडीएम और नगरपालिका के कार्यकारी अधिकारी से समस्या के



समाधान की मांग की है। उन्होंने नगर की स्वच्छता और गोवंश की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। जाकोब तालाब के मार्ग पर भी कचरा डाला जा रहा है। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी महीपाल सिंह ने बताया कि नगरपालिका की जेसीबी खराब है। दूसरी जेसीबी की व्यवस्था कर आज ही सभी जगहों से कचरा हटवाया जाएगा।

# सवारियों से भरी प्राइवेट बस पलटी

▶▶ बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हादसा, 3 घायल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर से फालना सवारियां लेकर जा रही एक खालसा कम्पनी की बस मंगलवार को मादड़ी गांव के पास पलट गई। हालांकि इस दौरान बस में मौजूद सवारियों को चोट नहीं लगी। जिससे अस्पताल में इलाज के बाद सभी डिस्चार्ज कर घर भेज दिया। बता दें कि जालोर से वाया आहोर होते फालना से सवारियां लेकर जा रही खालसा कम्पनी की एक बस मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे मादड़ी गांव के पास सिंगल रोड से होते हुए जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही एक बाइक को बचाने के शक्कर के लिए बस को रोड से नीचे उतारना पड़ा इसी दौरान बस पलट गई।




### बस में बैठी थी 25 से ज्यादा सवारियां

बस में हादसे में समय 25 से अधिक सवारियां मौजूद थी। जिसमें तीन लोगों को हल्की चोट आई तथा अन्य सवारियों को कोई चोट नहीं आई। तथा तीनों का आहोर अस्पातल में ईलाज चल रहा हैं। अन्य सवारियों को ईलाज के बाद घर भेज दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की रिपोर्ट बनाकर जांच शुरू की।

# कार और बाइक की टक्कर, युवक की मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



- जुंजाणी-जैरण मार्ग पर हादसा

**भीनमाल।** भीनमाल के जुंजाणी-जैरण मार्ग पर सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। एक क्रेटा कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान निंबाऊ गांव निवासी गणेशाराम मेघवाल के रूप में हुई है। भीनमाल पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भीनमाल अस्पताल की मॉर्च्युरी में भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे की खबर से निंबाऊ गांव में शोक छा गया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

**मध्य रेल**

**परियोजना पर्यवेक्षण सेवा प्रदान करना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से डिप्टी मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (प्रोजेक्ट) भुसावल, मंडल- भुसावल, सेंट्रल रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए पात्र निविदाकारों से ई-निविदा आमंत्रित करता है।, जिसे दिनांक 02/06/2025 को 15.00 बजे तक निविदा का समय, तिथि और प्रस्तुतीकरण उसी दिन 15.15 बजे खोला जाएगा। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित कार्यों के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी उपलब्ध कराना (i) मध्य रेलवे भुसावल मंडल के क्षेत्राधिकार में सर्वेक्षण, डिज़ाइन, आपूर्ति, स्टेशनरी कवच उपकरण की स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, और अन्य संबद्ध कार्य (ii) मध्य रेलवे में कवच और अन्य संबंधित कार्यों के लिए टावरों का सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग । **लगभग मूल्य:** Rs. 5,98,02,509.67/- **ईएमडी :** Rs. 44,9000/-, **खुलने की तारीख़:** 02/06/2025, **वैधता:** 120 days, **समापन अवधी :** 66 Months । यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती हैं । निविदाओं का पूरा विवरण मध्य रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं ।

**निविदा सूचना नं: BSL-SNT- PROJ-01-PSSA-2025 dtd. 01/05/2025**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे 73

**मध्य रेल**

**ईएलएस/कल्याण के विभिन्न उपकरणों का डिस्मेंटलिंग, स्ट्रिपिंग, सफाई, पेंटिंग और वेल्डिंग।**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च. स्टॉक) मध्य रेल विद्युत लोको शेड कल्याण 421 301 द्वारा, प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई निविदा वेबसाइट : **https://gem.gov.in/** के माध्यम से आमंत्रित करते है। **कार्य का विवरण:** विद्युत् लोको शेड, कल्याण में भिन्न उपकरणोंका, खोलना, स्ट्रिप्पिंग, साफ सफाई, पेंटिंग एवं भिन्न उपकरणोंका वेल्डिंग की 2 साल की अवधि के लिए सर्विस कार्य. निविदा क्र: **GEM/2025/B/6194719 कार्य की औसत लागत:** 1,56,03,975.31 (जी एस टी सहित), **ई. एम. डी./ बिडसि क्योरिटी:** 2,28,020/-, **निविदा पत्र का / मूल्य:** 0.00, **समापन/ अनुरक्षण अवधि:** 24 माह, **बिड प्रकार:** डबल पैकेट **अनुदेश: 1.** उपरोक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय 29-05-2025 को 11.00 बजे और उसी दिन 11.30 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा ऑफर की वैधता 60 दिन है। **2.** निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट : **https://gem.gov.in/** पर भी उपलब्ध हैं। सम्पूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च. स्टॉक) मध्य रेल विद्युत लोको शेड कल्याण 421 301 के कार्यालय मे भी उपलब्ध हैं।

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे 78

**पश्चिम रेलवे**

**सुरक्षा हेतु एरियल वायर्स का प्रतिस्थापन**

वरि. डीईई/पी/बीसीटी द्वारा **निविदा सूचना क्र. ईएल-81-907-डब्ल्यूए-8 दिनांक 02.05. 2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान: मुंबई मंडल: एरियल वायर्स के प्रतिस्थापन से स्टेशन प्लेटफॉर्मस पर सुरक्षा का उन्नयन। कार्य की अनु. लागत: रु. 6,55,96,178/-, बोली ईएमडी:** रु. 4,78,000/-, **जमा करने की दिनांक तथा समय: 30.05.2025 को 15.00 बजे तक। खुलने की दिनांक तथा समय: 30.05.2025 को 15.30 बजे।** आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0113**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# रामसीन सीएचसी से महिला रेफर

▶▶ महिला ने एंबुलेंस में दिया बच्चे को जन्म

**रामसीन।** करिश्मा कुमाटी पत्नी संजय कुमार को प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसीन से रेफर किया गया था। रास्ते में ही भीनमाल पहुंचने से पहले डिलीवरी का समय आ गया और महिला ने बीच रास्ते में ही एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। यह डिलीवरी 108 एंबुलेंस में ईएमटी अभिषेक सोलंकी और पायलट रविंद्र सिंह की मौजूदगी में सफलतापूर्वक करवाई गई। दोनों कार्मिकों ने प्रसव के दौरान बेहतरीन सूझबूझ और तत्परता दिखाई, जिससे जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं। एंबुलेंस की यह सेवा जीवन रक्षक साबित हुई और मौके पर मिली यह मदद काबिल.ए.तारीफ रही।

# जालोर में आज होगी मॉक ड्रिल

▶▶ नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने पूर्वाभ्यास



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के संबंध में 7 मई, बुधवार को नागरिक सुरक्षा अभ्यास/पूर्व अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया जायेगा। मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सिविल डिफेंस, अग्निशमन सहित नागरिक सुरक्षा सेवाओं की रेस्पोंस टाइम, ब्लैकआउट उपायों के क्रियान्वयन का आंकलन तथा आपातकालीन निकासी योजनाओं की तैयारी और उनके कार्यान्वयन का मूल्यांकन किया जायेगा। बुधवार को होने वाली नागरिक सुरक्षा अभ्यास/पूर्व अभ्यास (मॉक ड्रिल) के तहत ब्लैक आउट उपायों का अभ्यास किया जायेगा जिसके तहत सायरन सुनाई देने पर जिला मुख्यालय एवं सभी प्रमुख कस्बों व ग्राम स्तर पर नागरिकों द्वारा घर की सभी लाईटें बंद कर ब्लैक आउट ड्रिल का अभ्यास किया जायेगा।

# कूडा पंचायत के लोगों का प्रदर्शन

▶▶ करड़ा में शामिल करने का विरोध, बोले-18 किमी दूर आने जाने में होगी परेशानी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा में नवसृजित पंचायत समिति करड़ा में ग्राम पंचायत कूड़ा को शामिल करने के विरोध में ग्रामीणों ने मंगलवार को उपखंड अधिकारी सुनील कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उप प्रधान महादेवाराम देवासी ने बताया-कूड़ा ग्राम पंचायत रानीवाड़ा-सांचौर मुख्य राजमार्ग पर स्थित है। कूड़ा और ग्राम पाल रानीवाड़ा से केवल 12 किलोमीटर दूर है। नई पंचायत समिति करड़ा 18 किलोमीटर दूर है। करड़ा जाने के लिए नियमित यातायात की सुविधा भी नहीं है। ज्ञापन में बताया-कूड़ा का पुलिस थाना रानीवाड़ा में आता है। ग्राम पंचायत सेवाड़ा को रानीवाड़ा पंचायत समिति में रखा गया है। सेवाड़ा कूड़ा से सांचौर की तरफ 3 किलोमीटर आगे है। सेवाड़ा का पुलिस थाना करड़ा में है, फिर भी उसे रानीवाड़ा पंचायत समिति में रखा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि राजनीतिक द्वेष के कारण कूड़ा को करड़ा पंचायत समिति में शामिल किया गया है। पंचायत वासियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे आंदोलन करेंगे और न्यायालय जाएंगे। इस मौके पर पाल और कूड़ा गांव के कई ग्रामवासी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



**पश्चिम रेलवे**

**विविध संकेतक कार्य**

वरिष्ठ मंडल संकेतक एवं दूरसंचार अभियंता (सीओ), 2 रा तल, मंडल रेलवे प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **निविदा क्र. डब्ल्यूआर-एमएमसीटी-एसएनटी-एसटीटीडी-6-2025दिनांक 02.05.2025** आमंत्रित है। **कार्य का नाम: मुंबई मंडल में नेटवर्क फायरवॉल एवं नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली। कार्य की लागत: रु. 1,37,80,188.86, बोली प्रतिभूति:** रु. 2,18,900/-, **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम दिनांक तथा समय: 26.05.2025 को 15.00 बजे तक। खुलने की दिनांक तथा समय:** 26.05.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0110**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**ई-निविदा सूचना क्रमांक. NIT/01/25/20 dated 30-April-25**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मध्य रेलवे निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | विविरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 43251079 | 110 V ब्रशलेस डीसी फैन फिक्स्ड टाइप 400 एमएम स्वीप | 2788 नग | 19-मई-25 |
| 2 | 27252482 | एलईडी मार्कर लाइट | 199 नग | 20-मई-25 |
| 3 | 42255012 | ईएमयू/मेमू के लिए एक्सल बॉक्स हाउसिंग | 288 नग | 21 -मई-25 |
| 4 | 27252698 | क्रॉस बार असेंबली का सेट | 105 नग | 22-मई-25 |
| 5 | 27252458 | एलईडी बेस्ड ट्विन बीम हेड लाइट का सेट | 138 सेट | 26-मई-25 |
| 6 | 43251150 | डीजल लोको स्टार्टर बैटरी | 107 सेट | 02-जून-25 |
| 7 | 43251227 | 110 वोल्ट, 75 एएच क्षमता की लेड एसिड बैटरियां | 126 सेट | 02-जून-25 |

**नोट :** उपरोक्त सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां **IREPS** वेबसाइट :**https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया **IREPS** वेबसाइट पर जाएं।

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे 75

## सुविचार

जो पवित्र तथा साहसी है, वही जगत में सब कुछ कर सकता है। माया-मोह से प्रभु सदा तुम्हारी रक्षा करे।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## फिर घिरा पाकिस्तान

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी है। सोमवार को बंद दरवाजे के पीछे हुई यूएनएससी की बैठक में पाकिस्तान ने सोचा था कि वह अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाकर भारत पर दबाव बना लेगा, लेकिन यूएनएससी में पाकिस्तान उल्टा फंस गया और सदस्यों ने उसे जमकर खरी खोटी सुनाई। पाकिस्तान का भारत के खिलाफ हर पैंतरा उस पर ही भारी पड़ रहा है। ताजा मामला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक का है, जहां पाकिस्तान मदद मांगने गया था, लेकिन सुरक्षा परिषद ने उल्टे पाकिस्तान को ही लताड़ दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने पाकिस्तान से ही मुश्किल सवाल पूछे और पहलगाम आतंकी हमले पर जवाबदेही तय करने को कहा। यूएनएससी की बैठक में सदस्यों ने पाकिस्तान से पूछा कि क्या पहलगाम आतंकी हमले में लश्कर-ए-तैयबा का हाथ है या नहीं। दरअसल पाकिस्तान ये दिखाने की कोशिश कर रहा है कि भारत पहलगाम आतंकी हमले की आड़ में उस पर हमला करना चाहता है। हालांकि सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तान के इस तर्क को खारिज कर दिया और उल्टे हमले में लश्कर-ए-तैयबा की भूमिका पर ही सवाल पूछ लिए। संयुक्त राष्ट्र परिषद की बैठक में पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई और इसकी जवाबदेही तय करने की मांग की गई। कुछ सदस्यों ने खासकर इस बात पर सवाल उठाए कि पहलगाम में पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर निशाना बनाया गया। इसकी भी सदस्यों ने कड़ी निंदा की। पाकिस्तान द्वारा हाल ही में बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया गया है। सुरक्षा परिषद के कई सदस्यों ने इस पर भी नाराजगी जताई और इसे पाकिस्तान की उकसावे वाली कार्रवाई बताया। पाकिस्तान की कोशिश थी कि मामले को सुरक्षा परिषद में उठाकर इसका अंतरराष्ट्रीयकरण किया जाए और भारत पर दबाव बनाया जाए कि वह सैन्य कार्रवाई न करे, लेकिन उसकी यह कोशिश धरी की धरी रह गई। उल्टे सुरक्षा परिषद ने ही पाकिस्तान को सलाह दी कि वे भारत के साथ मिलकर द्विपक्षीय तरीके से मुद्दे को सुलझाए। गौरतलब है कि पाकिस्तान इस समय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का गैर स्थायी सदस्य है। भारत फिलहाल सुरक्षा परिषद का हिस्सा नहीं है। ऐसे में पाकिस्तान ने सोचा कि वह भारत की गैर मौजूदगी में सुरक्षा परिषद में अपना एजेंडा चलाने में सफल रहेगा क्योंकि उसके आरोपों पर जवाब देने के लिए भारत यूएनएससी का हिस्सा नहीं है, लेकिन ये भारत की बढ़ती कूटनीतिक अहमियत का उदाहरण है कि भारत की गैर मौजूदगी में भी पाकिस्तान का एजेंडा नहीं चला और बाकी सदस्य देशों ने पाकिस्तान को ही घेर लिया।

### भारत-पाकिस्तान

# अगर युद्ध हुआ तो क्या होगा?



संजय श्रीवास्तव

**ये आशंकाएं बलवती हो रही हैं कि जल्द ही भारत और पाकिस्तान में युद्ध होने की आशंका है, यदि दोनों देश युद्ध छेड़ते हैं, तो पाकिस्तान के साथ इस्लामिक देशों के संगठन और चीन के आने की कितनी आशंका है? अमेरिका, रूस, यूरोप, चीन, तुर्की, सऊदी अरब इत्यादि की इसमें क्या भूमिका होगी? क्या नाभिकीय युद्ध का भी खतरा है? इसका परिणाम क्या होगा? इसमें भारत के लिए क्या नुकसान और फायदे हैं और पाकिस्तान के लिए यह कितना घातक होगा? भारत-पाक के बीच जल्द ही युद्ध आरंभ हो, ऐसी आशंका नहीं है। पाकिस्तान भयभीत है और उसे अपनी कमजोरी का अहसास है। वह आत्मघाती कदम नहीं उठाएगा। भारत भी पाकिस्तान को दूसरे अहिंसक विकल्पों से पर्याप्त परेशान करेगा, लेकिन पूर्ण युद्ध की खुली पहल से बचेगा। सो बयानों में 'एस्केलेशन लैडर' यानी तनाव को धीरे-धीरे बढ़ाने की नीति के तहत आक्रामकता बढ़ेगी पर आक्रमण और व्यापक युद्ध से दूरी बनी रहेगी।**

इमेज


पाकिस्तान सरकार को युद्ध से घरेलू समर्थन भले मिले लेकिन बाद में यह उसके लिए घाटे का सौदा होगा। भारत में सरकार के पास पर्याप्त घरेलू समर्थन मौजूद है, उसको इसकी जरूरत नहीं। वैसे भी वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय परिस्थितियां दक्षिण एशिया में बड़े युद्ध की इजाजत नहीं देतीं। ऐसे में कुछ प्रतीकात्मक कार्रवाई से अधिक कुछ संभव नहीं दिखता। निस्संदेह वह कार्यवाही पाकिस्तान को भारी पड़ सकती है। यदि पाकिस्तान की सरकार और सेना अदूरदर्शितापूर्ण फैसला लेते हुए चीन के बहकावे में भारत को युद्ध का उत्तरदायी ठहराते हुए कोई सैन्य प्रतिक्रिया की पहल करते हैं, तो निसंदेह भारत उसका जवाब देगा। क्योंकि आतंकवाद को जवाब देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। महज नाभिकीय हथियारों की बराबरी के अलावा सभी दूसरे सैन्य क्षेत्रों में पिछड़े पाकिस्तान के लिए यह बहुत विकट स्थिति होगी; क्योंकि पाकिस्तान की तुलना में लगभग नौ गुना अधिक रक्षा पर खर्च करने वाले भारत के खिलाफ जंग में चीन का समर्थन उसे खुलकर नहीं, परोक्षतः ही होगा। इस्लामिक देशों में तुर्की के अलावा शायद ही कोई खुलकर उसके साथ आए। कुछ इस्लामिक देश समर्थन देंगे तो नैतिक ही। रूस, अमेरिका, यूरोप इस युद्ध में उत्सुक दर्शक की भूमिका में होंगे, जो यह देख रहे होंगे कि उनकी रक्षा प्रणालियां, हथियार, कितने गुणवत्तापूर्ण हैं। चीनी हार्डवेयर कैसे काम कर रहे हैं। उनकी निगाह युद्धरत देशों की सैन्य रणनीतियां, उनके योजनाकारों और सैनिकों का हथियारों को संभालने का कौशल तथा हथियार बेचने की जुगत पर होगी। सेना को वैधता दिलाने के चक्कर में गंभीर राजनीतिक और आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए यह युद्ध बर्बादी की ओर धकेलने वाला होगा। निसंदेह यह जंग भारत में भी आर्थिक मंदी और अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ाने वाला होगा। हां, विजयी भारत को आतंकवाद पर सख्त कार्रवाई करने वाले देश की छवि बनेगी साथ ही क्षेत्रीय रुतबा और बढ़ेगा। हालांकि माहौल गवाह है कि भारत और पाकिस्तान 2016 और 2019 के बाद एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर हैं। टीवी, सोशल मीडिया तथा दूसरे संचार माध्यमों ने पहलगाम की घटना के बाद अत्यधिक जनाक्रोश को संबोधित करते हुए उससे पैदा गम और गुस्से का शमन करने, धैर्य देने की बजाय कुछ ऐसी भूमिका निभाई है कि यह महसूस होने लगा है कि अधिकांश देशवासियों की मुट्ठियां भिंची हुईं हैं। युद्ध अवश्यंभावी है, अपरिहार्य है। इस बीच प्रधानमंत्री से मुलाकात के ठीक बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना कि, "जनता जो चाहती है, वह होकर रहेगा।" खुद प्रधानमंत्री इस मामले में ऐसे कई बयान दे चुके हैं, जिसके निहितार्थ यही निकलते हैं कि वे पहलगाम की आतंकी घटना को पाकिस्तान समर्थित हमला तथा इसके प्रतिकार स्वरूप युद्ध को न्यायोचित मानते हैं तथा पाकिस्तान के दुस्साहस का प्रत्युत्तर देने का पक्का इरादा रखते हैं। इसके अलावा देश के तमाम राजनेता, लगातार ऐसे बयान दे रहे हैं, जो आमजन में पाकिस्तान को जल्द से जल्द दंड देने की भावना भर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री की भरमार है, जो बताती हैं कि किस देश ने अपने ऊपर हुई आतंकी हिंसा का कितने दिनों बाद और कैसा भयानक बदला लिया। बेशक हमारे प्रधानमंत्री उनसे भी भीषण प्रतिशोध लेंगे, बस समय को देखकर दुश्मन का पतन सुनिश्चित करने के बाद, राष्ट्र गौरव बढ़ाने वाला युद्ध अत्यंत नजदीक है। सरकार ने आयात रोकने, सीमा पार आवाजाही, वीजा सेवा निरस्त करने, सिंधु समझौता निलंबित करने, पाकिस्तानी विमानों के लिये हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंधित लगाने जैसे दसियों कदम उठाने के अलावा चिनाव का पानी रोक दिया, तो पाकिस्तान ने अपने बंकर दुरुस्त करने, सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वालों को सचेत किया। अबाबील और अब्दाली जैसी मिसाइलों का परीक्षण किया। सीमा पर सीजफायर का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी बढ़ा दी। साथ ही वह दुनिया को यह दिखाने लगा है कि पहलगाम घटना की निष्पक्ष जांच में सहयोग को वह प्रस्तुत है फिर भी भारत उसके ऊपर युद्ध थोपने पर उतारू है। उधर प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया को साफ संकेत दिया कि देश पाकिस्तान की इस बेजा भड़काऊ हरकत की सशक्त सैन्य प्रतिक्रिया की तैयारी में है। उनके अनुसार युद्ध के लिए शांतिकामी भारत को विवश किया गया है, इसके लिए देश तैयार है। ऐसे में जब प्रधानमंत्री को रणनीतिक, कूटनीतिक, राजनीतिक स्तर पर युद्ध अनिवार्य लगे और रक्षा मंत्री को यह जनता की चाहत महसूस हो, साथ ही संचार माध्यमों, प्रचारों में युद्धोन्माद का वातावरण बनाया जा रहा हो फिर अपनी कठोर छवि, निर्भीक निर्णयों के उदाहरणों और हालिया वादों, बयानों के चलते प्रधानमंत्री पर इसका जोरदार जवाब देने का भारी दबाव हो तो ऐसी जनभावना की निर्मिति स्वाभाविक है कि वर्तमान में युद्ध आवश्यक है। वैसे भी 2001 में संसद हमले, 2008 में मुंबई पर आतंकी आक्रमण तथा 2016 में उरी और 2019 में पुलवामा के बाद तीखी प्रतिक्रियाओं एवं सांकेतिक कार्रवाई के बाद युद्ध की नौबत नहीं आई, तो इस बार ऐसा क्या अलग है कि भारत-पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध शुरू करेगा। क्या आधुनिक युग में जहां यूक्रेन जैसे देश भी महाशक्ति रूस के खिलाफ बरसों लंबा युद्ध खींच पाने की क्षमता दिखाते हों या फिर गाजा में भीषण नरसंहार देखने के अलावा युद्ध से उपजने वाली मानवीय त्रासदियों को टीवी पर जीवंत देखने के बाद भी दोनों देश की सरकारें और उनकी जनता विनाशकारी युद्ध के लिए तैयार होंगी और इससे सरकारों को दूरगामी सियासी फायदा होगा? बेशक, युद्ध खुद में एक समस्या है, मसले का हल नहीं। यह दोनों देशों को दूरगामी नुकसान पहुंचाने वाला है, पर यह सब जानने के बावजूद बड़ी संख्या ऐसी सोच रखने वालों की है, जो आतंकी देश को सबक सिखाने का सर्वोत्तम विकल्प युद्ध को मानते हैं। पहलगाम घटना को पखवाड़ा बीत चुका है, भले ही अब तक कुछ बातों, बयानों सांकेतिक कारगुजारियों, प्रचारों के जरिये इस तरह का माहौल बना हो कि देश पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए जल्द ही युद्ध के मैदान में उतर जाएगा।

## पंचांग

बुधवार, 7 मई 2025

- विक्रम संवत् - 2082
- शक संवत् - 1947
- ऋतु - ग्रीष्म
- माह - वैशाख
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - दशमी 10.20 तक
- वार - बुधवार
- नक्षत्र - पूर्वा फाल्गुनी 18.17 तक
- योग - व्याघात 25.05 तक
- करण - वणिज 23.22 तक
- सूर्योदय - 06.09 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 07.00 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.01 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 07.13 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - सिंह 24.59 तक
- अभिजित् मुहूर्त - नहीं
- राहु काल - 12.35 से 14.12
- व्रत, त्यौहार - रवियोग 18.17 तक, भद्रा 23.22 प्रारंभ, रविन्द्रनाथ ट्रैगोर जयंती
- दिशा शूल - उत्तर

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## वास्तु टिप्स

### झाड़ू की जगह तय करेगी घर की तिजोरी की हालत

भारतीय घरों में झाड़ू सिर्फ सफाई का उपकरण नहीं है, बल्कि यह वास्तु शास्त्र और परंपराओं से भी जुड़ा हुआ है। यह न केवल घर की स्वच्छता का प्रतीक है, बल्कि आर्थिक स्थिति और ऊर्जा के प्रवाह पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। अक्सर लोग झाड़ू को कहीं भी रख देते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि झाड़ू को सही जगह पर न रखने से नकारात्मक ऊर्जा या दुर्भाग्य घर में प्रवेश कर सकता है?

उत्तराखंड के ऋषिकेश में स्थित गृह स्थानम के ज्योतिषी अखिलेश पांडेय ने कहा कि वास्तु शास्त्र के अनुसार झाड़ू को हमेशा ऐसी जगह रखना चाहिए, जहां यह आसानी से न दिखे और किसी के पैरों के नीचे न आए। झाड़ू को बेड के नीचे रखने की परंपरा कुछ घरों में देखने को मिलती है, खासकर तब जब घर छोटा हो और स्टोरेज की कमी हो। हालांकि, यह तभी ठीक माना जाता है, जब झाड़ू को ढककर रखा गया हो और वह धूल-मिट्टी से गंदा न हो। खुला झाड़ू बेड के नीचे रखना आर्थिक नुकसान और अशांति का कारण बन सकता है।

**किचन में नहीं रखें झाड़ू**

किचन में झाड़ू रखने से बचें। वास्तु शास्त्र के अनुसार रसोई घर को मां लक्ष्मी का स्थान माना जाता है। यहां झाड़ू या कोई भी गंदगी से जुड़ी वस्तु रखना अत्यंत अशुभ माना गया है। इससे घर की समृद्धि पर बुरा असर पड़ सकता है। झाड़ू को कभी भी गैस स्टोव या राशन के पास नहीं रखना चाहिए। इससे खाने की पवित्रता भंग होती है और नकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**ऐसे रखें घर में झाड़ू**

बालकनी में झाड़ू रखना एक व्यावहारिक विकल्प हो सकता है, खासकर यदि बालकनी खुली हो और वहां धूप व हवा आती हो। लेकिन यहां भी ध्यान देना जरूरी है कि झाड़ू को ऐसे न रखें कि वह बाहर से दिखे या किसी के आने-जाने में बाधा डाले। गंदा झाड़ू घर की सकारात्मकता को प्रभावित कर सकता है, इसलिए इसे ढककर रखना चाहिए।साथ ही, झाड़ू को जमीन पर सीधा खड़ा रखने की बजाय दीवार से टिकाकर या नीचे लिटाकर रखना बेहतर होता है।

**चार बातों का रखें ध्यान**

झाड़ू को सूर्यास्त के बाद नहीं निकालना चाहिए। रात के समय झाड़ू लगाना धन के बहाव को रोक सकता है। इसके अलावा पुराने और टूटे झाड़ू को समय पर बदल देना चाहिए।

## तारीख विशेष

### रवींद्रनाथ टैगोर

रवींद्रनाथ टैगोर एक ऐसे शख्स थे, जिनकी विशेषज्ञता कई विषय क्षेत्रों तक फैली हुई थी। उन्होंने एक कवि, लेखक, नाटककार, संगीतकार, दार्शनिक, समाज सुधारक और चित्रकार के रूप में काम किया। उन्होंने 20वीं सदी की शुरुआत में बंगाली साहित्य और संगीत के साथ भारतीय कला को फिर जिंदा करने का काम किया। उन्हें 1913 में गीतांजलि के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वे इसे हासिल करने वाले पहले गैर-यूरोपीय और पहले गीतकार थे। टैगोर को गुरुदेव, कोबीगुरु, बिस्वकोबी जैसे उपनामों से भी जाना जाता था। टैगोर की रचनाएं दो देशों का राष्ट्रगान बनीं। जिसमें 'जन गण मन' भारत का राष्ट्रगान बना, तो दूसरी ओर 'आमार सोनार बांग्ला' बांग्लादेश का राष्ट्रगान बना। रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता में हुआ था। टैगोर अपने माता-पिता की 13वीं और आखिरी संतान थे। उनके घर में बचपन में उन्हें प्यार से 'रबी' बुलाया जाता था। उन्होंने बेहद कम उम्र में अपनी मां को खो दिया था। उनके पिता एक यात्री थे इसलिए उनका पालन-पोषण घर की देखभाल करने वाले लोगों ने ही किया। एक बंगाली ब्राह्मण परिवार में जन्मे टैगोर ने महज 8 साल की उम्र में ही पहली कविता लिख डाली थी। उनका पहला कविता संग्रह सिर्फ 16 साल की उम्र में प्रकाशित हुआ। टैगोर ने कालजयी रचना गीतांजलि लिखी। साल 1913 में वह साहित्य का नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले गैर-यूरोपीय और पहले एशियाई बने। साहित्यकार तो वे थे ही, इसके अलावा चित्रकला और संगीत के क्षेत्र में भी उन्होंने महारत हासिल की। टैगोर की गीतांजलि, चोखेर बाली, गोरा, काबुलीवाला, चार अध्याय और घरे बाइरे सहित ढेरों बेहद चर्चित रचनाएं हैं। उनकी कई रचनाओं पर फिल्में भी बनीं। उन्होंने बचपन में ही कालिदास की शास्त्रीय कविता से बेहद प्रभावित होकर अपनी शास्त्रीय कविताएं लिखना शुरू कीं। उनकी बहन स्वर्णकुमारी भी एक प्रसिद्ध उपन्यासकार थीं। 1873 में उन्होंने अपने पिता के साथ कई महीनों तक भ्रमण किया और कई विषयों में ज्ञान हासिल किया। वे जब अमृतसर गए, तब उन्होंने सिख धर्म के बारे में सीखा और धर्म पर लगभग छह कविताएं और कई लेख लिखे।

### विश्व के आदिग्रंथों की धरा है भारत

# फिर हम रचनात्मक सुपर पावर क्यों नहीं ?

लोकमित्र गौतम

**आप बहुत स्पष्टता से यह सिद्ध नहीं कर सकते कि महाभारत जैसा महाग्रंथ आखिर किस पक्ष में खड़ा है? अगर हम एक तरफ दुर्योधन की तमाम अनैतिकताओं, अनीतियों का प्रतिकार करते हैं, आलोचना करते हैं, तो ठीक उसी समय हम उसी महाभारत में श्रीकृष्ण द्वारा वैसे ही जाल फांस अनैतिकताओं, असत्य और अधर्म का महिमामंडल करते हैं। लेकिन एक आम इंसान बड़ी सहजता से इसे नहीं स्वीकार कर पाता कि अगर धर्म युद्ध में अभिमन्यु को घेरकर मार डालना अधर्म है, तो कमर के नीचे गदावार न करने की स्पष्ट नीति होने के बावजूद हमें भगवान कृष्ण के इशारे पर भीम द्वारा दुर्योधन की जंघा तोड़ देने की हरकत क्यों अधर्म युद्ध का हिस्सा नहीं लगती? दरअसल ज्यादातर भारतीय कथाएं इतनी सूक्ष्म और गोलाकार हैं कि भारतीय कथाएं अंत में सत्य और असत्य के धुंधलके में पहुंच जाती हैं।**

इमेज

भारत में पहली बार 1 से 4 मई 2025 तक हुए वेव्स (वर्ल्ड आर्डियो/विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट) सम्मेलन में 90 से अधिक देशों के 10 हजार से अधिक प्रतिनिधियों, एक हजार से ज्यादा कलाकारों, 300 से अधिक कंपनियों और 350 से ज्यादा स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने बार-बार एक ही विषय पर 42 मुख्य सत्रों, 39 विशेष सत्रों और 32 मास्टर क्लासेज के दौरान एक ही बात पर बार-बार विमर्श हुआ कि आदिग्रंथों की धरा होने के बावजूद भारत आखिरकार रचनात्मक महाशक्ति या क्रिएटिव सुपर पावर क्यों नहीं है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि भारत के पास कहानियों का खजाना है और इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम वाकई कहानियों के मामले में दुनिया के कथा हब हैं। बावजूद आखिर क्या ऐसी बात है कि भारत में लिखी गई कहानियां, उपन्यास या हमारे यहां बनी फिल्में दुनिया को उस तरह से क्यों नहीं झकझोर पाती, जैसे कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों की कई कहानियों, उपन्यासों, फिल्मों और टीवी धारावाहिकों ने किया है? प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए ए. आर. रहमान और राजामौली की तारीफ करते हुए और राजकूपर का जिक्र किया, जिनकी फिल्में जापान से लेकर रूस तक आज भी याद की जाती है। लेकिन हम यह भले हिचक के साथ कहें, पर यह तो तय ही है कि आखिरकार क्या ऐसी बात है कि हम इतनी प्राचीन सभ्यता और विराट संस्कृति के स्वामी होने के बावजूद आखिर ऐसी फिल्में, ऐसे धारावाहिक और ऐसी वेबसीरीज क्यों नहीं बना पाते, जिनकी दुनिया के हर भाषा में रियल टाइम पर तारीफ हो, अनुवाद हो और दुनिया उन कथाओं पर अपने-अपने समाज और समय की धड़कनों को महसूस करे? कहीं ऐसा तो नहीं है कि हमारी क्रिएटिविटी या हमारी रचनात्मकता की अपनी सांस्कृतिक जटिलताएं हों, हमारे अनुभव और हमारी कल्पनाएं असाधारण रचनात्मक होते हुए भी सांस्कृतिक रूप से सम्प्रेषित न हो पा रही हों? कहीं हम कल्चरल ट्रांसलेबिलिटी के शिकार तो नहीं हैं? कहीं हमारा कथात्मक ढांचा यानी नेरेटिव स्ट्रक्चर इतना अलग तो नहीं है कि दुनिया को समझ न आता हो? अगर गहराई से सोचा जाए तो कुछ-कुछ ऐसा ही है। दरअसल भारतीय जीवन दृष्टि या जीवनशैली कुछ ऐसी है कि जिसमें सच और झूठ, अच्छा और बुरा जैसे श्याम श्वेत विभाजन नहीं है। भारत के सबसे महान और तथात्मकता से भरपूर ग्रंथ महाभारत को ही लें, तो महाभारत में एक साथ नैतिकता-अनैतिकता, सत्य और असत्य, धर्म और अधर्म की कथा गंगाएं बहती हैं। आप बहुत स्पष्टता से यह सिद्ध नहीं कर सकते कि महाभारत जैसा महाग्रंथ आखिर किस पक्ष में खड़ा है? अगर हम एक तरफ दुर्योधन की तमाम अनैतिकताओं, अनीतियों का प्रतिकार करते हैं, आलोचना करते हैं, तो ठीक उसी समय हम उसी महाभारत में श्रीकृष्ण द्वारा वैसे ही जाल फांस अनैतिकताओं, असत्य और अधर्म का महिमामंडल करते हैं। हालांकि इसके पीछे बहुत सूक्ष्म तर्क और पक्षधरता मौजूद है। लेकिन एक आम इंसान बड़ी सहजता से इसे नहीं स्वीकार कर पाता कि अगर धर्म युद्ध में अभिमन्यु को घेरकर मार डालना अधर्म है, तो कमर के नीचे गदावार न करने की स्पष्ट नीति होने के बावजूद हमें भगवान कृष्ण के इशारे पर भीम द्वारा दुर्योधन की जंघा तोड़ देने की हरकत क्यों अधर्म युद्ध का हिस्सा नहीं लगती? दरअसल ज्यादातर भारतीय कथाएं इतनी सूक्ष्म और गोलाकार हैं कि भारतीय कथाएं अंत में सत्य और असत्य के धुंधलके में पहुंच जाती हैं। कथा सम्राट प्रेमचंद की कहानी 'कफन' में अंततः आप स्पष्ट ढंग से यह तय नहीं कर सकते कि कहानी में नायक कौन है? आखिर कथा किसके प्रति सहानुभूति पैदा करती है? क्या उन बाप-बेटों के प्रति जो अपनी पुत्रवधु को बेरहमी से तड़प-तड़पकर मरते देखना इसलिए स्वीकार करते हैं कि कहीं एक के वहां से उठ जाने पर दूसर भुना हुआ आलू न गरक कर लें। यह एक नजर से अमानवीय की पराकाष्ठा है और दूसरी तरफ हम इसी पराकाष्ठा से चरम संवेदना के हाहाकार का स्रोत तलाशते हैं। पश्चिमी समाज को यह जटिल कथाबोध समझ में नहीं आता। पश्चिमी लोग कभी नहीं तय कर पाते कि अगर रावण इतना ही महान ज्ञानी, परमसुविज्ञ, तपस्वी और महानभक्त था, तो फिर वह जानबूझकर ऐसी गिरी हुई हरकतें क्यों करता है कि अपनी हरकतों के चलते समूचे कुल का नाश करवा लेता है। एक भी व्यक्ति कुल का दीया जलाने के लिए नहीं बचता। क्या ये हमारे रचनाकारों की परमप्रज्ञा स्थिति में पहुंच जाने का नतीजा है कि वे अच्छाई और बुराई को बहुत स्थूल रूप में नहीं देख पाते। क्या यह महान बौद्धिकता की अपनी जटिलताएं हैं? पश्चिम का समाज सीधे सपाट कथा क्रम पर भरोसा करता है, वही उसे पसंद आता है। इसलिए पश्चिम की महान कथाएं स्पष्ट रूप से एक सीधी यानी लाइनर कथाएं होती हैं।



## गीता सार

**यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति ।**
**तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति ॥**

**भावार्थ :**

जो मनुष्य सभी प्राणियों में मुझ परमात्मा को ही देखता है और सभी प्राणियों को मुझ परमात्मा में ही देखता है, उसके लिए मैं कभी अदृश्य नहीं होता हूं और वह मेरे लिए कभी अदृश्य नहीं होता है। (३०)

## बोले तो...




जनगणना में प्रश्नावली का डिजाइन बहुत महत्वपूर्ण है। जाति संबंधी जानकारी केवल गिनती के लिए नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक-आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एकत्र की जानी चाहिए। तेलंगाना में जातिगत सर्वेक्षण को इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया था।

- मल्लिकार्जुन खरगे



आज भारत के पास सिर्फ टैलेंट नहीं है, बल्कि उसे पूरी दुनिया में भेजने की क्षमता भी है। आज अमेरिका में भारतीय टेक प्रोफेशनल्स और उद्यमी हैं, यूरोप व नॉर्थ अमेरिका में ब्लू कॉलर वर्कर्स और स्वरोजगार करने वाले लोग हैं, तो दुनिया के कई देशों में भारतीय वैज्ञानिक और शोधकर्ता भी योगदान दे रहे हैं।

- एस. जयशंकर



तीर्थ स्थलों की मर्यादा बनी रहनी चाहिए। कुछ लोग तीर्थ स्थलों पर अमर्यादित व्यवहार करते हैं, जिससे धामों की महत्ता के साथ श्रद्धालुओं की आस्था पर ठेस पहुंचती है। तीर्थाटन व पर्यटन में अंतर को समझना जरूरी है। देवभूमि आने वाले हर श्रद्धालु के लिए दर्शन की व्यवस्था होनी चाहिए।

- अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

## कुछ अलग | अजब गजब

# बेगम लाने घोड़ी पर बैठा दूल्हा, देखते ही हंस पड़ीं सालियां, जीजाजी को देख हुईं बेहोश!

शादी-ब्याह में हर कोई अपनी जिंदगी में सबसे खूबसूरत दिखना चाहता है। अगर आपको ऐसा लगता है कि सिर्फ लकड़ियां ही अपनी शादी में मेकअप से लेकर गेटअप का ध्यान रखती है तो आप गलत हैं। हर दूल्हा भी इस दिन निखर कर दिखना चाहता है। इसके लिए अपनी शेरवानी से लेकर सेहरे तक पर उनका ख़ास ध्यान रहता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए एक फूलवाले ने भी अपनी दुकान खोल दी है। इसका काम है दूल्हों के लिए सेहरा बनाना। नासिक के एक फूलवाले ने दूल्हों के लिए खास सेहरा बनाने का काम शुरू किया है। उनके काम की एक झलक सोशल मीडिया पर दिखाई गई। इसे देखने के बाद लोगों की हंसी छूट गई। दरअसल, सेहरा बांधने की जगह दूल्हे को चलता-फिरता गुलदस्ता ही बना दिया गया। ऊपर से नीचे तक दूल्हे राजा को फूलों से लाद दिया गया। जब उसका फाइनल लुक दिखाया गया, तो सबके होश ही उड़ गए। वायरल हो रहा ये वीडियो लोगों को जमकर गुदगुदा रहा है। इसमें एक शख्स को निकाह से पहले तैयार होते देखा गया। सबसे पहले दूल्हे के बाजुओं पर फूलों की एक बड़ी लरी बांधी गई। इसके बाद उसके सिर पर फूल सजाए गए। अगर आपको लग रहा है कि मामला यहीं आकर खत्म हो गया तो जरा ठहरिए। काजी साहब ने इसके बाद एक बड़े से फूलों के लबादे को दूल्हे के चारों तरफ लपेट दिया। जब इससे भी मन नहीं भरा तो उसके मुंह पर फूलों से बना मास्क लगा दिया।



**हंसते-हंसते लोटपोट हुए लोग**

वीडियो को नासिक का बताया जा रहा है। यहां अयाज भाई फूलवाले ने दूल्हों के लिए स्पेशल सेहरा बनाना शुरू किया है। अपने इंस्टाग्राम पर इस फूलवाले ने और भी सेहरा बांधे दूल्हों का वीडियो शेयर किया है। इसे देखने के बाद लोगों की हंसी छूट गई। दूल्हे को फूलों की दुकान से लेकर चलता-फिरता गुलदस्ता तक बताया गया। वहीं कई ने लिखा कि ऐसे दूल्हे को देखकर दुल्हन के साथ-साथ सालियां भी बेहोश हो जाएंगी। बता दें कि अपने इस अनोखे सेहरे की वजह से ये फूलवाला सोशल मीडिया पर काफी मशहूर हो रहा है।

## पाठक पाती

### भारत-कनाडा संबंध नए दौर में

भारत-कनाडा में नीतिगत मुद्दों को लेकर अक्सर तनाव देखने में आया है। खालिस्तान मुद्दा एक इसकी बड़ी वजह है। निवर्तमान प्रधानमंत्री ट्रूडो ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, इसकी वजह से भी रिश्तों में खटास आई। अब मार्क कार्नी के प्रधानमंत्री बनने से भारत-कनाडा संबंधों में सुधार की उम्मीद जगी है। ट्रंप सरकार की टैरिफ नीतियों और धमकियों से कनाडाई मतदाताओं का रुख लिबरल पार्टी के पक्ष में हो जाने से उसे बहुमत मिला। हालांकि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को लेकर सरकार की आलोचना भी हो रही थी। ट्रूडो सरकार के दौरान खालिस्तान समर्थक गतिविधियों और निज्जर हत्या मामले में भारत पर लगाए आरोपों ने दोनों देशों के संबंधों को बिगाड़ा। लेकिन इस चुनाव में जगमीत सिंह की हार से कट्टरपंथ पर लगाम की उम्मीद बढ़ी है। कार्नी न सिर्फ उदार विचारों के नेता हैं, बल्कि अर्थशास्त्री भी हैं और भारत के साथ मजबूत आर्थिक साझेदारी की आवश्यकता को समझते हैं। हालांकि रिश्तों में सुधार के लिए चरमपंथ और अभिव्यक्ति की आज़ादी के बीच संतुलन बनाना जरूरी होगा। आने वाला समय इन संबंधों की दिशा तय करेगा।

- अमृतलाल मारू 'रवि', इंदौर

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# हीट वेव प्रबंधन को लेकर जिला प्रभारी डॉ. खंडेलवाल ने किया चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** प्रदेश में बढ़ती गर्मी और लू तापघात से आमजन के बचाव तथा उपचार की तैयारियों को लेकर जमीनी हाल जानने हेतु निदेशालय जयपुर से जिले के प्रभारी डॉ अनमोल खंडेलवाल सोमवार से धौलपुर दौरे पर है। डॉ. खंडेलवाल ने विगत दो दिन में जिले के करीब एक दर्जन से अधिक चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण कर लू ताप घात से बचाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा भी उनके साथ रहे। निरीक्षण के क्रम में डॉ. खंडेलवाल ने सोमवार को जिला अस्पताल बाड़ी, सीएचसी सरमथुरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव का निरीक्षण किया। साथ ही मंगलवार को जिला अस्पताल धौलपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनियां, ट्रॉमा सेंटर मनियां, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदरिका का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी चिकित्सा संस्थानों पर हीटवेव से बचाव एवं उपचार की व्यवस्थाओ की समीक्षा की गई। अस्पतालों में कूलर, पंखे, एसी, पीने का पानी, वाटर कूलर आदि क्रियाशील मिले। चिकित्सा संस्थानों पर सभी व्यवस्थाएं माकूल पाई गई। लू ताप घात के अतिरिक्त उन्होंने चिकित्सा संस्थानों पर प्रत्येक वार्ड, दवा वितरण केंद्र, प्रसव कक्ष , जांच कक्ष तथा उपलब्ध संसाधनों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मिल रही सेवाओं को लेकर मरीजों तथा उनके परिजनों से फीडबैक लिया। उन्होंने अस्पतालों के बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मौके पर ही चिकित्सा संस्थानों से रोजाना बायोमेडिकल वेस्ट उठाने हेतु बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी के संचालक को दूरभाष पर निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों के आरएमएस का लेखा-जोखा देखा और आवश्यकता अनुसार मरीज की सुविधा विस्तार हेतु उपयोग के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यक दवाइयों की शत प्रतिशत उपलब्धता पर जोर देते हुए हीट वेव से बचाव हेतु सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सघन प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने हीट वेव से बचाव के लिए आम जान में सघन प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ धर्म सिंह मीणा ने बताया कि डॉ खंडेलवाल आगामी 10 मई तक जिले के विभिन्न उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा पीएचसी का निरीक्षण कर जिला व राज्य स्तर पर अपना फीडबैक देंगे जिसके अनुसार आगामी सुधार के प्रयास किए जाएंगे। डॉ मीणा द्वारा सभी अस्पतालों को राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन अनुसार सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ हीट वेव प्रबंधन के निर्देश जारी किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा सहित अन्य मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय महिला समाधान समिति की बैठक आज

**धौलपुर।** जिला स्तरीय महिला समाधान समिति बैठक का आयोजन किया जाएगा। सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग जय प्रकाश ने बताया कि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में 7 मई को प्रात: 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय महिला समाधान समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा।

# अत्यधिक गर्मी व तापमान से मिर्गी के दौरे पड़ सकते हैं : डॉ. सुरेका



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पिछले 31 वर्षो से प्रतिमाह के पहले मंगलवार को लगने वाला नि:शुल्क मिर्गी निदान शिविर आज रतननगर जिला चुरू में सम्पन्न हुआ। त्रिवेणी देवी सुरेका चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में यह 369वां कैम्प सम्पन्न हुआ। इस कैम्प में 580 मरीजो के इलाज कर पूरे माह की दवाई नि:शुल्क वितरित की गई। कैम्प के मुख्य न्यूरोफिजिशयन डॉ. आर. के. सुरेका ने बताया कि आजकल गर्मी का प्रकोप है एवं वातावरण का तापमान 50ए से ऊपर चला जाता है। ऐसे समय पर मिर्गी रोगी को धूप से एवं अत्यधिक तापमान से बचना चाहिये। यह देखा गया है कि अत्यधिक तापमान व गर्मी से मिर्गी के दौरे पड़ सकते है या अनियंत्रित हो सकते है। कई मरीज अत्यधिक गर्मी को बर्दाश्त नहीं कर सकते। उनके नियंत्रित दौरे भी दवाईयो के सेवन के साथ भी पड़ सकते है। मरीज को घबराहट एवं पसीने आ सकते है एवं पानी की कमी के कारण मरीज हिट स्ट्रोक से ग्रसित हो सकता है। जिससे उसे दौरे भी पड़ सकते है। इसके बचाव के लिए डॉ. सुरेका ने बताया कि मरीज को इस मौसम में खूब पानी पीना चाहिए एवं गर्मी से बचाव के लिए ठंडे वातावरण में रहना चाहिए एवं बाहर निकलते वक्त पानी पी कर व छाते का इस्तेमाल करना चाहिए। उसे शराब का सेवन, अत्यधिक चाय व कॉफी एवं ज्यादा शक्कर की मिठाईयों का सेवन करके धूप में बाहर नहीं निकलना चाहिए। गर्मी के मौसम में मिर्गी रोगियो को सात्विक भोजन करना चाहिए। छाछ, फल आदि का भरपूर प्रयोग करना चाहिए। बच्चो को विशेषकर गर्मी से बचाना चाहिए। जहां तक हो उन्हें गर्मी में बाहर नही भेजना चाहिए। इस कैम्प में डॉ. रोहित सुरेका, डॉ. रक्षित सुरेका, डॉ. जयसिंह, डॉ. सरीन, डॉ. गौरी, ताजू खान आदि ने सहयोग दिया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गांव भाकरा में ग्रामीणों ने एसडीएम व तहसीलदार को ज्ञापन दिया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड कार्यालय में गांव भाकरां के ग्रामीण ने गोचर भूमि पर हो रहे अतिक्रमण व पेड़ों की कटाई को लेकर मंगलवार को ग्रामीण जन उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार से मिले। ग्रामीण जनों ने कहा कि गोचर भूमि का सीमांकन व पेड़ों की अंधाधुंध कटाई को रोका जायें। ग्रामीणजनों तहसीलदार के सामने कहा कि जितने भी पेड़ों की कटाई हुए हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम पर जो अभियान की शुरुआत की है उसी ही तर्ज पर भाकरा ग्रामीण जन पौधारोपण करेंगे। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खिचड़, भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर, सरपंच राधा बड़ी रामनिवास मितड़, पूर्व सरपंच रतन सिंह मितड़, सुबेदार गोपीराम मितड़, साधुराम नागर, मनीराम सांगवान, एडवोकेट विजय मितड़ ,नेतराम भाकर,कृष्ण कुमार भाकर, सुरेन्द्र भाकर, ओमप्रकाश भाकर, अनिल झूरिया, धर्मबीर कादियान सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### तारानगर में कम्प्यूटर कर्मचारी संघ ने विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर में पंचायती राज विभाग में आईटी संवर्ग के पद सृजन को लेकर तारानगर के कम्प्यूटर कर्मचारी संघ ने विकास अधिकारी विनोद कुमार धायल को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से संघ के सदस्यों ने बताया कि राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ द्वारा पंचायती राज विभाग में ई-गवर्नेन्स/सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग की कार्यात्मक औचित्य आधारित तत्थ्यात्मक रिपोर्ट तैयार की है। इन विभागों में ई-गवर्नेन्स आधारित कार्यो के बेहतर संचालन हेतु आईटी संवर्ग के पदों के सृजन की नितान्त आवश्यकता है।

# संविधान बचाओ रैली को लेकर ग्रामीण क्षेत्र का दौरा



**चूरू।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ संविधान बचाओ, रैली 11 मई को सुबह 10बजे जयपुर रोड पर होगी। रैली को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ओर वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। इसी को लेकर आज प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया। चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने बताया कि रफीक मंडेलिया ने रैली को सफल बनाने के लिए गांव पीथींसर, खींवासर, चंदेल नगर जोड़ी, ढाणी, रामपुरा बास सहजूसर आदि में जनसंपर्क कर रैली में आने का आग्रह किया। दौरों में देहात अध्यक्ष किशोर धांधू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष असलम खोखर, गोविंद महानसरिया, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष आडूराम न्यौल, प्यारेलाल दानोदिया, योगेश ढाका, अमित चौधरी, मोहम्मद हुसैन निर्वाण, युवा नेता रमजान खान, जिला कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष नारायणन बालान, पूर्व सरपंच जंगशेर खान, आरिफ़ पीथीसर, संजय भाटी, पार्षद विमल शर्मा, श्रवण बसेर, किशनाराम बाबल, नुमान सैय्यद, तौफीक खान, शाहरुख खान, अज़ीज़ खान, समीउल्लाह गोरी, हरीराम पुनिया, जाफर खान, नाजम अली खान, आदि साथ थे।

### ईमानदारी की मिसाल बनीं आरपीएफ

# महिला यात्री को लौटाया 30 हजार रुपए का कीमती सामान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** आरपीएफ की मुस्तैदी एक बार फिर यात्रियों के लिए संबल बनकर सामने आई। जबलपुर से अजमेर जा रही जबलपुर एक्सप्रेस में यात्रा कर रही महिला यात्री का छूटा हुआ पर्स आरपीएफ टीम ने न सिर्फ बरामद किया, बल्कि सुरक्षित रूप से उन्हें सौंप कर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरपीएफ कंट्रोल रूम जयपुर को सूचना मिली कि सवारी गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर एक्सप्रेस की बी-4 कोच की सीट संख्या 43 पर यात्रा कर रही महिला प्रगति यादव जयपुर स्टेशन पर उतरने के दौरान अपना लेडीज पर्स ट्रेन में भूल गई हैं। सूचना मिलते ही फुलेरा आरपीएफ थाने से सब इंस्पेक्टर विक्रम सिंह एवं कांस्टेबल गजन सिंह की टीम ने फुलेरा स्टेशन पर ट्रेन को अटेंड किया। बी-4 कोच की सीट संख्या 43 की जांच करने पर वहां एक लेडीज पर्स बरामद हुआ, जिसे थाना लाया गया। पर्स की जांच में उसमें 25 हजार रुपए नकद, तीन चांदी की चूड़ियां तथा कुछ आवश्यक दस्तावेज पाए गए। उक्त जानकारी कंट्रोल रूम जयपुर और महिला यात्री को दी गई। इसके बाद प्रगति यादव स्वयं आरपीएफ थाना फुलेरा पहुंचीं और पर्स की सही-सलामत पहचान की। महिला यात्री ने बताया कि पर्स में मौजूद कुल संपत्ति लगभग 30 हजार मूल्य की थी। उन्होंने आरपीएफ फुलेरा की तत्परता, ईमानदारी और सजगता की दिल से सराहना की और टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।


## मई/2025 महीने के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम

**मई/2025** महीने के लिए **लामडिंग मंडल** के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत रेलवे का स्क्रैप सामग्री विक्रय हेतु ई-नीलामी का कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है।

| क्र.सं. | महीना | निर्धारित तिथि |
| --- | --- | --- |
| 1. | मई/2025 | 14-05-2025, 21-05-2025 और 28-05-2025 |

ई-नीलामी में भागीदारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) के माध्यम से बोली लगाने की सलाह दी जाती है।

सीनियर डीएमएम, लामडिंग

पूर्वोत्तर सीमा रेल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# अधिकाधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ने पर जोर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सिधमुख श्री चनानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए विद्यालय के शिक्षक घर-घर जाकर दे रहे दस्तक। घर-घर जाकर बच्चों के अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों में मिलने वाले लाभ व सुविधाओं की जानकारी देते हुए बालिकाओं की सूचना के साथ नामांकन वृद्धि के लिए विद्यालय क्षेत्र के अन्य गांवों व ढाणियों में भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है विद्यालय संस्था प्रधान ममता वर्मा ने बच्चों के अभिभावकों को विस्तृत जानकारी देकर बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की बात कहीं। विद्यालय में इतिहास व जीव विज्ञान विषय शुरू हो चुका है। विद्यालय की गठित टीमों ने घर-घर जाकर अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की अपील के साथ नामांकन वृद्धि के लिए प्रयास किया जा रहे हैं। इस प्रचार प्रसार में जुगला कुमारी, सुनीता, घमा देवी, मुन्नी देवी, सोना कुमारी, कृष्णा कुमारी, सुभाष चन्द्र, पुरुषोत्तम, अरविन्द कुमार, सुरेश कुमार, समर्थ तथा स्कूल के स्टाफ ने नामांकन अभियान में सहयोग किया

# नशा मुक्त युवाशक्ति बने देश का भविष्य : ले. कर्नल सुनील कुमार




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** द्वितीय राज. बरालियन एनसीसी के तत्वावधान में चल रहे दूसरे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैम्प कमांडेंट लैफ्टिनेंट कर्नल सुनील कुमार ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कैडेट्स को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट बीएल मेहरा ने नशे के विभिन्न प्रकारों और इसके दुष्प्रभावों से कैडेट्स को अवगत करवाया । उन्होने बताया कि कैडेट्स एनसीसी में सीख लेकर सामाजिक सरोकार के तहत परिवार, मित्र व अपने परिचित आदि को नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करना है। मेहरा ने बताया कि जो व्यक्ति नशा कर रहे है। उनको नशे की लत छुड़वाने में मदद का भी प्रावधान है और सरकार द्वारा राजकीय महाविद्यालयों में नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र के नाम से केन्द्र खोले गए है जो इसे मदद के लिए है। इस अवसर पर सुबेदार मेजर प्रेम तमांग ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट अंजू कुमारी, सीटीओ राजेन्द्र कस्वा, सीटीओ अभिमन्यु सिंह, सीटीओ सुनील काजला, सीटीओ कृष्ण कुमार शर्मा, कमला जाट, सुबेदार रणधीर सिंह, सुबेदार मोहन, सुबेदार अमित, सुबेदार संजीव, एएओ शांतिलाल रक्षक, मुश्ताक, महेन्द्र सिंह व किशनलाल आदि उपस्थित रहे।


## अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल

(स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
साकेत नगर, भोपाल-462020, मध्य प्रदेश, दूरभाष : 0755-2982607/2985569
Email : info@aiimsbhopal.edu.in www.aiimsbhopla.edu.in

विज्ञापन संख्याः अकादमिक/एम्स, भोपाल/एमएचएम/2025/05 दिनांक : 06/05/2025

**मास्टर ऑफ हॉस्पिटल मैनेजमेंट जुलाई-2025 सत्र के लिए विज्ञापन**

एम्स भोपाल में जुलाई 2025 सत्र के लिए मास्टर ऑफ हॉस्पिटल मैनेजमेंट (एमएचएम) में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, आवेदन के लिए निर्धारित प्रारूप, सीटों का विवरण, नियम और शर्तें आदि संस्थान की वेबसाइट : www.aiimsbhopal.edu.in पर उपलब्ध हैं।

एम्स भोपाल के कार्यकारी निदेशक बिना कोई कारण बताए रिक्तियों को रद्द करने/बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

नोट : उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अपडेट के लिए नियमित रूप से एम्स, भोपाल की वेबसाइट www.aiimsbhopal.edu.in देखें।

डीन (अकादमिक)


# कॉलोनीवासियों ने आरओबी निर्माण को लेकर किया विरोध-प्रदर्शन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पूनिया कॉलोनी मार्ग पर बन रहे निर्माणाधीन आरओबी (रेल ओवर ब्रिज) को लेकर रविवार को पूनिया कॉलोनी, शर्मा कॉलोनी, गांधीनगर कॉलोनी आदि क्षेत्रों के सैंकड़ों निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि आरओबी निर्माण के चलते कॉलोनियों में आने-जाने के सभी रास्ते पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे स्थानीय निवासी राजपाल दहिया ने बताया कि पिछले दस दिनों से कॉलोनीवासियों को सड़क मार्ग पूरी तरह बंद होने से दुपहिया और चौपहिया वाहनों की आवाजाही में कठिनाई हो रही है। स्कूल बस, एंबुलेंस जैसी आवश्यक सेवाएं भी बंद रास्तों के कारण कॉलोनी में नहीं पहुंच पा रही हैं। निर्माणाधीन मकानों के लिए सामग्री की ढुलाई में दिक्कत आ रही है और स्थानीय व्यापारियों व उद्योग संचालकों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारी नागरिकों की मांग है कि आरओबी के दोनों ओर कम से कम 16-16 फीट चौड़े रास्ते छोड़े जाएं ताकि कॉलोनियों की आवाजाही बहाल की जा सके। हालांकि निर्माण एजेंसी का कहना है कि कार्य स्वीकृत नक्शे के अनुसार ही किया जा रहा है, जिसमें 60 फीट चौड़े मार्ग में से 28 फीट क्षेत्र में आरओबी बन रहा है। नक्शे में कहीं 12 फीट तो कहीं 7-8 फीट के रास्ते ही दिखाए गए हैं, जिससे नाराज कॉलोनीवासियों ने विरोध दर्ज कराया। मौके पर पहुंचे विधायक हरलाल सहारण ने स्थिति का जायज़ा लिया और एसडीएम बिजेन्द्र सिंह व पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कॉलोनियों की ओर जाने वाले रास्तों को सुचारू रखने के लिए दोनों ओर कम से कम 16 फीट के मार्ग सुनिश्चित किए जाएं। विधायक ने कहा कि आमजन की सुविधा सर्वोपरि है और निर्माण एजेंसी को जनता की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहिए। विधायक के आश्वासन के बाद कॉलोनीवासियों ने प्रदर्शन को फिलहाल स्थगित कर दिया।

# प्रवेशोत्सव नामांकन वृद्धि अभियान में शिक्षकों का घर-घर संपर्क



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ क्षेत्र के शहीद हरफूल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा के प्राचार्य सुनिता भार्गव के नेतृत्व व अगुवाई में विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा दल बनाकर विद्यालय में प्रवेश के लिए नियमित घर घर संपर्क किया जा रहा है प्राचार्य सुनिता भार्गव ने बताया कि गांव व ढाणियों में विद्यालय कार्मिकों के दल बनाकर संपर्क किया जा रहा है। वहीं विद्यालय में विद्यार्थियों को सरकार द्वारा मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के साथ शिक्षक गुणवत्ता के बारे में अवगत करवाया जा रहा है। पीईईओ अधीन विद्यालय जनाऊ मिट्ठी व खाती बास के विद्यालयों में भी नामांकन वृद्धि के लिए अभिभावकों को प्रोत्साहित किया गया।


## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः EL-C-PRYJ-02-25-26 दिनांकः 05.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक 30.05.2025 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं। निविदा सम्बन्धी विस्तृत विवरण निम्नवत् है-

| निविदा सं. | प्रकाशित कार्य की लागत (रु. में) | बोली प्रतिभूति (रु. में) |
| --- | --- | --- |
| EL-C-PRYJ-02-25-26 | 24,46,10,934.74/- | 13,73,100.00/- |
| **कार्य का नामः** 25 के0 वी0 ए0 सी0 इलेक्ट्रिफिकेशन वर्क फॉर बैलेंस वर्क ऑफ प्रयागराज यार्ड रिमोडेलिंग वर्क (संक्सन अंडर अम्ब्रेला वर्क 2019-20) (P.B. Item No. 92 of 2019-20) | | |
| **कार्य अवधिः** 18 माह | **निविदा खुलने की तिथिः** 30.05.2025 | |

**नोटः** 1. उपरोक्त सभी ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 15:00 बजे टेण्डर खुलने की तिथि तक उपलब्ध है। 2. उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरो को चाहिए कि वे अपने आपको Digital हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **769/25 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

E-TENDER NOTICE NO. 04/2025 Date: 05.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरि.मं.सिग.एवं.दूर.सं.इंजी. ,उत्तर मध्य रेलवे, आगरा भारत द्वारा राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली निविदा" केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा (ई-टेन्डरिंग) आमंत्रित की जाती हैः-

| | |
| --- | --- |
| **ई-निविदा सं.**: आगरा-एसटी-2025-10 | **कार्य की लागतः** ₹ 96,77,736.02 |
| **कार्य का नामः** आगरा मंडल के डीआरएम परिसर में 04 स्टेशनों (AGC, RKM, MTJ & AF) के सीसीटीवी की दूरस्थ निगरानी का प्रावधान का कार्य। | |
| **ई-निविदा सं.**: आगरा-एसटी-2025-11 | **कार्य की लागतः** ₹ 51,60,556.20 |
| **कार्य का नामः** वेस्टरेस मेक एसएसआई सिस्टम को पांच वर्ष की अवधि के लिए आगरा मंडल के राजा की मंडी स्टेशन पर स्थापित करने का व्यापक वार्षिक रखरखाव का कार्य। | |
| **ई-निविदा सं.**: आगरा-एसटी-2025-12 | **कार्य की लागतः** ₹ 44,56,124.85 |
| **कार्य का नामः** आगरा मंडल में MTJ-AWR खंड में 05 स्टेशनों के ओवरएज वीडीयू को एम्बेडेड सिस्टम से प्रतिस्थापित करने का कार्य। | |
| **सभी निविदा बन्द दिनांकः** 28.05.2025 | |

निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑनलाइन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करे। निविदाकार अपनी निविदा उपरोक्त वर्णित दिनांक को 15.00 बजे तक भारतीय रेलवे की वेबपोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। इस निविदा के अन्तर्गत मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं प्राप्त मैनुअल निविदाओ पर विचार नहीं किया जायेगा। **771/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# युवक की आत्महत्या से उपजा विवाद

▶▶ परिजनों ने पुलिसकर्मी पर लगाया बदसलूकी का आरोप

▶▶ थाने में जमकर विरोध प्रदर्शन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**आबूरोड।** गांधीनगर में सोमवार शाम को एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने शहर कोतवाली के हेड कांस्टेबल पर युवक के साथ बदसलूकी करने, उसका चालान काटने, बाइक ज़ब्त करने का आरोप लगाया। बड़ी संख्या में समाज बंधु शहर कोतवाली पहुंचे।जमकर विरोध प्रदर्शन किया। पीड़ित परिवार को सहायता दिलाने की मांग की। मौके पर पहुंचे पालिकाध्यक्ष, उपखंड अधिकारी, डीएसपी ने समझाइश की। प्रभावी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद ही आक्रोश के स्वर शांत हुए। गांधीनगर के भाटवास निवासी 45 वर्षीय अशोक बंजारा ने सोमवार शाम को कमरे में फंदा लगा लिया। परिजन उसे लेकर निजी चिकित्सालय पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों द्वारा मृतक का श्मशान में अंतिम संस्कार किया जा रहा था। मामले की भनक लगते ही शहर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाया। इसी दौरान परिजन भड़क गए। पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मृतक के परिजनों ने शहर कोतवाली के हेड कांस्टेबल दिलीप मीणा पर गांधीनगर पुलिया के पास मृतक के साथ बदसलूकी, मारपीट करने, उसकी बाइक ज़ब्त कर चालान बनाने व परेशान होकर युवक के आत्महत्या करने का हवाला दिया। आक्रोशित लोगों ने हेड कांस्टेबल के खिलाफ कार्रवाई करने व पीड़ित परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की। मौके पर मौजूद पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण,उपखंड अधिकारी शंकरलाल मीणा, आदि ने आक्रोशित लोगों को समझने का प्रयास किया।

### यह की मांग

परिजनों को समाज बंधुओ ने पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्यवाही कर बर्खास्त करने, पीड़ित परिवार को 50 लाख की सहायता मुआवजा राशि दिलाने,मृतक की पत्नि को सरकारी नौकरी देने, मृतक के बच्चो के लिए पालनहार साहित समस्त सरकारी योजनाओ का तुरन्त लाम दिलाने, बच्चो की शिक्षा के लिए आर।टी।ई। में तुरन्त एडमीशन दिलाने की मांग की।

# पिकअप की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौत

▶▶ सरूपगंज टोल प्लाजा के पास हाइवे पर घटना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** सरूपगंज नेशनल हाईवे फोरलेन पर उडवारिया टोल प्लाजा के पास एक होटल के सामने सोमवार रात को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार पिकअप ने दो बाइको को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार काछोली निवासी असलम शेख पुत्र यासीन खान ने पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल से घर जा रहा था वहीं उसका भाई काछोली निवासी अविनाश खान भी अन्य मोटरसाइकिल से उससे आगे चल रहा था जो पेट्रोल भरवाने के लिए जा रहा था तभी एक तेज रफ्तार पिकअप चालक ने मोटरसाइकिल को व एक अन्य मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। अविनाश को गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरे मोटरसाइकिल वाले की पहचान राहगीरों ने ईश्वर मेघवाल के रूप में की गई।। दोनों घायलों को एलएनटी की एम्बुलेंस से सरूपगंज के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।



● सरूपगंज में दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल।

# कराटे खिलाड़ी दृष्टि जैन ने जीता स्वर्ण पदक

**शिवगंज।** जिला कराटे एसोसिएशन अध्यक्ष उकेद्र परिहार ने बताया कि दृष्टि जैन ने स्वर्ण पदक व कांस्य, खुशी माली ने रजत व कांस्य, श्रवण कुमार मीणा ने रजत पदक जन जाति अकादमी से अजीत डाबी ने स्वर्ण व रजत ,चेतन कुमार ने रजत, रामजीराम व रणाराम ने कांस्य पदक जीते। इस अवसर पर स्वागत के लिए कराटे कोच महेश कुमार, मैनेजर दिनेश बामनिया, कराटे कोच खुशबू परिहार, ज्ञानचंद चितारा, डॉ कल्याणी सोनी, चंपत सोलंकी, गणपत लाल, दिनेश कुमार, अर्जुन कुमार, कमला परिहार, रजिया बानो , मोक्षा, युवराज अभिषेक, कविता, ध्रुविका, हर्ष ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन वूमेन सेल्फ डिफेंस अकादमी उदयपुर द्वारा किया गया।



# पुलिस ने 24 घंटे में चोरी का किया पर्दाफाश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

■ माल बरामद कर एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**सरूपगंज।** सरूपगंज पुलिस थाना द्वारा समीपवर्ती नितोडा गांव में हुई नकबजनी का 24 घण्टे में पुलिस ने पर्दाफाश कर चोरी का माल बरामद कर मंगलवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी कमलसिंह ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक जोधपुर रेंज द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन खुलासा के तहत जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन में प्रभूदयाल धानिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरोही व भंवरलाल चौधरी, वृताधिकारी पिण्डवाडा के निकट सुपरविजन में सरूपगंज पुलिस थाना प्रभारी कमलसिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गांव नितोडा में घटनास्थल पर पहुंच घटना का निरीक्षण किया गया। प्रार्थी के सामने के कमरे में प्रार्थी के गांव का पिन्टु किराये पर रहता है जिस पर संदेह होने पर पिन्टु चारण को दस्तयाब कर मनोवैज्ञानिक तरीके से पुछताछ की गई तो मुलजिम पिन्टू चारण पुत्र बालकृष्ण चारण जाति चारण निवासी कनेरा जिला चितौडगढ हाल निवासी नितोडा ने उक्त घटना करना बताया। जिस पर मुल्जिम को पुछताछ के बाद गिरफ्तार किया जाकर अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद किया गया।

# माउंट आबू में 10 फीट लंबे सांप का रेस्क्यू

▶▶ कई दिनों से दहशत में थे आसपास के लोग



**माउंट आबू।** पर्यटन स्थल माउंट आबू में एक आवासीय भवन के आसपास कई दिनों से विचरण कर रहे 10 फीट लम्बे सांप को सोमवार को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा। अजगर यहां घर के आसपास कई दिन से नजर आ रहा था जो कि क्षेत्र के लोगों व राहगीरों के लिए परेशानियों का सबब बना हुआ था। स्नेक कैचर सुशील कुमार के अनुसार अधर देवी की ओर जाने वाले मार्ग पर सुखधाम परिसर के सामने सड़क के किनारे काला सांप होने की सूचना शंकर व देवा से मिली। मौके पर जाकर देखा तो सांप पत्थरों में बैठा हुआ था। वह बार-बार मुंह बाहर निकालकर फुंकार रहा था, जिससे राहगीरों को अजगर का डर सता रहा था। कड़ी मशक्कत से पत्थरों के नीचे बैठे सांप को रेस्क्यू किया। धामण प्रजाति का विषहीन सांप करीब दस फीट का था। सांप को पकडऩे के बाद आस-पास रहने वाले लोगों ने राहत की सांस ली। सांप को अनादरा वन्यक्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया गया। स्नेक कैचर सुशील ने बताया कि सांपों को मारे नहीं। सभी सांप जहरीले नहीं होते हैं। प्रकृति के मित्र वन्यजीवों की संवेदनाओं को समझते हुए उन्हें सुरक्षा प्रदान करने की मानसिकता बनाए रखते हुए उन्हें मारना नहीं चाहिए। सांप दिखने पर वन्यजीव प्रेमियों से संपर्क कर उन्हें सुरक्षा प्रदान करने की परिपाटी को बल देना जरूरी है।

# सादगी की मिसाल था दादी का जीवन: बीके मुन्नी दीदी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**आबूरोड।** ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका ईशु दादी की चतुर्थ पुण्य तिथि शांतिवन मुख्यालय सहित देशभर में शुभ भावना दिवस के रूप में मनाई गई। वरिष्ठ भाई-बहनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके द्वारा विश्व कल्याण में किए गए कार्यों को याद किया। बता दें कि 6 मई 2021 को ईशु दादी का देवलोकगमन हो गया था। आपकी लगन और ईमानदारी को देखते हुए प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने शुरू से ही आपको हिसाब-किताब रखने की सेवा में लगाया। आपने दादी प्रकाशमणि के साथ कदम से कदम मिलाकर वर्षों तक ब्रह्माकुमारीज़ के आर्थिक लेन-देन की जिम्मेदारी संभाली। कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मुन्नी दीदी ने कहा कि इस ईश्वरीय विश्व विद्यालय के आधार स्तंभ सदस्यों में से ईशु दादी एक थीं। उनका जीवन सादगी की मिसाल रहा। उनके जीवन में सच्चाई-सफाई और सादगी थी। वह गंभीरता की मूरत थीं। संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके सुदेश दीदी ने ईशु दादी के साथ के अनुभव सुनाते हुए कहा कि आज जो ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान में देश-विदेश में परमात्मा के महावाक्य सुनाए जाते हैं उन्हें नोट करती थीं। पहले ब्रह्मा बाबा महावाक्य उच्चारण करते थे और दादी शार्ट हैंड में उन्हें लिखती थीं। पहले कार्बन कॉपी निकाली जाती थी जिसे सभी जगह भेजा जाता था। कोई भी जो समाचार होता था तो दादी हिंदी में लिखकर सभी जगह भेजती थीं। बाबा उन्हें सिंधी में बताते थे और वह हिंदी में लिखती थीं।

# माउंट आबू में वेस्टर्न रेलवे का एडवेंचर शिविर

**माउंट आबू।** माउंट आबू में वेस्टर्न रेलवे का सात दिवसीय एडवेंचर शिविर चल रहा है। यह शिविर राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्टेट ट्रेनिंग एवं एडवेंचर सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। सीओ स्काउट जितेंद्र भाटी के नेतृत्व में वेस्टर्न रेलवे और गुजरात से कुल 123 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। शिविर में डॉक्टर एके शर्मा ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पर्यावरण से जुड़े गीत भी गाए। छात्रों ने आबू पर्वत के बाजार में जाकर दुकानदारों से कचरा प्रबंधन के लिए जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने दुकानदारों से पॉलिथीन को एकत्रित कर उचित स्थान पर डालने का आग्रह किया। प्रतिभागियों को विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनमें रॉक क्लाइंबिंग, रेफलिंग, ट्रेकिंग, जिप लाइन और हॉर्स राइडिंग शामिल हैं। इसके अलावा गन शूटिंग, तीरंदाजी, टायर टनल और चिमनी क्लाइंबिंग की ट्रेनिंग भी दी जा रही है।



# एमजीजीएस में प्रवेश प्रक्रिया शुरू




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** कस्बे में स्थानीय ग्राम पोसालिया के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)पोसालिया में श्रीमान निदेशक महोदय माध्यमिक शिक्षा राजस्थान द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना में नर्सरी से दसवीं तक नियमानुसार निर्धारित रिक्त सीटों हेतु आवेदन मांगे गए हैं। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्रीमती कविता ने बताया कि रिक्त सीटों हेतु आवेदन के लिए 07.06.2025 से 15 .06. 2025 तक लिए जाएंगे।आवेदन पत्र की सूची को दिनांक 16.06.2025 को चस्पा किया जाएगा। 17.06.25 को लॉटरी निकालने की प्रक्रिया की जाएगी। दिनांक 18.06.2025 को लॉटरी के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों की सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड चस्पा कर सूचित किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया को 19.06.2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जो भी रिक्त सीटों पर अपने छात्र-छात्राओं का जिस कक्षा में प्रवेश दिलाना चाहते हैं वह ई -मित्र द्वारा अपने बच्चों का आवेदन ऑन लाइन करें।

# उत्तर पश्चिम रेलवे की ट्रेनें दो दिन रहेंगी प्रभावित

▶▶ मारवाड यार्ड में आरसीसी बॉक्स डालने का होगा कार्य

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**आबूरोड।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा अजमेर मण्डल के मदार-मारवाड जं. रेलखण्ड के मध्य मारवाड यार्ड में ब्रिज संख्या 588 पर आरसीसी बॉक्स डालने हेतु दिनांक 05.05.25 को ट्रेफिक ब्लॉक लिया जा रहा था, अब कार्य दिनांक 05.05.25 के स्थान पर दिनांक 07.05.25 को किया जायेगा। इस कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी।

### ▶▶ मार्ग परिवर्तित रेल सेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

- गाडी संख्या 15013, जैसलमेर- काठगोदाम रेलसेवा जो दिनांक 07.05.25 को जैसलमेर से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग जोधपुर, मेडता रोड, फुलेरा होकर संचालित होगी एवं परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा मेडता रोड व डेगाना स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

### ▶▶ आंशिक रद्द रेल सेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

- 1. गाडी संख्या 19735, जयपुर-मारवाड़ जं. रेलसेवा जो दिनांक 07.05.25 को जयपुर से प्रस्थान करेगी वह ब्यावर तक संचालित होगी अर्थात् यह रेलसेवा ब्यावर-मारवाड़ जं. के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।
- 2. गाडी संख्या 19736, मारवाड़ जं.-जयपुर रेलसेवा दिनांक 07.05.25 को मारवाड़ जं. के स्थान पर ब्यावर से संचालित होगी। अर्थात् यह रेलसेवा मारवाड़ जं.- ब्यावर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

### ▶▶ रेगूलेट रेल सेवांए (प्रारम्भिक स्टेशन से)

- 1. गाडी संख्या 14701, श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा जो दिनांक 06.05.25 को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी वह अजमेर-धारेश्वर के बीच 01 घंटे 45 मिनट रेगूलेट रहेगी।
- 2. गाडी संख्या 15014, काठगोदाम-जैसलमेर रेलसेवा जो दिनांक 06.05.25 को काठगोदाम से प्रस्थान करेगी वह अजमेर-धारेश्वर के बीच 01 घंटे 30 मिनट रेगूलेट रहेगी।
- 3. गाडी संख्या 19416, श्रीमातावैष्णोदेवी कटरा-साबरमती रेलसेवा जो दिनांक 06.05.25 को श्रीमातावैष्णोदेवी कटरा से प्रस्थान करेगी वह अजमेर-धारेश्वर के बीच 30 मिनट रेगूलेट रहेगी।

# बरलूट में घोड़ी स्थापना महोत्सव संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जावाल ।** बरलूट कस्बे के गोरिया स्थित धोनारी वीर व सोनगरा मामाजी मन्दिर में देवासी समाज की ओर से मंगलवार को शुभ मुहूर्त में घोड़ी स्थापना महोत्सव संत महात्माओं के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ । इससे पहले सोमवार रात्रि में भजन संध्या का आयोजन भी किया गया जिसमें भक्तो ने भजनों का आनंद लिया । घोड़ी स्थापना के बाद महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया जिसमें अधिक संख्या में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की । मेले में भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष अमराराम प्रजापत बरलूट ने भी शिरकत की ओर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस दौरान प्रजापत सहित उपस्थित अन्य अतिथियों का स्वागत सत्कार भी किया। मन्दिर को रंग बिरंगी रोशनियों से सजाया गया । मेले के सफल आयोजन को लेकर युवा ने विशेष सहयोग किया।

# पशु-पक्षियों को राहत देने कुंडियां और परिंडे बांटे

**सिरोही।** सिरोही में वॉइस ऑफ एनिमल्स ग्रुप ने भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों की मदद के लिए जल सेवा अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में निःशुल्क पानी की कुंडियां वितरित की गई हैं। साथ ही सरजावा गेट के बाहर परिंडों का वितरण किया गया है। विश्व पर्यावरण संरक्षण मिशन के प्रदेश कार्यक्रम प्रमुख गोपाल सिंह राव ने जानकारी दी। वॉइस ऑफ एनिमल्स की तृप्ति जैन ने बताया कि गर्मी में हर साल बहुत से पशु और पक्षियों की जान प्यास से जाती है। इसे रोकने के लिए यह जल सेवा मुहिम शुरू की गई है। अशोक बिश्नोई ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अपने घरों और दुकानों पर पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। इस अभियान में तृप्ति जैन, अशोक बिश्नोई, जगदीश बिश्नोई, दुर्गेश कुमार, तनुजा रावल, तरुण सोलंकी, प्रसन्न टाक, सुरजीत सिंह और स्वयं रावत शामिल रहे। गोपाल सिंह राव ने बताया कि वॉइस ऑफ एनिमल्स सिरोही का एक पशु-सेवा समूह है। यह घायल और बीमार जानवरों का निशुल्क इलाज करता है। एंटी-रेबीज टीकाकरण और गर्मियों में जल सेवा जैसे कार्य भी करता है।

▶▶ सिरोही में वॉइस ऑफ एनिमल्स की पहल



# अधीक्षण अभियंता कार्यालय सील

▶▶ जेवीवीएनएल कार्यालय पर जिला कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला न्यायालय के आदेश पर न्यायालय कर्मचारियों ने पुलिस की मौजूदगी में मंगलवार को जोधपुर विद्युत वितरण निगम सिरोही के अधीक्षण अभियंता कार्यालय को कुर्क कर न्यायालय के अधीन लिया। इस दौरान कार्यालय भवन को सील कर मुख्य गेट के ताला जड़ दिया। साथ ही बिना न्यायालय की अनुमति के सील या ताला नहीं खोलने का बाहर मुख्य गेट पर नोटिस भी चस्पा किया है।



### यह था मामला

अधिवक्ता सुमेर सिंह ने बताया कि आखापुरा गांव निवासी भंवर सिंह व भीम सिंह 12 अगस्त, 2015 को फसल की रखवाली कर रहे थे इसी दौरान भंवर सिंह तार के संपर्क में आ गया और वह झुलस गया। उसके चिल्लाने पर भीम सिंह दौड़कर गया तो पह मौके पर तड़प रहा था। उसे तत्काल सिरोही के राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने भंवर सिंह को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में बरलूट पुलिस थाने में जोधपुर विद्युत वितरण निगम के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

### न्यायालय आदेश के 4 साल बाद भी नहीं दिया मुआवजा

करण में सेशन न्यायालय ने 2021 में पीडित परिवार को 10 लाख 83 हजार 510 रुपए मुआवजा व 2017 से ब्याज देने के आदेश दिए थे, लेकिन बिजली निगम की ओर से न्यायालय के आदेश के 4 साल बाद भी पीडित परिवार को मुआवजा राशि नहीं दी गई। इस पर न्यायालय ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय सिरोही को कुर्क कर न्यायालय के अधीन लेने के आदेश दिए। जिस पर कार्यालय भवन को सील किया गया।

# हल्की बारिश से माउंट आबू में मौसम का मिजाज बदला

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▶▶ तीन दिन में 45.6 मिमी बारिश

▶▶ न्यूनतम तापमान में 4.4 डिग्री की गिरावट

**माउंट आबू।** माउंट आबू में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव आया है। रविवार से शहर में हल्की बारिश और बूंदाबांदी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के हनुमंत दान चारण के अनुसार, सोमवार को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। सुबह 8 बजे तक 27.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। पिछले तीन दिनों में कुल 45.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। तापमान में उतार-चढ़ाव की बात करें तो रविवार को न्यूनतम 14.4 और अधिकतम 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दिन 18.2 मिमी बारिश हुई। सोमवार को न्यूनतम 17.4 और अधिकतम 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मंगलवार को न्यूनतम तापमान में 4.2 डिग्री और अधिकतम तापमान में 1.8 डिग्री की गिरावट आई। इस दिन न्यूनतम 13 और अधिकतम 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय वादियों में धुंध छाई रही और मौसम में ठंडक बनी रही। पर्यटकों ने इस खुशनुमा मौसम का आनंद लिया। पर्यटक नक्की झील परिक्रमा पथ और अनादरा प्वाइंट जैसे पर्यटन स्थलों पर घूमते नजर आए।



# एसिड से भरा टैंकर पलटा

▶▶ ड्राइवर की मौत, हेल्पर को मामूली चोट

**सिरोही।** सिरोही के विधि कॉलेज के पास मंगलवार दोपहर 12:30 बजे एक बड़ा हादसा हुआ। एसिड से भरा टैंकर गाय को बचाने में डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में टैंकर ड्राइवर की मौत हो गई। वहीं, हेल्पर को मामूली चोटें आई हैं। राजसमंद जिले के भीम थाना क्षेत्र के गांव बरा र खेदरा निवासी महेंद्र सिंह (30) अंकलेश्वर से 40 टन एसिड लेकर ब्यावर जा रहा था। विधि कॉलेज के सामने तीखे मोड़ पर गाय को बचाने की कोशिश में टैंकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में टैंकर का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ड्राइवर महेंद्र सिंह के सिर में गंभीर चोट लगी। हेल्पर फतेह सिंह को मामूली चोटें आईं।



सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस, अग्निशमन विभाग और एलएनटी डिपार्टमेंट की टीम मौके पर पहुंची। एंबुलेंस 108 के पायलट सुरेंद्र सिंह देवड़ा घायल ड्राइवर को सिरोही ट्रॉमा सेंटर ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# रास्ता खोलो अभियान के तहत प्रत्येक ब्लॉक में 50-50 रास्ते एक माह में खुलवाने का दिया लक्ष्य



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जिले में संचालित केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कराने एवं विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि नियमित रूप से कार्यालय में आमजन की परिवेदनाओं को सुने। साथ ही जनसुनवाई एवं विभिन्न माध्यमों से आने वाले प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। उन्होंने जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग कर सुचारू पेयजल आपूर्ति कराने के निर्देश दिये।

**रास्ते खुलवाकर ग्रामीणों को राहत पहुंचाए :** जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारियों एवं विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्र में बाधित रास्तों को समन्वय स्थापित कर आमजन की सहमति से खुलवाना सुनिश्चित करें। रास्ते खुलने से आवागमन सुगम होने के साथ कृषि आदि कार्य में भी सहूलियत होगी। उन्होंने तहसीलवार एक माह में 50-50 रास्ते खुलवाने का लक्ष्य देकर विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन रास्तों में ग्रेवल सड़क की आवश्यकता है वहां ग्रेवल सडक बनाने के प्रस्ताव बनाकर भिजवाएं।

**पीएम सूर्यघर योजना पर करें विशेष फोकस :** उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा कर अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया कि उपखण्ड अधिकारी से समन्वय स्थापित कर जिले में ब्लॉकवार पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के शिविर आयोजित करें। इस योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी, घर के जीरो बिल होने तथा अतिरिक्त विद्युत उत्पादन से अतिरिक्त आय होने के लाभ के बारे में आमजन में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करावे। इस योजना के क्रियान्वयन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी लें।

**50 और आंगनबाडी बनेगी चाइल्ड फ्रेंडली :** जिला कलक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि उपखण्ड अधिकारियों से समन्वय कर सरकारी व सीएसआर मद से प्रत्येक ब्लॉक में 5-5 आंगनबाडी चिन्हित कर चाइल्ड फ्रेंडली आंगनबाडी के रूप में विकसित करावे। इन आंगनबाडियों की मरम्मत, चाइल्ड फ्रेंडली रंगरोगन व फर्नीचर की व्यवस्था कराने के साथ यह सुनिश्चित करें कि इनमें अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं अच्छी गुणवत्ता की रहे।

**मनरेगा व मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन के कार्यों में लाए प्रगति :** उन्होंने जिला परिषद के सीईओ को निर्देशित किया कि मानसून से पूर्व मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना व मनरेगा योजना में स्वीकृत कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करावे। साथ ही उन्होंने एमजेएसए के प्रगतिरत कार्यों में आगामी दस दिवस में 50 फीसदी प्रगति लाने के निर्देश दिये तथा इसी प्रकार मनरेगा योजना में प्रगतिरत कार्यों को 25 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिये तथा पूर्ण कार्यों को जेएसजेबी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में संचालित मेवात विकास योजना एवं सांसद व विधायक निधि कोष के कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि तकनीकी व वित्तीय स्वीकृति आदि कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कराकर कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करावे। उन्होंने हीट स्ट्रोक की तैयारियों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि आपदा प्रबंधन विभाग की गाइड लाइन के अनुरूप पुख्ता तैयारियां रखे। उन्होंने ई-विद्या अभियान के तहत जिले के सरकारी स्कूलों में बनाई जा रही ई-लाइब्रेरी की समीक्षा कर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि शेष रही ई-लाइब्रेरियों को भी समयबद्ध रूप से पूर्ण करावे। उन्होंने ऑनलाइन म्यूटेशन, ई-फाइल व भूमि आवंटन आदि के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## जालिमपुरा ग्राम को यथावत भीमसर पंचायत में रखने के लिए सौंपा ज्ञापन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन, नवसृजन में मंडावा पंचायत समिति के भीमसर पंचायत के राजस्व ग्राम जालिमपुरा उर्फ ढाणी चारण को भीमसर से हटाकर शेखसर ग्राम पंचायत में जोड़ने का जालिमपुरा ग्रामवासियों ने कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन कर जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। वकील विजयहिंद जालिमपुरा ने बताया कि यह निर्णय जनभावना के विरुद्ध, मूलभूत सुविधाओं का असंतुलन, अन्यायपूर्ण और प्रगति बाधक है। जिसका हम समस्त ग्रामवासी भर्त्सना करते हैं और पुरजोर विरोध करते हैं। इससे हमारी आर्थिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, शिक्षा, चिकित्सा और सुरक्षा की सेवाएं और अधिकार बाधित हुए हैं और हमारी भावी पीढ़ी पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही गांव की विघटन की संभावना है जो कि हमें कतई स्वीकार नहीं है। जिसके फलस्वरूप ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पर विरोध दर्ज करवाते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर पूर्व की यथावत स्थिति बनाए रखने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने ली बैठक

रास्ता खोलो अभियान की प्रगति जांची



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए जिले के सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिला कलक्टर ने जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण अभियान 'रास्त खोलो अभियान' की प्रगति जांची। जिला कलक्टर मीणा ने जिले में अनुपयोगी भवनों की भी जानकारी लेते हुए इनके जीर्णोद्वार व सदुपयोग की बात कही। कलक्टर मीणा ने स्थानीय निकाय तथा पंचायत परिसीमन के भी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में एसपी शरद चौधरी, एडीएम अजय कुमार आर्य, एसडीएम हवाई सिंह यादव, तहसीलदार महेंद्र मूंड समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : 37-विद्युत्/सा0/प्रयागराज/25-26** **दिनांक 02.05.2025**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत् अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक 26.05.2025 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है-

| | |
|---|---|
| **निविदा सूचना संख्या : ELG-67-2526** | **काम की लागत (रु में) : 15903313.00** |
| **कार्य का नाम :** कानपुर क्षेत्र के फजलगंज, तेजाब मिल कॉलोनियों में एबीसी (एरियल बंच कंडक्टर) कंडक्टरों द्वारा ओवर हेड लाइनों के प्रतिस्थापन के साथ विद्युत आपूर्ति प्रणाली का विस्तार। | |
| **बिड सिक्योरिटी (रु. में) : 229500.00** | **कार्य समाप्त करने की समयावधि : 06 माह** |
| **निविदा खुलने की तिथि 26.05.2025 समय 15:00 बजे** | |

**नोट :** उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज़ के साथ) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **15:00 बजे** निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। **766/25 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# झेरली स्कूल में होगा कक्षा-कक्षों का निर्माण, स्टाफ ने दी एक लाख रूपए की सहायता



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**पिलानी।** झेरली गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जल्द ही दो नए कक्षा कक्षों का निर्माण होगा। इसके लिए स्टाफ के सदस्यों ने मिलकर एक लाख रूपए की सहायता सबसे पहले एसडीएमसी में दी है। इसके बाद शेष राशि ग्रामीणों के सहयोग से इकट्ठा की जाएगी। संस्था प्रधान सुशीला शर्मा ने बताया कि स्कूल में कक्षा कक्षों की महत्ती आवश्यकता है। वाइस प्रिंसिपल मैना द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों से एकत्रित एक लाख की राशि का चैक संस्था प्रधानाचार्य सुशीला शर्मा को दिया। शेष राशि ग्रामीणों के सहयोग से इकट्ठा की जाएगी। संस्था प्रधान सुशीला शर्मा ने बताया कि इससे पहले भी कई बार ग्रामीणों और स्टाफ सदस्यों ने स्कूल की भौतिक सुख—सुविधाओं के विस्तार में अपना आर्थिक सहयोग दिया है। इस मौके पर संस्था प्रधान सुशीला शर्मा ने सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा इस कार्य के लिए किए गए सहयोग का आभार जताया गया है। इस मौके पर वाइस प्रिंसिपल मैना, संजीव कुमार, मंजू झाझड़िया, अशोक सैनी, अमरसिंह, इंदिरा, सुनिल शर्मा, सुमन जांगिड़, प्रकाश नेहल, विजयश्री, शकुंतला, अनुसुईया, मांगेलाल, पूनम, सुनिता शर्मा, प्रदीप सैनी, कविता, करणीसिंह व रवि शर्मा आदि मौजूद थे।

# टू-व्हीलर से नहीं जा सकेंगे पांडूपोल मंदिर

**रणथम्भौर में टाइगर उठा ले गया था बच्चे को, उसके बाद लगी पाबंदी**



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** सरिस्का के जंगल में स्थित पांडूपोल मंदिर में अब मंगलवार और शनिवार के दिन टू व्हीलर से नहीं जा सकेंगे। यदि मंगलवार के दिन आप भी बाइक से पांडूपोल मंदिर जाने की सोच रहे हैं तो रुक जाइए। दुपहिया वाहनों को पांडूपोल जाने वाले मुख्य सदर गेट से आगे नहीं दिया जा रहा। इससे आगे टू व्हीलर से जाने पर पाबंदी लगा दी है। यह पाबंदी रणथम्भौर में टाइगर द्वारा एक बालक को उठाकर ले जाने के बाद की है। पिछले मंगलवार से ही सरिस्का में रोक लगा दी थी। अभी यह अस्थाई तौर पर किया गया है। सरिस्का डीएफओ अभिमन्यु साहरण ने बताया कि मंगलवार को सदर गेट से करबी 200 बाइक व टहला गेट से करीब 100 बाइक पांडूपोल मंदिर पहुंचती थी। अब बाइक अंदर नहीं जा रही। आने वाले भक्तों के लिए रोडवेज बस का इंतजाम किया गया है। बस का सदर गेट से निकलने का समय सुबह 11 बजे हैं। इसी तरह टहला गेट से भी बस लगाई है ताकि भक्तों को मंदिर लाया ले जाया जा सकें। सरिस्का के अंदर बसे गांव वालों को आने-जाने की छूट रहेगी। असल में अंदर बसे ग्रामीणों को सरिस्का प्रशासन पहचानता है। इस कारण उनके आने जाने पर रोक नहीं है। लेकिन बाहर से आने वालों को रोका गया है। असल में प्रशासन का मानना है कि बाहर से आने वालों को जंगल के बारे में अधिक जानकारी नहीं है। इस कारण उनके साथ कोई भी घटना होने का डर रहता है। लेकिन जंगल में रहने वाले लोग तो सब जानते हैं।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डर न० पी०आर०वाई०जे०-सिग-401-2025-26** **दिनांक - 05.05.2025**

**ई-निविदा सूचना**

वरीष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 28-05-2025 को 15:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **कार्य का विवरण :** "निबकरोरी स्टेशन पर दूसरी लूप लाइन के प्रावधान के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य।" | |
| **अनुमानित मूल्य (रूपये में) :** Rs. 5449385.30/- (चौबन लाख उनचास हजार तीन सौ पचासी रूपये और तीस पैसा केवल) | |
| **निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रूपये में) :** 109000.00 | |
| **कार्य समापन की अवधि :** 12 माह | **निविदा बंद होने/खुलने की तिथि :** 28.05.2025 |
| **निविदा प्रपत्रों की उपलब्ध :** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। | |
| **बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप :** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा जमा की जाएगी। यदि निविदादाता धरोहर राशि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी। | |
| **निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थान :** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **15:30** बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जाएगी। | |
| **निविदा की वैधता :** निविदा खुलने के 60 दिन तक। | |
| **निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकार :** रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **778/25(AS)** | |

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

# गिरिजा व्यास को श्रद्धांजलि अर्पित



**झुंझुनूं।** हमीरी रोड स्थित पुजारी फार्म हाउस में ब्राह्मण समाज द्वारा पूर्व केंद्र मंत्री व महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. गिरिजा व्यास को ब्राह्मण समाज ने उनके निधन पर दो मिनट का मौन रखकर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस इस अवसर पर संयोजक पवन पुजारी ने बताया कि कुछ दिन पहले गणगौर त्यौहार पर दीपक की लोह लपटों से झुलस गई थी। उसके बाद उपचार के बाद उनका निधन हो गया। उनके निधन से ब्राह्मण समाज को बड़ी क्षति हुई है व राजनीति में समाज की कद्दावर नेता थी। झुंझुनूं में स्वर्गीय काशीनाथ पांडे की धर्म बहन बनी हुई थी। इसलिए उनका झुंझुनूं से विशेष लगाव था। समय-समय पर आती रहती थी। कवियत्री से राजनीति का लंबा सफर करते हुए केंद्र में दो बार मंत्री, चार-बार सांसद, कांग्रेस राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष व पांचवीं महिला आयोग की अध्यक्ष पद पर रह चुकी है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पवन शर्मा देरवाला, विप्र फाउंडेशन संगठन जिला महामंत्री रामगोपाल महमिया, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा अलसीसर, विप्र फाउंडेशन जिला मंत्री रमाकांत पारीक, जिला मंत्री सुरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर की अपील, मॉकड्रिल के दौरान घबराएं नहीं, सक्रिय भागीदारी निभाएं

## मुख्य सचिव ने नागरिक सुरक्षा, पूर्वाभ्यास के लिए निर्देश दिए

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मंगलवार को सभी जिलों के कलक्टर एवं अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेस बैठक में भारत सरकार की ओर से बुधवार, 7 मई को प्रस्तावित मॉक ड्रिल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वीसी में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने बैठक में बताया कि भारत सरकार ने इस मॉक ड्रिल को ऑपरेशन अभ्यास नाम दिया है, जो प्रशासनिक, पुलिस, नागरिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य कार्मिकों के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी आपात स्थिति में सुरक्षित व्यवहार सीखने का महत्वपूर्ण अवसर है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने प्रस्तावित पूर्व अभ्यास के क्रम में मुख्य सचिव की ओर से दिए गए निर्देशों और मॉक ड्रिल के लिए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की पालना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे 7 मई 2025 (बुधवार) को केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशन में आयोजित हो रही सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल से घबराएं नहीं। उन्होंने कहा है कि सभी लोग इस अभ्यास का किसी भी आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा से संबंधित सबक सीखने के अवसर के रूप में उपयोग करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर 'हवाई हमले की स्थिति' से निपटने का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इस क्रम में रात के समय ब्लैक आउट का भी पूर्वाभ्यास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्वव्यापी अभ्यास आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और विभागीय समन्वय की कसौटी पर खरा उतरने का पूर्वाभ्यास है, जिसमें गांव स्तर तक सभी लोगों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सायरन बजने पर ब्लैकआउट के समय सभी नागरिक अपने घर के बिजली के उपकरण लाइट्स इत्यादि बंद रखें। उन्होंने एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से विशेष रूप से इस गतिविधि में भाग लेने का आग्रह किया है ताकि आपदा की स्थिति में वे समाज के लिए मजबूत सहयोगी बन सकें।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.:** 2025-मई-01 **दिनांक:** 01.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये 'खुली निविदा ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.:** 1 | **निविदा सं.:** 2025-मई-01-01 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 138684777.07 |
| **कार्य का विवरण :** मथुरा जंक्शन पर तीसरे प्रवेश द्वार पर नए स्टेशन भवन और सड़क चौड़ीकरण का प्रावधान। | | |
| **क्र.सं.:** 2 | **निविदा सं.:** 2025-मई-01-02 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 3712364.01 |
| **कार्य का विवरण :** आगरा मंडल में परिचालन कर्मचारियों के लिए नदबई, बृजनगर, बरसाना, गजिका, अझई और अन्य स्टेशनों पर विश्राम कक्ष और शौचालय का प्रावधान। | | |
| **क्र.सं.:** 3 | **निविदा सं.:** 2025-मई-01-03 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 863917.84 |
| **कार्य का विवरण :** सहायक मंडल इंजीनियर द्वितीय मथुरा के सेक्शन में विभिन्न स्टेशनों कीथम, फरह, मोरा और रुनकता पर टैंकरों के द्वारा जलापूर्ति का प्रावधान (24 महीने के लिए)। | | |
| **क्र.सं.:** 4 | **निविदा सं.:** 2025-मई-01-04 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 1964800.00 |
| **कार्य का विवरण :** 02 वर्ष की अवधि के लिए वरि. मंडल इंजीनियर प्रथम/आगरा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत भूमिगत जल भंडारण सम्प, शिरोपरि आरसीसी जलाशय और पीवीसी पानी की टंकियों की आवधिक सफाई। | | |
| **क्र.सं.:** 5 | **निविदा सं.:** 2025-मई-01-05 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 537237.75 |
| **कार्य का विवरण :** किरावली तथा मिढाकुर- स्टेशन और कॉलोनी मे 15 महीने के लिए पेयजल की आपूर्ति का कार्य। | | |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से **दिनांक 23.05.2025** को **15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **764/25 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**तहसील मुख्यालय का घेराव किया, तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा**

# सिधमुख में रेलवे अंडरब्रिज की मांग को लेकर किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाली



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सिधमुख व क्षेत्र वासियों की ओर से रेलवे अंडर ब्रिज की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना 147वे दिन भी जारी रहा, सिधमुख से चुबकियाताल कटनी रास्ते पर रेलवे अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर किसानों ने भारी संख्या में धरना स्थल से लेकर तहसील मुख्यालय तक ट्रैक्टर रैली निकाली। तहसील मुख्यालय का घेराव किया। किसान लोग तहसील के आगे डटे रहे। अपनी मांग को लेकर किसानों ने नारेबाजी की। किसानों ने रेलवे डिविजन उत्तर पश्चिम रेलवे के रेल प्रबंधक, राजगढ़ एसडीएम, अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग व तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने मांग रखी है कि जब तक अण्डर पास पुल की व्यवस्था नहीं होती तब तक हमें अस्थाई रूप से रास्ते की व्यवस्था की जाए। जिससे किसान उचित समय रहते अपनी फसल की बुआई खेतों में जाकर कर सके। अपनी मांग को लेकर किसानों ने 16 दिसंबर को अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया था। किसानों ने बताया कि रेलवे ट्रैक के उसे पार सिधमुख के दो सौ से अधिक किसानों की चार हजार बीघा कृषि भूमि है। बारिश होने के बावजूद भी किसान लोग रास्ते के अभाव में काश्त करने खेतों में नहीं जा सकते क्योंकि किसनो खेत में जाने के लिए 5 फीट ऊंची रेल पटरियो को पार करना पड़ता है। रेलवे ट्रैक पार करने के बाद यह रास्ता 3 दिशाओं में बंट जाता है, जो किसानों के खेतों और गांव चुबकिया ताल में जाता है। 5 फीट ऊंचे रेलवे ट्रैक से किसान अपने कृषि उपकरण नहीं ले जा सकते हैं तथा वाहनों का आवागमन भी नहीं होने के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेतों का मुख्य रास्ता रेलवे द्वारा मुख्य तौर पर बिल्कुल बंद कर दिया गया है दोनों तरफ खाई खोद दी गई है। जिससे किसान टाइम पर अपने खेत में कास्त करने के लिए नहीं जा सकते है। किसानों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।किसानों मै भारी आक्रोश है। किसानों ने भूख हड़ताल की भी चेतावनी। इसमें प्रभु राम महला, गौरी शंकर प्रजापत, मुकेश भाम्मी, मनोज बेनीवाल, महेंद्र, रोहतास, नानूराम, शेर सिंह, गोवर्धन, राजेश दहिया, हरिराम मेघवाल, बलवान, रामकुमार,बेगराज राजपुरोहित, सदा सुख, जय सिंह, मनीराम, प्रेम राज, शिव कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान लोग मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों के बीच मनाया जन्मदिन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री श्याम सेवक परिवार संस्था के अध्यक्ष कुलदीप भार्गव ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा रूपी कार्य किए। उन्होंने ना केवल जन्मदिन होटल, रेस्टोरेंट में जाकर मनाया बल्कि जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंच अपने जन्म के उत्सव को सेवा भाव में जोड़कर आनंद लिया। समाजसेवी कुलदीप भार्गव के द्वारा के मूकबधिर, मंदबुद्धि बालक, विशेष विद्यालय, आशा का झरना, मां सेवा संस्था इत्यादि सेवा रूपी संस्थाओं में जाकर जरूरतमंद बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान भार्गव ने मिठाई व फल भी वितरित किए। कुलदीप भार्गव बेटा पढ़ाओ संस्कार सिखाओ अभियान के सदस्य, भृगुवंशी श्री श्याम प्रेमी मित्र मंडल ट्रस्ट के महामंत्री व आर्यावर्त सर्व ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश के पद पर सुशोभित है। इस अवसर पर अशोक सैनी रविंद्र तोलियासर, अमन, ललित, अमित सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**चिकित्सकों की संविदा नियुक्ति (स्पेशलिस्ट/सुपर स्पेशलिस्ट)**



जेआरएच एमएमसीटी में संविदा आधार पर चिकित्सकों (स्पेशलिस्ट/सुपर स्पेशलिस्ट) की संविदा नियुक्ति। जगजीवन राम हॉस्पिटल, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई द्वारा जे.आर. हॉस्पिटल, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 में पूर्ण कालीन कार्य पर संविदा चिकित्सकों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु वॉक इन इंटनव्यू आयोजन किया जाना है।

उममीदवार अपना आवेदन **16.5.2025** को वॉक इन इंटनव्यू में शामिल होने के समय प्रस्तुत कर सकते है। डाक द्वारा प्रेषित आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे।

**साक्षत्कार हेतु स्थान:** 7 वा तल, एनेक्स बिल्डींग, जगजीवन राम हॉस्पिटल, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008, दस्तावेजों की जांच एवं पंजीयन समय: **09.30 बजे से 11.30 बजे तक।**

**नोट:** वॉक इन इंटरव्यू में शामिल उममीदवार निर्धारित प्रारूप अनुसार अन्य आवश्यक जानकारी सहित अपना बायोडाटा एवं सभी दस्तावेजों की स्वसत्यापित प्रतिलिपियां जमा करें। साक्षात्कार के समय सत्यापन हेतु उममीदवार अपने मूल प्रमाण पत्र/दस्तावेज साथ लाएं।

विभागवार रिक्तियां

| क्र. सं. | विभाग/पद एवं रिक्तियां | शैक्षणिक योग्यता | मानदेय प्रतिमाह (रु.) |
|---|---|---|---|
| 1 | सीएमपी (स्पेशलिस्ट) एनेस्थेशिओलॉजिस्ट 01 | ऐनेस्थेशिया/डीएनबी में एमबीबीएस तथा पीजी उपाधि, एमसीआई से मान्यता प्राप्त होना चाहिए। उममीदवार एमसीआई/ एमएमसी से पंजीकृत होना चाहिए। | रु. 1,23,500/- प्र.मा. अनु. |
| 2 | सीएमपी (सुपर स्पेशलिस्ट) मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट 01 | जनरल मेडिसिन या पीड्रियाट्रिक में एमडी (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन) पश्चात एमसीआई/एमएमसी मान्यता प्राप्त संस्थान से मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी/डॉ. एनबी। | रु. 142,000/- प्र.मा. अनु. |

रेलवे /शासकीय से सेवा निवृत्त चिकित्कों की दशा में मानदेय+ पेंशन अंतिम प्राप्त वेतन से अधिक नहीं होना चाहिए। रिक्त 02 पदों रिक्तीयों का श्रेणीवार वर्गीकरण: अना.- 02, नियुक्ती के समय रिक्तियों की संखया में संशोधन/कम-अधिक हो सकती है।

**नोट:** प्रथम नियुक्ति के समय अधिकतम आयु 53 वर्ष तथा पुर्ननियुक्ति हेतु 65 वर्ष या 12 सत्र जो भी पहले हो। प्रत्येक सत्र की अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी। सेवा निवृत्त/शासकीय चिकित्सकों हेतु अधिकतम आयु 67 वर्ष या 7 सत्र होगी।

आवेदन प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है।

अधिक जानकारी हेतु समाचार एवं भर्ती सेक्शन अंतर्गत रेलव वेबसाइट www.wr.indianrailways.gov.in देखें।

**पश्चिम रेलवे**
www.wr.indianrailways.gov.in

0112

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly

# बेटा घोड़ी चढ़ने की तैयारी में था, पिता की मौत

**पाली।** पाली में बेटे की बारात निकलने से आधा घंटे पहले पिता की मौत हो गई। हादसा रेलवे ट्रैक पर बैठी गाय को बचाने के प्रयास में हुआ। घटना मारवाड़ जंक्शन के आऊवा गांव में सोमवार सुबह 10:30 बजे की है। पुलिस के अनुसार सरकारी टीचर हनुमान प्रसाद (55) के बेटे दीपक की सोमवार (5 मई) को शादी थी। करीब 11 बजे बारात आऊवा से मेड़ता सिटी के लिए रवाना होनी थी। बारात के लिए कुछ लोगों को निमंत्रण देना बाकी रह गया था। ऐसे में हनुमान प्रसाद बारात रवाना होने से पहले कराड़ी गांव में शादी का कार्ड देने निकले थे।

## बारात से आधा घंटे पहले कार्ड बांटने निकले थे

## गाय को बचाने की कोशिश में ट्रेन से कटे



### घर से छह किलोमीटर दूर हादसा

बताया जा रहा है कि आऊवा से करीब छह किलोमीटर दूर रेलवे ट्रैक पर एक गाय को बैठा देखा। इस पर स्कूटी एक तरफ खड़ी कर वे गाय को हटाने के लिए चले गए। गाय को हटाते तभी मालगाड़ी आ गई और उसकी चपेट में आ गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर, उनके घर पर बारात रवाना करने की तैयारी चल रही थी। सब हनुमान प्रसाद का इंतजार कर रहे थे। उन्हें परिवार के लोगों ने फोन भी किया, लेकिन किसी ने रिसीव नहीं किया।

### केवल 10 लोग बारात लेकर गए

इस हादसे की जानकारी मृतक की पत्नी अंजू जोशी, बेटे दीपक और तीनों बेटियों को रिश्तेदारों ने नहीं दी। हालांकि, बारात में महज 10 लोगों को ही लेकर जाना यह देख दूल्हे की मां अंजू जोशी को कुछ अच्छा नहीं लगा। वह बार-बार पूछ रही कि दीपक के पापा कहां है क्या वह बारात में नहीं जा रहे है। सिर्फ 10 लोग ही बारात क्यों लेकर जा रहे है। लेकिन रिश्तेदारों ने कोई दूसरा बहाना बनाकर उन्हें समझाया और शांत किया। इसके बाद दीपक की बारात रवाना हो सकी। सोमवार रात आठ बजे बिना किसी धूमधाम के दीपक की शादी हुई। इसके बाद परिवार को हादसे की जानकारी दी गई।

### दीपक तीन बहनों का इकलौता भाई

मृतक 55 वर्षीय हनुमान प्रसाद जोशी कराड़ी गांव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत थे। दीपक अभी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहा है। हनुमान प्रसाद की दो बेटियां भी हैं, जिनकी शादी हो चुकी हैं। घटना को लेकर मृतक के भांजे दर्शन जोशी ने रिपोर्ट दी है। हनुमान प्रसाद का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया।

# लेसर विशलिंग बतख-चूजे तैरने लगते तो मां बच्चों को देती प्रशिक्षण



**सुमेरपुर।** लेसर विशलिंग डक के परिवार में चूजे तैरने योग्य होते ही माता-पिता अपने चूजों को जीवन जीने की कला सिखाते है। उन्हें जीवन में आने वाली चुनौतियों, भोजन, रक्षा व विभिन्न ईलाकों की जानकारी देते हैं। चूजों की सुरक्षा के लिये माता-पिता हमेशा अपने चूजों के साथ ही तैरते हैं। चूजों के कुदरती बचाव में इनके जन्मजात रंग व बनावट से इनकी सुरक्षा रहती हैं। चूजे किसी खतरे की आहट पाकर पानी के आस-पास झाडी में उन्हें अपने रंगों की वजह से दुश्मन को नजर नहीं आने की कला सबसे पहले सिखाई जाती हैं।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री का सुमेरपुर पहुंचने पर स्वागत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** बीजेपी प्रदेश महामंत्री अजित माण्डन के सोमवार को सुमेरपुर पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सेवा संस्थान बारवा के अध्यक्ष हरिलाल विश्वकर्मा के घर पर समाज के गणमान्य समाज बंधुओं ने प्रदेश महामंत्री माण्डन से शिष्टाचार भेंट कर उनका माला व साफा पहनाकर बहुमान किया गया। इस मौके पर मांगीलाल सुथार, खीमाराम शंखवाली, हरिलाल विश्वकर्मा,



बाबूलाल फालना स्टेशन, मोहनलाल बेडा, रविकुमार हीरो, मंछाराम बलवना, अशोक कुमार, उम्मेदमल शिवतलाव एवं अन्य समाज बंधु उपस्थित रहे।

# मंडी में समर्थन मूल्य पर चना व सरसों की खरीद शुरू

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** महाराजा उम्मेदसिंह कृषि उपज मंडी स्थित 180 नंबर दुकान पर क्रय विक्रय सहकारी समिति की ओर से समर्थन मूल्य पर चना व सरसों की खरीद केन्द्र का शुभारंभ मंगलवार को केवीएसएस अध्यक्ष करणसिंह चाणोद, किसान संघर्ष समिति सुमेरपुर आहोर जयेन्द्रसिंह गलथनी, जिला परिषद प्रतिनिधि शिवराजसिंह बिठीया, रघुवीरसिंह बिसलपुर, हितेन्द्रसिंह बिसलपुर, जसवंतसिंह



गलथनी, शैतानसिंह जाखोड़ा के सानिध्य में किया गया। प्रधान व्यवस्थापक रूपाराम खारवाल ने बताया कि चाणौद निवासी किसान मोड़सिंह से चना खरीद कर शुभारंभ किया गया। चना खरीद के लिए कुल 20 किसानों व सरसों के लिए छह किसानों ने पंजीयन करवाया हैं। चना 5650 रूपए प्रति क्विंटल एवं सरसों 5950 रूपए प्रति क्विंटल रूपए की दर से खरीद की जा रहीं हैं। समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए एक अप्रैल से पंजीयन शुरू किया गया था। इस मौके पर समिति के नरेन्द्र कुमार, सुरजपुरी सहित समिति स्टॉफ मौजूद रहे।

# दादा के दरबार में अठारह अभिषेक का कार्यक्रम संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** सर्वोदय पार्श्वनाथ मंदिर की 18वीं वर्षगांठ ध्वजारोहण के उपलक्ष्य में आयोजित महोत्सव में अठारह अभिषेक किया गया। इस अवसर पर सरल स्वभावी परम पूज्य साध्वी पद्मयशा श्रीजी मारा साहिब एवं प्रवचन प्रभावीका मुक्ति यशा मारा साहिब ने कहा कि 18 अभिषेक एक उत्कृष्ट कोटि का विधान है। जल पूजा विधन विनाशी पूजा कई जाती है। देवों और इंद्रो के द्वारा मेरू पर्वत पर परमात्मा का जन्म अभिषेक किया। तब तीर्थों समुद्रों नदियों का जल लाया गया था और भिन्न-भिन्न औषधियां मिलाई थी। उसी के अनुकरण के रूप में भक्तों को भी अलग-अलग सुगंधित और औसोधीया जल में मिलाकर उसी के द्वारा 18 पाप स्थानकों की मुक्ति के लिए 18 अभिषेक विधान करना चाहिए। इस अवसर पर सचिव संभव जैन, साकलचंद खाटेड, अमित मेहता, रमेश शा, विकास खाटेड, सुरेन्द्र सोलंकी, पुनीत खाटेड, बलवंत भाई पुजारी आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में विधि कारक रमेश भाई बाली की अहम भूमिका रही।



# वार्ड 11 में सड़क पर फैले कचरे से लोग परेशान

## स्थानीय निवासियों ने ईओ को दी लिखित शिकायत, कहा-आवारा जानवरों का रहता जमावड़ा

**फालना।** फालना नगरपालिका के वार्ड संख्या 11 में गली में कचरा डालने से लोगों का हाल बेहाल है। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को लिखित शिकायत दी है। स्थानीय निवासी भरत मेवाड़ा ने शिकायत में बताया कि नगरपालिका कर्मचारी आसपास के क्षेत्र का कचरा इस गली में डालते हैं। इससे यहां आवारा कुत्ते और सुअरों का जमावड़ा लगा रहता है। इस रास्ते से महिलाएं और बच्चे भी गुजरते हैं, जिन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को लिखित शिकायत की गई है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कचरे से आसपास के क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। स्थानीय पार्षद महेंद्र शर्मा के अनुसार यह समस्या काफी पुरानी है। नगरपालिका को कई बार इस गली में कचरा न डालने की शिकायत की जा चुकी है। फिर भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। वहीं जब इस



मामले में नगरपालिका के सफाई निरीक्षक मनोहर राठौड़ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। स्थानीय लोगों की मांग है कि नगरपालिका इस क्षेत्र में कचरा डालने पर रोक लगाए और स्वच्छता बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाए।

# सारंगवास गांव को आना पंचायत में रखने की मांग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** पंचायत पुर्नगठन को लेकर मंगलवार को सारंगवास गांव के ग्रामीण देसूरी एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन देकर सारंगवास गांव को आना पंचायत में यथावत रखने की मांग की है। अन्यथा ग्रामीणों की ओर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इससे पूर्व मंगलवार को सारंगवास गांव में ग्रामीण इकट्ठा हुए और गांव को आना पंचायत की बजाय नई पंचायत वीरमपुरा रेबारियान में शामिल करने का विरोध करते हुए देसूरी उपखंड कार्यालय पहुंचे। जहां एसडीएम सिद्धार्थ सांदू को ज्ञापन देकर बताया कि सारंगवास राजस्व गांव का कुछ भाग आना गांव में मौजूद है। वहीं सारंगवास गांव के वार्ड का कुछ हिस्सा आना गांव में आता है। जबकि आना पंचायत मुख्यालय से सारंगवास गांव की दूरी मात्र डेढ़ किमी है। जबकि नई पंचायत वीरमपुरा रेबारियान में यथावत रखने की मांग की है। वहीं सारंगवास गांव को नई पंचायत वीरमपुरा रेबारियान में शामिल किया तो ग्रामीणों की ओर विरोध प्रदर्शन



सारंगवास गांव से पांच किमी दूरी पर मौजूद है। ऐसे ग्रामीणों को पंचायत कार्य के लिए पांच किमी दूर जाना पड़ेगा। जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानी होगी। इसलिए सारंगवास गांव को पूर्व की तरह आना पंचायत किया जाएगा। इस दौरान रमेश चौधरी, नारायणसिंह पुरोहित, रताराम चौधरी, श्रवण कुमार, राजू चौधरी, नेमाराम, डूंगाराम चौधरी, कलाराम, ओगड़राम, लखाराम, पुनाराम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## गोड़वाड़ कुमावत शिक्षा समिति
# 25वां प्रतिभावान सम्मान समारोह 11 को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** गोड़वाड़ कुमावत शिक्षा समिति का पच्चीसवां प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 11मई रविवार को सांडेराव-फालना सड़क मार्ग नवनिर्मित धर्मशाला परिसर में होगा। आयोजन को लेकर समाज बंधुओं के साथ समिति सदस्य तैयारियों में जुटे। शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष भुराराम मालवीय सांडेराव एवं महामंत्री पुनाराम रामीणा बागड़ी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि सांडेराव-फालना सड़क मार्ग पर समाज बंधुओं ने भामाशाहों के सहयोग से समिति के नाम से जमीन खरीद कर धर्मशाला का निर्माण कार्य करवाया गया है। इस बार इसी भूखंड पर 25वां प्रतिभावान सम्मान समोरह केबीनेट मंत्री जोराराम कुमावत के मुख्य अतिथि, पियुष मेड़तिया न्यायिक मजिस्ट्रेट नाथद्वारा, कालुराम कुम्हार उपखंड अधिकारी सुमेरपुर की अध्यक्षता होगा।

# बुजुर्ग को घर से बाहर निकाल लाठियों से पीटा

**पाली।** पाली में एक बुजुर्ग पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया, उसे बुरी तरह पीटा। घायल बुजुर्ग का कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने गांव में एक शादी समारोह में अफीम की मनुहार किए जाने की शिकायत पुलिस-प्रशासन को दी थी। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती घायल बुजुर्ग 62 चिमनाराम पुत्र स्वरूपराम ने बताया कि वह सिरियारी थाना क्षेत्र के बेरा निम्बड़िया (चेलावास) गांव में रहता है।

11 अप्रैल को गांव में शादी हुई। जिसमें अफीम की मनुहार हुई। इसकी जानकारी उसने पुलिस-प्रशासन को दी। इससे नाराज होकर उसके परिवार के लोगों ने कुछ ग्रामीणों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया और घर से बाहर निकालकर लाठियों से पीटा। जिससे वह घायल हो गया। अपने साथ



■ अफीम मनुहार की पुलिस शिकायत पर मारपीट, हॉस्पीटल में भर्ती

हुई घटना को लेकर उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# बाली में दो दिन में 25.5 मिमी बारिश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता रोहित चौधरी ने बताया कि बाली क्षेत्र में पिछले दो दिनों



में अच्छी बारिश दर्ज की गई है। पांच मई को 13 मिलीमीटर और छह मई को 12.5 मिलीमीटर वर्षा हुई। सोमवार की रात को लगभग डेढ़ घंटे तक बारिश का दौर जारी रहा। तेज हवाओं के साथ हुई इस बारिश के कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई है।

# हिंगलाज माताजी मंदिर का वार्षिक मेला 30-31 को

**देसूरी।** दातीवाड़ा में लारा भाखर की वादियों में स्थित श्री हिंगलाज माताजी मंदिर प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मेला महोत्सव एवं विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। समाज सेवी दिनेश चौधरी मुरखा ने बताया कि राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायिका नीता नायक, श्री जी राजपुरोहित, राकेश मंडोरा, भजन गायक सुरेश लौहार एंड पार्टी द्वारा भक्ति मय प्रस्तुतियां दी जाएगी। दो दिवसीय मेला महोत्सव में पारम्परिक वेशभूषा में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। मेले में विशाल भजन संध्या आकर्षक का केंद्र रहेगा। वहीं लारा भाखर में स्थित श्री हिंगलाज माताजी मंदिर एवं संत शिरोमणि जोधा महाराज की समाधि पर बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। वहीं संत शिरोमणि छोटू महाराज के सानिध्य में विशाल भजन संध्या, शोभायात्रा एवं महाप्रसादी का आयोजन होगा। सम्पूर्ण मेले के आयोजन कर्ता जीवाराम चौधरी सुपुत्र गमनाराम चौधरी जवल परिवार मुरखा के बैनर तले आयोजित होगा।

# सोमेसर : दो दिन से रिमझिम बारिश से गिरा तापमान

**सोमेसर।** सोमेसर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पिछले दो दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है। सोमवार की मध्यरात्रि से मंगलवार की सुबह तक हवाओं के साथ बूंदाबांदी होती रही। कभी रुक-रुक कर रिमझिम बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी रहा। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम सुहावना हो गया है। सोमवार को सुबह से दिन भर बादलों की घटा छाई रही। रात में हुई बूंदाबांदी और हवाओं के साथ हुई बारिश ने लोगों को राहत दी। इस दौरान कस्बे के बूसी गांव के मोती बाग में एक नीम का खोखला पेड़ तेज हवा के साथ गिर गया। स्थानीय लोगों का मानना है कि आकाशीय बिजली की वजह से पेड़ के तने में आग लग गई थी।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

(हायड्रोलिक इंजीनियर्स विभाग)

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा आईडी | **2025-एमसीजीएम-1175748 (प्रतिशत दर आधार पर)** |
| संस्था का नाम | **बृहन्मुंबई महानगर पालिका** |
| विषय | एई (एम) डब्ल्यू.डब्ल्यू सिटी-।। सेक्शन अंतर्गत मलाबार हिल रिजवॉयर-।। परिसर तथा वॉल्व गैलरी मलाबार हिल रिजवॉयर-।। में ऊर्जा सुविधाओं की रिलिंकिंग का कार्य। |
| जांच शुल्क | रु. 4283/- (3630+ 18% जीएसटी) |
| ई-निविदा लागत (अनुमानित लागत) | 20,61,354.39 |
| बोली प्रतिभूति/ईएमडी | रु. 21,000/- (ऑनलाइन भुगतान) |
| समय अवधि | 03 माह (मानसून सहित)। |
| निविदा जारी एवं विक्रय की दिनांक | 07.05.2025 को 11.00 बजे से |
| निविदा विक्रय अंतिम दिनांक व समय | 14.05.2025 को 12.00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी तथा सी (ऑनलाइन) तथा बोली प्रतिभूति जमा करना | 14.05.2025 को 16.00 बजे तक |
| प्री-बिड मीटींग | इस निविदा पर लागू नहीं |
| लिफाफा ए खुलना | 15.05.2025 को 16.05 बजे पश्चात |
| लिफाफा बी खुलना | 16.05.2025 को 16.10 बजे पश्चात |
| लिफाफा सी खुलना | 23.05.2025 को 15.00 बजे पश्चात |
| वेबसाइट | http://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | 1. श्रीमती टी.पी. घाडी (एसई): 9930260568<br>2. श्री पी.टी. शिंदे (एई) : 9930260509 |
| संपर्क हेतु पता | कार्यालय कार्यकारी अभियंता (मेंटेनेंस) मीटर वर्कशॉप, बीएमसी, 566, एन.एम. जोशी मार्ग, एस ब्रिज के पास, भायखळा (प), मुंबई 400011, ई-मेल आईडी: aewwmcity02.he@mcgm.gov.in |
| बोली खुलने का स्थान | कार्यालय कार्यकारी अभियंता (मेंटेनेंस) मीटर वर्कशॉप, बीएमसी, 566, एन.एम. जोशी मार्ग, एस ब्रिज के पास, भायखळा (प), मुंबई 400011 में ऑनलाइन |

**यह निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है।**

बीएमसी के पास किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या उक्त विषय में प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

हस्ता./-

PRO/336/ADV/2025-26 डीवाय. हायड्रोलिक इंजीनियर (मेंटेनेंस)

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।


# बजरी बंद होने से श्रमिकों को नहीं मिल रहा रोजगार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

## मजदूरों का घर चलाना हो रहा मुश्किल

**सुमेरपुर।** मारवाड़ निर्माण मजदूर संगठन, ठेकेदार संगठन के बैनर तले बजरी को कानूनी रूप से शुरू कराने को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। काफी वर्षों से बजरी बंद होने के कारण श्रमिकों में रोष भरा हुआ है। मारवाड़ निर्माण मजदूर संगठन के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि देश में निर्माण श्रमिकों की संख्या सबसे ज्यादा है व देश के विकास में इनका बड़ा सहयोग हैं। काफी श्रमिकों के आजीविका का मुख्य साधन मजदूरी हैं जो प्रति दिन कार्य करके अपना घर खर्च चला रहे हैं।



पर कुछ समय से बजरी को लेकर हाई कोर्ट में स्टे लगा होने के कारण राजस्थान में बजरी बंद कर रखी हैं। इस कारण मजदूरों को घर चलाना बहुत मुश्किल हो गया। हमारी मांग हैं कि सरकार बजरी को कानूनी रूप से शुरू करावें। ठेकेदार संगठन के उपाध्यक्ष भागीरथ खत्री ने बताया कि बजरी बंद होने के कारण काफी ठेकेदारों बहुत बड़ा नुकसान हुआ हैं। कितने ही ठेकेदार हैं जिन्होंने ठेके लेने के बाद बजरी बंद हो गई थी जिससे ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई। कितने ठेकेदारों को मजबूरी में कार्य छोड़ना पड़ा। इस समस्या से आमजन भी बहुत परेशानी में हैं। लोगों का मकान का निर्माण समय पर नहीं हो पा रहा हैं। ठेकेदार संगठन के महामंत्री सुभाष चंद्र ने बताया कि आज संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर अपेक्षा की हैं कि बजरी को लेकर हाईकोर्ट में लगा स्टे को हटाने के लिए पैरवी कर कानूनी रूप से बजरी को शुरू किया जाए। नदी के किनारे किसी की खातेदारी जमीन हो तो उसको लीज पर देकर बजरी को शुरू की जाए। बजरी आसानी से उपलब्ध कराने के अन्य स्रोतों को उपलब्ध कराने चाहिए। कोषाध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि सुमेरपुर राजस्थान के आठ जिलों व अन्य राज्यों से 35 हजार से अधिक लेबर प्रतिदिन कार्य करती हैं पर बजरी बंद होने के कारण सभी का रोजगार खत्म हो गया हैं। इस दौरान अधिवक्ता महिपाल सिंह राजपुरोहित, कार्यक्रम समन्वयक मुकेश योगी, भागीरथ कुमावत, मनोज, हरिराम, सूर्यप्रकाश, दानाराम कीर, शंकरलाल और धनाराम मौजूद रहे।

# पुटेर वाले बाबा का उर्स 11 को

**देसूरी।** कस्बे से कुछ दूरी पर स्थित दरगाह शरीफ अली अलैय पुटेर वाल बाबा के आस्ताने पर 11 मई रविवार को उर्स आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर उर्स कमेटी की ओर तैयारी की जा रही है। उर्स कमेटी अध्यक्ष इकबाल खा गौरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी 11 मई रविवार को पुटेर वाले बाबा की दरगाह पर उर्स भरा जाएगा। जिसमें शाम को दरगाह पर चादर शरीफ कार्यक्रम होगा। उसके बाद रात्रि में कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें प्रसिद्ध कव्वालों की ओर से कव्वाली प्रस्तुत की जाएगी। वहीं उर्स को लेकर कमेटी के सदस्यों की ओर तैयारी शुरू करते हुए, व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारी दी गई है। दूसरी तरफ उर्स के मौके पर दरगाह का रंगरोहन करने के साथ रोशनी से सजाया जा रहा है।

# पाली में 101 युवाओं ने किया रक्तदान

**पाली।** पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में नामदेव छीपा समाज की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 101 युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ रक्तदान किया। इस दौरान हॉस्पिटल में वाटर कूलर और एक्वागार्ड भी भेंट किया गया। ताकि मरीजों और उनके परिजनों को ठंडा पानी मिल सके। नर्सिंग ऑफिसर अरविंद राठौड़ व अविनाश राठौड़ ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर पाली ब्लड बैंक में रक्तदाताओं व मरीजों के लिए वाटर कूलर व एक्वागार्ड भेंट किया। जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, अतिरिक्त प्राचार्य व नियंत्रक विभाग अध्यक्ष डा. एचपी तोषनीवाल, बांगड़ हॉस्पिटल अधीक्षक डा.



एचएम चौधरी, ब्लड बैंक प्रभारी अधिकारी डा. मांगीलाल चौधरी, पाली नामदेव छीपा समाज सचिव राजा बाबू राठौड़ ने किया। इस दौरान मेहबूब भाई, पूरण परमार, रूपचंद खमयचा, नंदकिशोर राठौड़, सूरजमल डुंगरी, भवंर लाल खमयचा, सूर्य प्रकाश पाटनेचा, शुगन राज डुंगरी, किशोर डुंगरी, भवंरलाल भराडीया, लक्ष्मण डुंगरी, डा. राहुल सिंगी, भंवर कंवर, अरुण वर्मा, सलीम मोहम्मद, पदमसिंह राजपुरोहित, भगवान गोस्वामी, राजेश पाटनेचा आदि मौजूद रहे। यह रक्तदान शिविर स्वर्गीय तेजाराम राठौड़ की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित हुआ।

# ब्लैकआउट हुआ तो कैसे होगा मुकाबला

# केकेआर और चेन्नई के मैच पर संकट ?



**नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार बेहद सख्त हो गई है। पाकिस्तान पर कई मोर्चों पर कड़ी कार्रवाई करने के बाद सरकार ने सभी जिलों को मॉकड्रिल और ब्लैकआउट का अभ्यास करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को पूरे देश में मॉकड्रिल का आयोजन होगा और इस दौरान रात में कई जगह ब्लैकआउट का अभ्यास भी किया जाएगा। सवाल ये है कि इस अभ्यास का आईपीएल मैच पर क्या असर होगा? 7 मई को केकेआर और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच टक्कर होनी है और इस मुकाबले में अगर ब्लैकआउट कर दिया गया तो फिर कैसे ये मैच पूरा होगा? क्या इस मैच पर कोई खतरा है? आइए आपको बताते हैं।**

## रहाणे बनाम स्पिनर्स

▪ वैसे तो केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इस सीज़न के आईपीएल में तीन अर्धशतकों के साथ अच्छा फ़ॉर्म दिखाया है, लेकिन स्पिनर्स के सामने वह संघर्ष करते नज़र आए हैं। तेज़ गेंदबाज़ों के ख़िलाफ़ उनका औसत 104 ।5 तो स्पिनर्स के ख़िलाफ़ सिर्फ़ 16 ।9 है। यह आईपीएल 2025 में कम से कम 50 स्पिन गेंद खेलने वाले किसी भी बल्लेबाज़ का तीसरा सबसे कम औसत है। इसके अलावा वे स्पिनर्स पर सिर्फ़ 115 के स्ट्राइक रेट से रन बना पा रहे हैं। रहाणे की पुरानी टीम सीएसके में भी जडेजा और अश्विन जैसे स्पिनर हैं, जो उनको परेशान कर सकते हैं। जडेजा ने रहाणे को आईपीएल में सिर्फ़ एक बार आउट किया है, लेकिन रहाणे, उन पर सिर्फ़ 96 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। इसके अलावा सीएसके के दूसरे स्पिनर आर अश्विन ने भी आईपीएल में रहाणे को 11 में से छह पारियों में आउट किया है, जबकि रहाणे उन पर सिर्फ़ 102 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाए हैं।

## ब्लैकआउट का कोई असर नहीं

प ।बंगाल के कई जिलों में बुधवार को मॉकड्रिल और ब्लैकआउट का आयोजन होना है हालांकि इस लिस्ट में कोलकाता का नाम नहीं है। लेकिन अगर कोलकाता में ब्लैकआउट होता है तो भी इसका मैच पर कोई असर नहीं होना था, वो इसलिए क्योंकि कोलकाता के ईडन गार्डन्स में राज्य की बिजली का इस्तेमाल होता ही नहीं है। ईडन गार्डन्स दरअसल अपने जेनरेटर्स का इस्तेमाल करता है। डे-नाइट मैचों में इन्हीं के इस्तेमाल से ईडन गार्डन्स दूधिया रोशनी में नहाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक आईपीएल मैचों के दौरान क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल ईडन गार्डन्स में जेनरेटर्स किराए पर लेता है। ईडन गार्डन्स में चार लाइट टावर्स हैं जिनमें कुल 484 लाइट्स लगी हुई हैं। इससे कोई असर नहीं होगा।

## आईपीएल में केकेआर के लिए करो या मरो

आईपीएल के इस मुकाबले की बात करें तो चेन्नई सुपरकिंग्स पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। लेकिन केकेआर अब भी प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। केकेआर ने 11 में से 5 मैच जीते हैं। उसके तीन मुकाबले बचे हैं और तीनों में ही उसे जीत मिलती है तो इस टीम के 16 अंक हो जाएंगे और वो प्लेऑफ में जगह बना सकती है। इसलिए केकेआर के लिए सिर्फ चेन्नई ही नहीं उसके बाद होने वाले दो मैच भी करो या मरो वाले रहेंगे। एक हार मिलते ही केकेआर का आईपीएल 2025 से पत्ता साफ हो जाएगा।

**कोलकाता नाइटराइडर्स।** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉर्किया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नरेन, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

**चेन्नई सुपरकिंग्सः** एमएस धोनी (कप्तान), शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुडा, सैम करेन, रवींद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, अंशुल कंबोज, आर अश्विन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, जेमी ओवरटन, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, श्रेयस गोपाल, डेवोन कॉनवे, रचिन रवींद्र, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, सी आंद्रे सिद्धार्थ, उर्विल पटेल।

## एसआरएच प्लेऑफ से बाहर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला बारिश से धुल गया। इस मैच से पहले तक सनराइजर्स के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें एक धागे से लटकी हुई थीं। टीम को बाकी बचे चार मैचों में जीत हासिल करनी ही थी, लेकिन सोमवार को बारिश ने पूरा खेल बिगाड़ दिया। अच्छी गेंदबाजी कर दिल्ली को कम स्कोर पर रोकने के बाद सनराइजर्स की टीम उम्मीद कर रही थी कि वह जल्द मैच खत्म करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। बारिश के कारण दूसरी पारी का खेल नहीं हो सका और दोनों टीमों को एक-एक अंक बांटने पड़े। इसी के साथ सनराइजर्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। वहीं, दिल्ली की टीम के पास अब भी शीर्ष दो में जगह बनाने का मौका है। सोमवार को टीम की खराब बल्लेबाजी को बारिश ने बचा लिया और एक महत्वपूर्ण अंक उन्हें मिला। इस नतीजे के साथ अब लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। उन्हें बाकी बचे तीनों मैच में जीत दर्ज करनी ही होगी।

**▪ अब भी शीर्ष दो में जगह बना सकती है दिल्ली कैपिटल्स की टीम**

## आईपीएल में धोनी के लिए बदला नियम ?

**नई दिल्ली।** आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग है। इसने युवा खिलाड़ियों को अपने टैलेंट का प्रदर्शन करने के लिए एक बड़ा मंच दिया है। इसकी लोकप्रियता साल दर साल बढ़ती जा रही है, जिससे खिलाड़ियों की कमाई में भी इजाफा हुआ है। सिर्फ अनुभवी या इंटरनेशनल प्लेयर्स ही नहीं युवा और घरेलू क्रिकेट खेल रहे खिलाड़ी भी अब करोड़ों की कमाई करने लगे हैं। लेकिन इसे लेकर भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने चिंता जताई है। उनका मानना है कि अनकैप्ड खिलाड़ियों को बहुत ज्यादा पैसे नहीं दिए जाने चाहिए।

### भड़के सुनील गावस्कर, कहा- भारतीय क्रिकेट को नुकसान



### भारतीय क्रिकेट को नुकसान

सुनील गावस्कर का मानना है कि ज्यादा पैसे देने पर खिलाड़ियों के अंदर क्रिकेट के प्रति जुनून और भारत के लिए खेलने की भूख खत्म हो सकती है। उनके मुताबिक इससे किसी भी फ्रेंचाइजी को कोई फर्क नहीं पड़ता है। उनके लिए ये अच्छा हो सकता है, लेकिन इससे भारतीय क्रिकेट बर्बाद हो सकता है। गावस्कर का ये भी मानना है कि धोनी को लीग में बने रहने देने के लिए अनकैप्ड प्लेयर के नियमों में बदलाव हुआ। इसकी सीमा बढ़ाकर 4 करोड़ कर दी गई।

### कई खिलाड़ियों की भूख और जोश गायब

गावस्कर ने अपने कॉलम में लिखा, "बड़ी रकम में खरीदे जाने के बाद कई खिलाड़ियों की भूख और जोश गायब हो जाते हैं। फ्रेंचाइजी के लिए शायद यह कोई मायने नहीं रखता क्योंकि उन्हें लगता है कि यह अच्छा है। लेकिन भारतीय क्रिकेट का इससे काफी नुकसान होता है। कोई खिलाड़ी सफल हो या नहीं लेकिन उनके जाने से भारतीय क्रिकेट को फर्क पड़ता है। धोनी पिछले साल मेगा ऑक्शन से पहले अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए थे। उन्हें लीग में शामिल कर सीमा को बढ़ाकर 4 करोड़ कर दिया गया।"

# 'मुझसे उम्मीद ज्यादा थी'

### टीम इंडिया की कप्तानी छोड़ने पर विराट कोहली का बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।** विराट कोहली ने 2021 में वर्ल्ड कप के बाद टी20 कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उन्होंने अपनी आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तानी भी छोड़ दी थी। इसके एक साल बाद, दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद उन्होंने टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी। इस घटना के करीब 4 साल बाद अब विराट कोहली ने कप्तानी छोड़ने को लेकर बड़ा खुलासा किया है। कोहली ने 'आरसीबी बोल्ड डायरीज' पॉडकास्ट में कहा, 'एक समय ऐसा आया जब यह मेरे लिए बहुत मुश्किल हो गया था क्योंकि मेरे करियर में काफी कुछ घट रहा था। मैं 7-8 साल से भारत की कप्तानी कर रहा था। मैंने 9 साल तक आरसीबी की कप्तानी की। मैं जो भी मैच खेलता उसमें बल्लेबाजी में मुझसे काफी उम्मीद की जाती थी।'

### एक महीने बल्ला नहीं छुआ

' कोहली ने 2022 में क्रिकेट से एक महीने का ब्रेक लिया था और उस दौरान बल्ला नहीं छुआ था। उनके जीवन में एक समय ऐसा भी आया था, जब वह सार्वजनिक जीवन में खुश रहने के लिए संघर्ष कर रहे थे। स्टार बल्लेबाज ने कहा, 'इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ दी क्योंकि मुझे लगा अगर मुझे इस खेल में बने रहना है तो उसके लिए मेरा खुश रहना जरूरी है।'

### 'मैं कुछ भी करने को तैयार '

कोहली ने कहा, 'मुझे कभी पूर्ण मैच विजेता के रूप में नहीं देखा गया जो कहीं से भी खेल का रुख बदल सकता है। लेकिन मेरे पास यह बात थी कि मैं हार नहीं मानने वाला हूं। इसी बात का धोनी और कर्स्टन ने समर्थन किया।'



## आईसीसी रैंकिंग में भारत का जलवा

### पाकिस्तान का तीनों फॉर्मेट में बड़ा नुकसान

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टीमों की ताजा रैंकिंग जारी कर दी है, जिसमें पाकिस्तान को एक नहीं बल्कि तीनों फॉर्मेट में बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। पाक टीम को बहुत खराब प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ा है, जिससे टी20 रैंकिंग में उसे एक स्थान का नुकसान हुआ है। दूसरी ओर टीम इंडिया तीन में से 2 फॉर्मेट में विश्व की नंबर-1 टीम बनी हुई है।



### पाकिस्तान का बुरा हाल

टी20 रैंकिंग में पाकिस्तान टीम एक स्थान नीचे गिरकर आठवें स्थान पर आ गई है, वहीं श्रीलंका उसे पछाड़ कर 7वें नंबर पर पहुंच गई है। वनडे रैंकिंग में पाक पांचवें स्थान पर है, यहां भी श्रीलंका से उसे पटखनी देते हुए चौथे स्थान पर कब्जा जमाया है। टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान 7वें स्थान पर है।

# मनोरंजन

## पंजाबी रॉयल लुक में नजर आए दिलजीत दोसांझ



दिलजीत दोसांझ ने इस साल शाहरुख खान, कियारा आडवाणी के साथ मेट गाला में डेब्यू किया है। दिलजीत दोसांझ साल की सबसे बड़ी फैशन नाइट के लिए महाराजा बन गए। उनका आउटफिट प्रबल गुरुंग ने डिजाइन किया था। सफेद पगड़ी और सफेद आउटफिट में दिलजीत दोसांझ बिल्कुल शाही अंदाज में नजर आए। उन्होंने अपने लुक को ज्वैलरी से पूरा किया। दिलजीत दोसांझ ने अपनी पंजाबी जड़ों को बनाए रखने का कोई मौका नहीं छोड़ा। उनके लंबे सफेद कैप पर पंजाबी अक्षर लिखे हुए थे। उन्होंने तलवार भी ली हुई थी जो उनके शाही लुक पर चार चांद लगा रही थी। बता दें कि इस साल के मेट गाला का टॉपिक है सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल यह मोनिका एल मिलर की किताब स्लेव्स टू फैशनः ब्लैक डैंडीज्म एंड द स्टाइलिंग ऑफ ब्लैक डायस्पोरिक आइडेंटिटी से इंस्पायर्ड है, जो 2009 में छपी थी। इस साल के मेट गाला का ड्रेस कोड टेलर्ड फॉर यू है। यह दो दशकों से ज्यादा समय में पहला मेट गाला है जो खासतौर से मेन्सवियर पर फोकस्ड है। गाला कमिटी के सदस्य अशर ने कहा, इस साल की थीम न केवल समय के हिसाब से है बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति को भी दिखाती है, जिसका हमेशा जश्न मनाया जाना चाहिए। मेट का। कहना है कि यह शो 18वीं शताब्दी से लेकर आज तक के ब्लैक स्टाइल की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परीक्षा को डैंडीज्म के लेंस के जरिए पेश करता है।

## सितारे जमीन पर से आमिर ने लांच किए दस नए चेहरे

सितारे जमीन पर का पोस्टर आते ही लोगों को इस फिल्म की पहली झलक मिल गई है। पोस्टर देखकर ये समझ आ गया है कि आमिर खान इस बार भी कुछ अलग कहानी लेकर आ रहे हैं जो फैन्स के दिलोदिमाग पर अपना असर छोड़ सकती है। सबसे बड़ी बात यह है कि आमिर खान काफी समय बाद बड़े पर्दे पर इस फिल्म के जरिए लौट रहे हैं। जिस तरह पहली फिल्म लोगों के दिलों में खास जगह रखती है, वैसे ही ये आमिर खान के करियर की पहली सीक्वल फिल्म है और वो भी तीन दशकों में पहली बार। आमिर खान ने अब तक कभी किसी फिल्म का सीक्वल नहीं किया। इंडियन सिनेमा को कई ब्लॉकबस्टर देने के बावजूद वो किसी भी सीक्वल का हिस्सा नहीं बने, लेकिन सितारे जमीन पर उनकी फिल्मोग्राफी की पहली सीक्वल फिल्म होगी, जो इसे और भी खास बना देती है। सितारे 2007 में आई तारे जमीन पर की स्पिरिचुअल सीक्वल है। उस फिल्म में ईशान नाम के 8 साल के बच्चे की कहानी दिखाई गई थी, जो कला में बेहद प्रतिभाशाली था लेकिन डिस्लेक्सिया से जूझ रहा था। उसके नए आर्ट टीचर निकुंभ (आमिर खान) को उसकी ये परेशानी समझ आती है। ये फिल्म लोगों के दिलों को छू गई थी और आज भी हमारी यादों में खास जगह बनाए हुए है। इसके अलावा, सितारे जमीन पर के जरिए आमिर खान प्रोडक्शंस 10 नए चेहरों को लॉन्च कर रहा है। इनमें आरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शहानी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर शामिल हैं। इस फिल्म का निर्देशन आर एस प्रसन्ना ने किया है, आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी सितारे जमीन पर में आमिर खान और जेनेलिया डिसूज़ा अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के गाने अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और म्यूजिक दिया है शंकर-एहसान लॉय ने। इसकी स्क्रिप्ट दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है।



## प्रियंका चोपड़ा के साथ मेट गाला में हो गया झोल



मेट गाला में शामिल होना हर एक सेलेब के लिए खास बात होती है। इसके प्रेस्टीजियस रेड कार्पेट के लिए सेलेब्स खूब तैयारी करते हैं। बड़े बड़े डिजाइनर्स स्टार्स का लुक फाइनल करते हैं लेकिन कई बार किसी स्टार के मामले में कुछ चीजें रिपीट भी हो जाती हैं। आप सोच रहे होंगे ये झोल किसके साथ हो गया। बता दें कि ये झोल प्रियंका चोपड़ा के साथ हो गया। सोशल मीडिया पर प्रियंका की एक पुरानी तस्वीर वायरल हो रही है। इस तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा पोलका डॉट प्रिंट की ड्रेस पहने दिख रही हैं। उनके साथ शाहरुख खान हैं जो कि ब्लैक आउटफिट में दिख रहे हैं। ये तो नहीं पता कि ये तस्वीर किस समय की है हो सकता कि डॉन-2 की शूटिंग के दौरान की हो या फिर किसी इवेंट की हो। लेकिन लेटेस्ट तस्वीर मेट गाला 2025 की है। लेटेस्ट तस्वीर में भी प्रियंका ने सेम प्रिंट की ड्रेस पहनी है। दोनों ड्रेसेज का स्टाइल अलग है। लेटेस्ट फोटो में प्रियंका ने ड्रेस को कॉम्पलिमेंट करते हुए एक बड़ी हैट, ग्लव्ज पहने हुए हैं। दोनों ही ड्रेसेज में एक और फर्क ये है कि पहली फोटो जिसमें शाहरुख साथ हैं वो थोड़ा कैजुअल टाइप लुक लग रहा है वहीं लेटेस्ट में लुक बिल्कुल फॉर्मल टाइप है। बाकी प्रियंका के तो क्या ही कहने। खूबसूरत तो वो दोनों ही तस्वीरें में बराबर लग रही हैं। निक और प्रियंका दोनों ही व्हाइट आउटफिट्स में एक दूसरे के साथ मैचिंग करते नजर आए। बॉलीवुड की तरफ से बात करें तो फैन्स को अब देसी गर्ल की एसएसएमबी का इंतजार है।

## नेटफ्लिक्स पर फिर खेला जाएगा मौत का खेल




नेटफ्लिक्स की बहुचर्चित फिल्म स्क्विड गेम के तीसरे सीजन की घोषणा हो चुकी है। इस वेब सीरीज का दूसरा सीजन पिछले साल रिलीज हुआ था, जिसने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। ऐसे में स्क्विड गेम 3 को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड थे। वेब सीरीज के मेकर्स ने एक टीजर रिलीज कर स्क्विड गेम की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। वेब सीरीज के टीजर को देखकर कहा जा सकता है कि इस बार स्क्विड गेम 3 की कहानी और भी ज्यादा रोमांच देखने को मिलेगा। इतना ही नहीं स्क्विड गेम 3 के टीजर को देखकर कह जा सकता है कि वेब सीरीज में सियॉन्ग गि-हुन (ली जंग-जे) और फ्रंट मैन (ली ब्युंग-हुन) के बीच नई रणनीति देखने को मिलेगी। स्क्विड गेम 3 के टीजर में गि-हुन अब और भी ज्यादा मुश्किलें गेम्स और हालातों से निपटका हुआ दिखाई देगा। इसके अलावा वेब सीरीज के टीजर में कुछ नए चेहरे अपने नए किरदार में नजर आने वाले हैं। सोशल मीडिया पर स्क्विड गेम 3 का टीजर तेजी से वायरल हो रहा है। वेब सीरीज का इंतजार कर रहे दर्शक टीजर को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। आपको बता दें कि स्क्विड गेम ली जंग-जे के सेओंग गी-हुन उर्फ खिलाड़ी 456 की कहानी को दिखाती है, जो कर्ज चुकाने के लिए अनजाने में सीजन 1 में गेम में प्रवेश करता है। पिछले साल रिलीज हुए सीजन 2 में, ली सिस्टम को खत्म करने के लिए अपनी इच्छा से गेम में एंट्री करता है, लेकिन फ्रंटमैन, जिसका किरदार ली ब्युंग-हुन ने निभाया है, उसके लिए मुश्किलें खड़ी कर देता है।

## विराट कोहली के एक लाइक से अवनीत कौर बनीं करोड़पति?

जब कोहली के वैरिफाइड इंस्टाग्राम अकाउंट से अवनीत कौर की एक बोल्ड फोटो पर लाइक आया तो इसके स्क्रीनशॉट कुछ ही घंटों में वायरल हो गई। इससे एक्साइटमें, मीम्स और फैन पेजों पर भारी ट्रैफिक बढ़ गया। ट्रेंडिंग टैग की बदौलत उनके इंस्टाग्राम फॉलोइंग की संख्या 30 मिलियन से बढ़कर 31.8 मिलियन हो गई] जो ऑनलाइन सेलिब्रिटी कोलैब की रीच को साबित करता है। डिजिटल फर्म बजक्राफ्ट ने खुलासा किया कि उनकी स्पॉन्सर्ड पोस्ट का रेट रातोंरात 2 लाख से बढ़कर 2.6 लाख हो गई। यह बढ़त सफल और इफेक्टिव मार्केटिंग केस स्टडी को दिखाती है। इसके तीन दिन के अंदर अवनीत के पास 12 ब्यूटी और फैशन ब्रैंड्स के कोलैब के ऑफर आए हैं। इनकी कीमत भी लाखों में है। फैन्स ने एक्स (पहले ट्विटर) और



इंस्टाग्राम पर मीम्स, एडिट्स और यहां तक कि अनुष्का शर्मा को टैग करना शुरू कर दिया और ऐसे कमेंट्स की बाढ़ ला दी। इससे ये मामला हर जुबान पर चढ़ गया। कोहली ने इंस्टाग्राम के ऑटो-लाइक एल्गोरिदम को दोषी ठहराया लेकिन चर्चा तेज हो गई। इस चर्चा की वजह से अवनीत को काफी फायदा हुआ।



# महाराष्ट्र में निकाय चुनाव को लेकर 'सुप्रीम' फैसला

## चार हफ्ते में अधिसूचना जारी करे चुनाव आयोग

### 2022 में यथास्थिति बनाए रखने का दिया था निर्देश

- 22 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग व महाराष्ट्र सरकार को निकायों की चुनाव प्रक्रिया के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था। इससे पहले महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें उस आदेश को वापस लेने की मांग की गई थी जिसमें राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया गया था कि नई आरक्षण नीति उन 367 स्थानीय निकायों पर लागू नहीं होगी जहां चुनाव प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है।



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र निकाय चुनाव को लेकर फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र चुनाव आयोग को निर्देश दिए हैं कि वह चार सप्ताह के भीतर राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना जारी करे। पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य चुनाव आयोग चार महीने में चुनाव संपन्न कराए। पीठ ने राज्य चुनाव आयोग को उचित मामलों में अधिक समय मांगने की स्वतंत्रता प्रदान की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हमारी राय में स्थानीय निकायों के समय पर चुनावों के माध्यम से जमीनी स्तर पर लोकतंत्र के संवैधानिक जनादेश का सम्मान किया जाना चाहिए और इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण का विवादास्पद मुद्दा वैसा ही रहेगा जैसा 2022 की बनठिया आयोग की रिपोर्ट से पहले था। शीर्ष अदालत ने बनठिया आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। इस रिपोर्ट में ओबीसी पर सटीक आंकड़े तय करने के लिए जनगणना और महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों में इस वर्ग के लिए 27 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने की सिफारिश की गई थी। पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव के परिणाम सर्वोच्च न्यायालय में लंबित याचिकाओं के निर्णयों के अधीन होंगे।

### 2021 में भी सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया था फैसला

इससे पहले दिसंबर 2021 में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए आरक्षण की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि सरकार शीर्ष अदालत के 2010 के आदेश में निर्धारित ट्रिपल टेस्ट को पूरा नहीं करती। कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि जब तक ट्रिपल टेस्ट मानदंड पूरा नहीं हो जाता, तब तक ओबीसी सीटों को सामान्य श्रेणी की सीटों के रूप में फिर से अधिसूचित किया जाएगा। ट्रिपल टेस्ट के लिए राज्य सरकार को प्रत्येक स्थानीय निकाय में ओबीसी के पिछड़ेपन पर डेटा एकत्र करने, आयोग की सिफारिशों के आलोक में प्रत्येक स्थानीय निकाय में आरक्षण के अनुपात को निर्दिष्ट करने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित आयोग का गठन करने की आवश्यकता थी कि ऐसा आरक्षण एससी/एसटी/ओबीसी के लिए आरक्षित कुल सीटों के 50 प्रतिशत से अधिक न हो।

### चुनाव आयोग को दी थी चेतावनी

शीर्ष अदालत ने 28 जुलाई 2022 को राज्य चुनाव आयोग को चेतावनी दी थी कि अगर उसने स्थानीय निकायों के लिए चुनाव प्रक्रिया को फिर से अधिसूचित किया तो उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले राज्य सरकार स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला अध्यादेश लेकर आई थी।

**मुख्यमंत्री का गुजरात दौरा**

# मुख्यमंत्री ने किए मां नर्मदा के दर्शन


**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने गुजरात प्रवास के दौरान सोमवार को केवड़िया में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा के साथ पावन नर्मदा नदी के तट पर स्थित मां नर्मदा के दैवीय स्वरूप के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। शर्मा ने इस दौरान मां नर्मदा से प्रदेशवासियों का जीवन सुख-समृद्धि और खुशहाली से परिपूर्ण होने की कामना की। इसके पश्चात शर्मा एवं नड्डा ने नर्मदा नदी के किनारे स्थित विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' स्थल पहुंचकर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। शर्मा ने कहा कि स्व। पटेल की यह भव्य प्रतिमा भारत के एकीकरण के महानायक के अतुलनीय साहस, दूरदर्शिता एवं राष्ट्रप्रेम का जीवंत प्रतीक है। इस दौरान केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं सांसद मदन राठौड़ भी मौजूद रहे।



'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

### मेरा मानसिक संतुलन नहीं बिगड़ा : गहलोत



राजस्थान सीएम भजनलाल शर्मा को सलाह देते हुए अशोक गहलोत ने कहाकि मुख्यमंत्री को चाहिए कि शासन पर ध्यान दें। सरकार की स्थिति अच्छी नहीं है। भयंकर भ्रष्टाचार हो रहा है, काम नहीं हो रहे, सरकार किस दिशा में जा रही है किसी को नहीं पता। मैं पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम भजनलाल शर्मा को विश्वास दिलाता हूं कि मेरा मानसिक संतुलन बिल्कुल नहीं बिगड़ा है। महात्मा गांधी ने कहा था कि मैं सेवा करने के लिए 125 साल जिंदा रहना चाहता हूं, और मैं कह रहा हूं मैं कम से कम 100 साल जिंदा रहना चाहता हूं, ताकि राजस्थानवासियों की सेवा कर सकूं। जिसकी भावना इतनी बड़ी हो कि वह 100 साल तक सिर्फ सेवा करने के लिए जीवित रहना चाहता है, उसका मानसिक संतुलन हमेशा कायम रहेगा। अशोक गहलोत ने कहा कि मेरी आलोचना के साथ साथ सलाह भी होती है। मेरा अपना अनुभव है तो मेरी ड्यूटी बनती है कि मैं चाहे सत्ता पक्ष हो चाहे विपक्ष हो, अगर मैं बात कहूं तो वो सिर्फ आलोचना करने के लिए नहीं बल्कि उसमें सलाह भी होती है।

### मानसिक संतुलन खो चुके पूर्व मुख्यमंत्री

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा भाजपा के प्रशिक्षण शिविर को लेकर दिए गए बयान पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि "पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मानसिक संतुलन अब पूरी तरह बिगड़ चुका है।" यह बयान उस समय आया जब अशोक गहलोत ने भाजपा नेताओं के केवड़िया में हो रहे प्रशिक्षण शिविर को लेकर कटाक्ष किया था। भजनलाल शर्मा ने अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अपने जीवन में सकारात्मक विचारों को अपनाना चाहिए था। यदि उन्होंने ऐसा किया होता, तो आज उनकी यह स्थिति नहीं होती।

# गोधरा ट्रेन अग्निकांड के दोषियों की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कुछ दोषियों की इस जोरदार दलील को खारिज कर दिया कि दो न्यायाधीशों की पीठ दोषसिद्धि के खिलाफ उनकी अपील पर सुनवाई नहीं कर सकती क्योंकि यह मामला 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड में 11 अभियुक्तों को मृत्युदंड दिए जाने से संबंधित है। दो दोषियों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ को बताया कि लाल किला आतंकवादी हमला मामले में यह माना गया है कि मौत की सजा देने से संबंधित मामलों की सुनवाई तीन न्यायाधीशों की पीठ को करनी चाहिए। लाल किला आतंकवादी हमला मामले में मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक को मौत की सजा सुनाई गई थी। वरिष्ठ वकील ने कहा, ''मान लीजिए, दो न्यायाधीशों की यह पीठ कुछ आरोपियों को मौत की सजा देने का फैसला करती है तो इस पर तीन न्यायाधीशों की एक अन्य पीठ के सामने फिर से बहस करनी होगी।'' सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने सितंबर 2014 के अपने फैसले में निष्कर्ष निकाला था कि जिन मामलों में हाई कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई है, ऐसे सभी मामलों को तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाना चाहिए।

### नियम के तहत हुई थी सुनवाई

पीठ ने दलील को खारिज करते हुए शीर्ष अदालत के प्रासंगिक नियमों तथा फैसले का हवाला दिया और कहा कि तीन न्यायाधीशों की पीठ को उन मामलों में अपील सुननी होती है, जहां हाई कोर्ट ने या तो मौत की सजा की पुष्टि की हो या पक्षों की अपील सुनने के बाद फैसला दिया हो। न्यायमूर्ति माहेश्वरी ने कहा, ''मौजूदा मामले में गुजरात हाई कोर्ट ने 11 दोषियों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदला था और मृत्युदंड नहीं दिया था इस मामले में मौत की सजा अधीनस्थ अदालत ने सुनाई थी।'' उन्होंने यह भी कहा कि नियम और सुप्रीम कोर्ट का निर्णय मौजूदा मामले में इस बात पर रोक नहीं लगाता कि दो न्यायाधीशों की पीठ को अपील पर सुनवाई नहीं करनी चाहिए। पीठ ने कहा, "दलील को खारिज किया जाता है।" इसने मामले में अंतिम सुनवाई शुरू की। इससे पहले 24 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में गुजरात सरकार और कई अन्य दोषियों द्वारा दायर याचिकाओं पर छह तथा सात मई को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा।"

# नहर विवाद पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## पंजाब-हरियाणा को सहयोग करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब व हरियाणा सरकारों को निर्देश दिया कि वे सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद को सुलझाने के लिए केंद्र का सहयोग करें। मामले में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ को बताया गया कि इस मसले का समाधान आपसी बातचीत से निकालने के लिए उसने जरूरी कदम उठाए हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि हम दोनों राज्यों को निर्देश देते हैं कि वे केंद्र सरकार के साथ मिलकर समाधान निकालें। केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि हमने मध्यस्थता की कोशिश की है, लेकिन अब राज्यों को भी ईमानदारी से सहयोग करना होगा।

### सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद

सतलुज-यमुना नहर का उद्देश्य रावी और ब्यास नदियों का पानी दोनों राज्यों में बराबर बांटना है। इस 214 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित नहर में से 122 किलोमीटर पंजाब में और 92 किलोमीटर हरियाणा में बननी थी। जहां हरियाणा ने अपनी ओर नहर का निर्माण पूरा कर लिया है, लेकिन पंजाब ने 1982 में काम शुरू करने के बाद बाद में इसे रोक दिया। गौरतलब है कि यह विवाद पिछले कई दशकों से चला आ रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी 2002 को हरियाणा के हक में फैसला सुनाते हुए पंजाब को अपनी सीमा में नहर बनाने का आदेश दिया था।

# लू-तापघात प्रबंधन का सघन निरीक्षण अभियान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य में लू-तापघात की स्थितियों के दृष्टिगत दवाओं की निर्बाध एवं समुचित आपूर्ति तथा चिकित्सा उपकरणों की क्रियाशीलता को लेकर राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की ओर से ग्रीष्मकालीन सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के लिए 27 टीमों का गठन किया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश में लू-तापघात की स्थितियों में आमजन के स्वास्थ्य को लेकर पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों की अनुपालना में चिकित्सा मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लू-तापघात से बचाव एवं उचपार आदि के संबंध में जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि ने बताया कि राज्य में हीटवेव की सम्भावनाओं को देखते हुए ग्रीष्मकालीन सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। निगम में कार्यरत विशेषाधिकारी, समस्त कार्यकारी निदेशक, लेखाधिकारी तथा जिला औषधि भण्डार गृह के प्रभारी अधिकारी को जिलों का आवंटन कर यह निरीक्षण करवाए जाएंगे। इसके लिए दो सदस्यीय 27 टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें निरीक्षण कर जिले में औषधियों, उपकरणों की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता को लेकर 30 मई, 2025 तक अपनी विस्तृत रिपोर्ट देंगी। समस्त टीमों द्वारा न्यूनतम एक भण्डार गृह, एक जिला चिकित्सालय एवं एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया जाएगा।



- हर जिले में दवा आपूर्ति एवं उपकरणों का होगा निरीक्षण
- दो सदस्यीय 27 टीमों का गठन

# आईपीएस के बच्चों से छेड़छाड़ का आरोप

## बेटी से अभद्रता, संदिग्धों में आयकर अफसर भी



**बंगलूरू।** हाल ही में बंगलूरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल मैच के दौरान एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के बच्चों के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई थी। शिकायत के बाद अब यौन उत्पीड़न और धमकी का मामला दर्ज किया गया है। संदिग्धों में से एक वरिष्ठ आयकर अधिकारी भी शामिल था। पुलिस ने बताया कि घटना 3 मई को रात करीब 9.40 बजे प्रीमियम सीटिंग एनक्लोजर डायमंड बॉक्स में हुई, जब आरसीबी और सीएसके के बीच मैच खेला जा रहा था।

### बेटे-बेटी से दुर्व्यवहार का आरोप

- शिकायतकर्ता आईपीएस अधिकारी की पत्नी के मुताबिक दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनके 22 साल के बेटे के साथ दुर्व्यवहार किया। उनकी 26 साल की बेटी को गलत तरीके से छुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि अज्ञात दंपती जोर-जोर से चिल्ला रहे थे, धमकी दे रहे थे और उनके बच्चों को परेशान कर रहे थे।

# बिहार : पूर्व एमएलसी के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**पटना।** बिहार में भाजपा के पूर्व एमएलसी तुनाजी पांडे के खिलाफ गैर जमानत वारंट जारी किया गया है। सिविल जज सीनियर डिविजन रश्मि गोयल ने चंपावत एसपी और सिवान (बिहार) के एसएसपी को पूर्व एमएलसी को गिरफ्तार करने के आदेश दिए हैं। पूर्व एमएलसी वर्ष 2018 में हुए चेक बाउंस के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहे थे। वादी धनसिंह ने बताया कि 2018 में अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट क्षेत्र में पीएमजीएसवाई के तहत सड़क निर्माण का ठेका लिया था। काम पूरा होने के बाद वादी को दस-दस लाख रुपए के दो चेक दिए गए, जो बाउंस हो गए।

# राजस्थान में तेज बारिश का अलर्ट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान के दक्षिणी हिस्सों में सोमवार देर रात तेज बारिश हुई। इससे पहले मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों के लिए रेड अलर्ट जारी किया था। फिलहाल राज्य के उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में एक चक्रवाती तंत्र सक्रिय है, जिसके प्रभाव से बुधवार को कई जिलों में तेज आंधी और भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान के जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, अजमेर और कोटा संभाग के साथ ही पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर और जोधपुर संभाग में वर्षा का पूर्वानुमान जारी किया है। बांसवाड़ा, बारां, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सिरोही, उदयपुर, बाड़मेर, जालोर, जोधपुर, नागौर और पाली जिलों में 50 से 70 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी, वज्रपात और बारिश की आशंका के चलते ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार सवेरे राज्य के कई जिलों में जोरदार बारिश दर्ज की गई, जिसमें सबसे अधिक वर्षा पाली जिले में हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का सिलसिला जारी रह सकता है। प्रदेश में मौसम में आए इस बदलाव से लू से बड़ी राहत मिली है। जहां कुछ दिन पहले अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, वहीं अब पिछले 24 घंटों में यह गिरकर 36.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।



तापमान सामान्य से 15 डिग्री तक लुढ़का

# हैदराबाद : घर में मिले पिता और दो बच्चों के शव

**हैदराबाद।** कोंडापुर इलाके में एक घर से पिता और उसके दो बच्चों के शव मिले हैं। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे फोन आया। जिसमें कमरे से सड़ी हुई गंध आने की सूचना दी गई। मौके पर पहुंचने पर हमने पाया कि दो बच्चे और उनके पिता की मौत हो गई थी। मृतक की पहचान लैब कर्मचारी सुभाष के रूप में हुई और उसके बच्चे 13 वर्षीय ऋत्विक और 9 वर्षीय आराध्या थे। संदेह है कि पिता ने अपने बच्चों की हत्या की और फिर खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका पत्नी से विवाद था। पुलिस ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

# राजस्थान-ओडिशा में नए हवाई अड्डों की मंजूरी

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने राजस्थान के कोटा और ओडिशा के पुरी में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। कोटा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का संसदीय क्षेत्र है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कोटा में प्रस्तावित हवाई अड्डा न केवल शैक्षिक और औद्योगिक केंद्र के रूप में प्रसिद्ध कोटा शहर, बल्कि हाड़ौती क्षेत्र की बढ़ती आबादी और आर्थिक गतिविधियों के लिए उपयोगी होगा। पुरी में हवाई अड्डे की स्थापना का निर्णय धार्मिक पर्यटन, क्षेत्रीय विकास और समग्र कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा। नागरिक उड्डयन मंत्री के। राममोहन नायडू ने इन दोनों परियोजनाओं को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागरिक उड्डयन बाजारों में से एक है और यहां 150 से अधिक परिचालन हवाई अड्डे हैं। यह निर्णय देश में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।



# केंद्रीय मंत्री ट्रेन से लापता!

**जबलपुर।** केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव दिल्ली से जबलपुर जा रहे थे। वे अचानक ट्रेन से गायब हो गए। यह घटना शनिवार रात को हुई। रविवार सुबह वे दमोह में अपनी सीट पर नहीं मिले। रेलवे ने तुरंत खोज अभियान शुरू किया। तीन घंटे बाद, वे सिहोरा स्टेशन पर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में मिले। उनके हाथ-पैर में चोटें आई थीं।

## बर्थ खाली, 3 घंटे तक रेलवे और अधिकारियों ने ढूंढा



### चलती ट्रेन में चढ़ते समय लगी चोट

- सूत्रों के अनुसार, मंत्री सुबह 3:45 बजे दमोह स्टेशन पर उतरे थे। उस समय उनका शुगर लेवल कम हो गया था। ट्रेन चलने लगी और वे उसमें चढ़ने लगे। चढ़ते समय उनका पैर फिसल गया और उन्हें चोट लग गई। उसी समय दूसरे प्लेटफॉर्म पर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस आई। मंत्री उसी में बैठ गए।

### मंत्री के पीए ने दी जानकारी

- मंत्री के पीए ने बताया कि वे हरदुआ से लापता हुए थे। बाद में पता चला कि ट्रेन वहां रुकी ही नहीं थी। सुबह 6:55 बजे मंत्री सिहोरा स्टेशन पर मिले। उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया फिर उन्हें जबलपुर लाया गया। रेलवे के सीनियर डीएसीएम डॉ. मधुर वर्मा और सिहोरा में आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजीव खरब ने कहा कि सूचना मिलते ही स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया था। जबलपुर पहुंचते ही मंत्री को सुरक्षा दी गई। इस पूरे घटनाक्रम पर मंत्री जुएल उरांव की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में बैठे मिले मंत्री उरांव

केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव गोंडवाना एक्सप्रेस से दिल्ली से जबलपुर जा रहे थे। शनिवार की रात वे हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से रवाना हुए थे। रविवार की सुबह दमोह में उनकी बर्थ खाली मिली। इससे हड़कंप मच गया। रेलवे ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। लगभग 3 घंटे तक खोजबीन की गई। इसके बाद वे 162 किमी दूर सिहोरा स्टेशन पर मिले। वे संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के कोच बी3 में बर्थ नंबर 57 पर थे।

# नवीकरणीय ऊर्जा के क्षितिज पर चमकता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सौर ऊर्जा का सूर्य निश्चित तौर पर देश के पश्चिमी राज्य राजस्थान में चमक रहा है। सूर्य भगवान की विशेष कृपा से प्रदेश की सुनहरी रेतीली धरती में सौर ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, जिनके दोहन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहले दिन से ही निरंतर प्रयासरत हैं। राजस्थान को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य की दिशा में पीएम-कुसुम योजना के माध्यम से एक बड़ी कामयाबी मिली है तथा राजस्थान ऐसा अग्रणी राज्य बन गया है जहां इस योजना के कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी के अन्तर्गत सौर ऊर्जा उत्पादन 1 हजार मेगावाट से अधिक हो गया है। सौर ऊर्जा का उपयोग कर किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति की दिशा में भी राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है जिससे आज प्रदेश में 1 लाख 70 हजार से अधिक किसानों को दिन में बिजली सुलभ होने लगी है। पीएम कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी के तहत ही 560 ग्रिड कनेक्टेड विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर 70 हजार से अधिक कृषि उपभोक्ताओं को दिन में बिजली दी जा रही है। वहीं इस योजना के कम्पोनेंट-बी में लगभग 1 लाख किसानों के कृषि पम्पों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जा चुका है। राज्य द्वारा योजना के सफल क्रियान्वयन को देखते हुए भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुसुम-ए में दो बार में कुल 6 हजार मेगावाट क्षमता के संयंत्रों के अतिरिक्त आवंटन को स्वीकृति दी है।

- कुसुम योजना में 1 हजार मेगावाट ऊर्जा उत्पादन क्षमता का कीर्तिमान
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सौर ऊर्जा क्रांति का बना साक्षी
- 1 लाख 70 हजार से अधिक किसानों को दिन में मिलने लगी बिजली

### हर दिन ग्रिड से जुड़ रहा एक नया सौर ऊर्जा संयंत्र

- पूर्ववर्ती सरकार के अंतिम तीन सालों में 92 प्लांट ही स्थापित किए जा सके थे। वहीं आज प्रदेश में कम्पोनेंट-सी में लगभग हर दिन औसतन एक नया सौर ऊर्जा संयंत्र ग्रिड से जुड़ रहा है। बीते 6 माह में प्लांटों के क्रियाशील होने की गति में और तेजी आई है। इस अवधि में कम्पोनेंट-ए में 183 मेगावाट क्षमता के 134 तथा कम्पोनेंट-सी में 514 मेगावाट क्षमता के 196 प्लांट स्थापित हुए हैं।

### अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बन रहे किसान

- योजना के तहत यह प्लांट मुख्यतः राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हो रहे हैं जहां कृषि कनेक्शन अधिक संख्या में हैं। खेत के समीप भूमि पर लग रहे अधिकतम 5 मेगावाट क्षमता तक के इन सौर ऊर्जा संयंत्रों से किसानों को खेती से जुड़े कार्यों के लिए दिन में बिजली सुलभ होने लगी है। योजना में फीडर लेवल सोलराइजेशन के अन्तर्गत 33/11 केवी ग्रिड सब स्टेशन के लगभग 5 किलोमीटर के दायरे में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाने का प्रावधान है। कंपोनेंट-ए में अधिकतम 2 मेगावाट क्षमता तक तथा कंपोनेंट-सी में अधिकतम 5 मेगावाट क्षमता तक के ग्रिड कनेक्टेड सोलर प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं। कंपोनेंट-सी में सौर संयंत्र की स्थापना पर भारत सरकार लागत का अधिकतम 30 प्रतिशत (अधिकतम 1 करोड़ 5 लाख रुपए प्रति मेगावाट) तक अनुदान देती है।